जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in ₹4

वर्ष 21 | अंक-219 | मुंबई, शुक्रवार, 7 मार्च 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य

आईपीएल 2025 के शेड्यूल में होगा बदलाव ! ..पेज 11








# भाषा पर भिड़ा पक्ष-विपक्ष

## विधानसभा में 'मराठी भाषा' पर बहस



### मराठी राज्य की संस्कृति और पहचान : फडणवीस



मुंबई। मराठी भाषा को लेकर आरएसएस नेता भैयाजी जोशी की टिप्पणी के बाद महाराष्ट्र में भाषा को लेकर विवाद हो गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में जोर देकर कहा कि कहा, 'मुंबई, महाराष्ट्र और राज्य सरकार की भाषा मराठी है और यहां रहने वाले लोगों को इसे सीखना चाहिए। मराठी राज्य की संस्कृति और पहचान का हिस्सा है और इसे सीखना हर नागरिक का कर्तव्य है'।

मुख्यमंत्री के बयान के बाद सदन में शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा सदस्यों के बीच विधानसभा में तीखी बहस देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अन्य भाषाओं का भी सम्मान करती है। फडणवीस ने कहा, "अगर आप अपनी भाषा से प्यार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं, तो आप दूसरी भाषाओं के साथ भी ऐसा ही करें। मुझे यकीन है कि भैयाजी मेरी बात से सहमत होंगे।" मराठी भाषा के मुद्दे पर सत्तारूढ़ भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) के बीच बहस के बाद महाराष्ट्र विधानसभा को आज पांच मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया।

### जोशी पर दर्ज हो देशद्रोह का मामला : उद्धव

शिवसेना (यूबीटी) के मुखिया उद्धव ठाकरे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता भैयाजी जोशी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है। बता दें कि, एक कार्यक्रम में बोलते हुए सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा था कि, 'मुंबई आने वाले लोगों को मराठी सीखने की जरूरत नहीं है, उन्होंने यह भी कहा कि गुजराती 'मुंबई के घाटकोपर इलाके की भाषा है।' इस पर टिप्पणी करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, 'भैयाजी जोशी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।'

### बावनकुले ने किया बचाव

इधर महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधान परिषद में कहा कि मराठी पर महाराष्ट्र सरकार की नीति स्पष्ट है, राज्य में रहने वालों को भाषा जाननी और सीखनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि, भैयाजी जोशी के बयान को गलत तरीके से पेश किया गया, उन्होंने कहा कि मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है।

### असंतुष्ट विपक्ष ने किया वॉकआउट

एनसीपी (एसपी) के शशिकांत शिंदे ने जानना चाहा कि क्या भैयाजी जोशी की टिप्पणी मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की चाल है और क्या कोई इसे बढ़ावा दे रहा है। शिंदे ने कहा, 'क्या इसके पीछे कोई एजेंडा है? यह मराठी भाषा का अपमान है। मराठी भाषा को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। मराठी को चुनौती देने वालों के खिलाफ सरकार क्या सख्त कदम उठा रही है।' विपक्षी नेताओं ने भी कहा कि वे बावनकुले के जवाब से संतुष्ट नहीं है और उन्होंने सदन से वॉकआउट कर दिया।

### विवाद के बाद आरएसएस नेता ने दी सफाई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मराठी ही मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है और बाहर से आने वाले और अन्य भाषाएं बोलने वालों को भी इसे समझना चाहिए। जोशी ने कहा, 'मराठी मेरी मातृ भाषा है और मुझे इस पर गर्व है।' जोशी ने कहा कि 'मराठी महाराष्ट्र की भाषा है और मुंबई की भी। इसमें कोई दो राय नहीं है। मुंबई में कई भाषाएं बोलने वाले लोग मिलजुलकर रहते हैं। यह उम्मीद की जाती है कि बाहर से आने वाले और अन्य भाषाएं बोलने वाले लोग मराठी भी समझें।'

# जयशंकर की सुरक्षा में चूक पर भड़का भारत

नई दिल्ली। ब्रिटेन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा में बुधवार को एक गंभीर उल्लंघन हुआ, जब खालिस्तानी समर्थकों ने सुरक्षा में सेंध मारते हुए जयशंकर की तरफ बढ़ने की कोशिश की। साथ ही भारत विरोधी नारे लगाए। हालांकि, मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने तुरंत ऐक्शन लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इस घटना पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया आई थी। अब पूरे घटनाक्रम पर ब्रिटेन सरकार ने भी बयान दिया। उसने कहा है कि घटना अस्वीकार्य है और हमने उस वक्त तुरंत ऐक्शन लिया था। इससे पहले भारत ने कहा था कि वह उम्मीद करता है कि ब्रिटेन अपनी कूटनीतिक जिम्मेदारियों का पालन करेगा।

### ब्रिटेन ने दी सफाई; हमने तुरंत ऐक्शन लिया



गुरुवार को ब्रिटेन ने कहा है कि लंदन में विदेश मंत्री एस। जयशंकर के सुरक्षा उल्लंघन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की, और अराजकतत्वों को चेतावनी दी कि "किसी भी तरह के धमकी देने या डराने की कोशिश" अस्वीकार्य हैं।" यह घटना बुधवार को हुई है, जब जयशंकर 'चैथम हाउस' में एक संवाद सत्र के समापन के बाद वहां से निकल रहे थे। 'चैथम हाउस' 'रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स' का मुख्यालय है। इस दौरान एक खालिस्तानी समर्थक ने बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की, जबकि अन्य ने भारत विरोधी नारे लगाए। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने इस स्थिति से निपटने में त्वरित कार्रवाई की और घटना की कड़ी निंदा की।

### भारत की कड़ी प्रतिक्रिया

भारत ने इस घटना पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा कि वह उम्मीद करता है कि मेजबान सरकार इस तरह के मामलों में अपने कूटनीतिक दायित्वों का पूरी तरह से पालन करेगी। भारत ने खालिस्तानी तत्वों द्वारा "लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं का दुरुपयोग" की भी निंदा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, "हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन यात्रा के दौरान सुरक्षा उल्लंघन का वीडियो देखा है। हम इस छोटे से अलगाववादी और उग्रवादी समूह की उकसाने वाली गतिविधियों की निंदा करते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "हम ऐसे तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं के दुरुपयोग की निंदा करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि मेजबान सरकार इस तरह के मामलों में अपने कूटनीतिक दायित्वों को पूरी तरह से निभाएगी।"






## यूपी एसटीएफ का दस दिन बाद खुलासा

# कुंभ में होने वाला था आतंकी हमला

लखनऊ। प्रयागराज में 45 दिन चले महाकुंभ के समापन के 10 दिन बाद यूपी पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो महाकुंभ के दौरान किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। पुलिस के पास इसका इनपुट भी था। उसी वक्त यूपी एटीएस ने मामले की जांच शुरू कर दी, जिससे उन्हें पंजाब तक ले गई। पंजाब और यूपी पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में बब्बर खालसा और आईएसआई के आतंकी लजर मसीह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिस आतंकी को पकड़ा है, उसको लेकर इनपुट था कि वह कुंभ में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की प्लानिंग कर रहा है। यूपी के कौशांबी से इसे ज्वाइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम ने बताया कि पाकिस्तान से आरोपी ड्रोन के जरिए हथियार और मादक पदार्थ मंगाता था। इसके अलावा विदेशी हथियार भी मंगाता था। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी का तीन आईएसआई एजेंटों के साथ संपर्क था। जिनसे ये लगातार बातचीत किया करता था।

- आतंकी लजर मसीह गिरफ्तार
- लगातार आईएसआई के संपर्क में था आरोपी



### पुर्तगाल भागने की तैयारी में था आरोपी

गिरफ्तार आरोपी हिस्ट्रीशीटर है, जो कई बार हथियार और हिरोइन तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी ने अपने कुछ साथियों के नाम भी बताए हैं। जो पुलिस हिरासत से फरार हो गया था, उस दौरान उसे पकड़ने की पूरी कोशिश की गई। आरोपी का प्लान महाकुंभ में घटना को अंजाम देने के बाद पुर्तगाल जाने का था।

# अमेरिका में वीजा होल्डर भारतीयों पर मंडराया खतरा

नई दिल्ली। अमेरिका ने इस साल अवैध प्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर उन्हें डिपोर्ट कर दिया। इसमें भारतीय भी शामिल हैं। लेकिन अब अमेरिका में लीगल तरीके से रह रहे हजारों उन भारतीयों पर भी खतरा मंडरा रहा है, जो एच-4 वीजा धारक हैं। दरअसल अमेरिका में रहने वाले एच1-बी वीजा धारकों के 21 साल से कम उम्र के बच्चों को एच-4 वीजा दिया जाता है। लेकिन यूएस के नए इमीग्रेशन नियमों के मुताबिक, एच-4 वीजा धारक 21 साल की उम्र पूरी करने के बाद एच1-बी वीजा धारकों के डिपेंडेंट के तौर पर मान्य नहीं होंगे।



- खत्म हो जाएगा यूएस में रहने का अधिकार
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ अमेरिका का अभियान

### कई भारतीयों का भविष्य संकट में

मार्च 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में करीब 1.34 लाख भारतीय बच्चे ऐसे हैं, जिनकी उम्रसीमा पूरी होने वाली है और उनके परिवार को ग्रीन कार्ड नहीं मिला है। अमेरिकी इमीग्रेशन सिस्टम में परमानेंट रेजीडेंसी पाने की प्रक्रिया काफी लंबी है और इसमें 12 से 100 साल तक लग जाते हैं। अब तक इन बच्चों को दूसरा वीजा स्टेटस पाने के लिए दो साल का समय मिलता था, लेकिन अमेरिका के नए इमीग्रेशन नियमों के कारण ऐसे लाखों बच्चों के भविष्य पर संकट पैदा हो गया है। ऐसे लोग अब कनाडा और यूके जैसे देशों पर विचार कर रहे हैं।

### एच1-बी वीजा का पंजीकरण शुरू

यूएस सिटिजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विस ने वित्त वर्ष 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रोसेस सात मार्च से 24 मार्च तक चलेगा। एच1-बी नॉन इमीग्रेंट वीजा है, जिसका इस्तेमाल अमेरिकी कंपनियों में विदेशी नागरिकों को हायर करने के लिए किया जाता है।

# मुस्लिम ठेकेदारों को मिलेगा आरक्षण

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार एक साल के अंतराल के बाद मुस्लिम ठेकेदारों के लिए सार्वजनिक निर्माण कार्यों में 4% आरक्षण का प्रस्ताव फिर से पेश करने की तैयारी कर रही है। इससे पहले इस प्रस्ताव को विवाद और तुष्टिकरण की राजनीति के आरोपों के चलते हटा लिया गया था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया 'अहिंदा' (अल्पसंख्यक), पिछड़ी जातियों और दलितों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कन्नड़ शब्द) वोट बैंक को मजबूत करने की दिशा में यह कदम उठा सकते हैं। यह कदम कांग्रेस के पक्ष में समर्थन जुटाने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। सरकार कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट्स एक्ट, 1999 में संशोधन करने की योजना बना रही है, ताकि विधानसभा के वर्तमान बजट सत्र में इस आरक्षण को लागू किया जा सके। वित्त विभाग ने इसकी रूपरेखा तैयार कर ली है और कानून एवं संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने संशोधन को मंजूरी भी दे दी है।



विशेष सुविधा देने की तैयारी में कर्नाटक सरकार

### पहले से लागू हैं कई आरक्षण

कर्नाटक में पहले से ही अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए 24%, ओबीसी श्रेणी-1 के लिए 4% और ओबीसी श्रेणी-2A के लिए 15% आरक्षण निर्धारित किया गया है। यह आरक्षण कुल मिलाकर 43% सरकारी ठेके प्राप्त करने के लिए आरक्षित है। यदि प्रस्तावित 4% मुस्लिम आरक्षण लागू किया जाता है तो यह आरक्षण श्रेणी-2B के तहत होगा। इसके साथ ही सरकारी ठेकों में कुल आरक्षण 47% तक बढ़ जाएगा। ठेके की सीमा को भी दोगुना करके 2 करोड़ रुपये किया जाएगा।

### भाजपा ने किया विरोध

भाजपा ने इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए इसे असंवैधानिक और तुष्टिकरण की राजनीति का उदाहरण करार दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा, "हम कांग्रेस सरकार की उस नीति का विरोध करते हैं, जो समाज को धर्म के आधार पर विभाजित करती है। कांग्रेस सिर्फ मुसलमानों को ही अल्पसंख्यक मानती है, जबकि अन्य वास्तविक हाशिए पर खड़ी जातियों को नजरअंदाज करती है। मुसलमानों को पहले ही शिक्षा और रोजगार में आरक्षण मिल चुका है, जो संविधान के खिलाफ है। अब सरकारी ठेकों में 4% आरक्षण देना तुष्टिकरण की राजनीति की उच्चतम सीमा है। अगर यह सभी अल्पसंख्यकों के लिए होता तो हमें कोई आपत्ति नहीं होती।"






## भारत को प्रत्यर्पण की बात से थर्राया राणा

नई दिल्ली। 26/11 के आतंकी हमलों के आरोपी ने तहव्वुर राणा ने दावा किया कि "अगर उसे भारत में प्रत्यर्पित किया जाता है, तो इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि उसे यातनाएं दी जाएंगी। क्योंकि वह पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम है। उसने दावा किया कि वह मुस्लिम धर्म, पाकिस्तानी मूल, पाकिस्तानी सेना का पूर्व सदस्य, 2008 के मुंबई हमलों के आरोपों और उसकी स्वास्थ्य स्थितियों के कारण उसे अधिक यातनाएं दिए जाने की संभावना है।" आतंकी तहव्वुर ने ह्यूमन राइट्स वॉच 2023 वर्ल्ड रिपोर्ट का हवाला देते हुए तर्क दिया कि "भारत में सरकार निरंकुश होती जा रही है, और यह मानने के लिए पर्याप्त आधार हैं कि अगर वह भारतीय अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करता है तो उसे यातना का खतरा होगा।"



पाकिस्तानी मूल का हूं यातनाएं दी जाएंगी

## मध्य प्रदेश कोयला खदान में स्लैब गिरी

# कई मजदूर दबे, 3 की मौत

भोपाल। मध्य प्रदेश के बैतूल में कोयला खदान में स्लैब गिरने से कई मजदूरों के फंसने की खबर है। यह भी कहा जा रहा है कि 3 मजदूरों की मौत हो गई है जबकि कुछ मजदूरों की हालत गंभीर है। हालांकि, मौत की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सूचना मिलते ही बचाव कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। यह हादसा गुरुवार (6 मार्च) को उस समय हुआ, जब पाथखेड़ा की छतरपुर-एक कोयला खदान में मजदूर काम कर रहे थे। इस दौरान खदान की छत गिरने से कई मजदूर दब गए, जिन्हें बड़ी मुश्किल से बाहर निकालने की कोशिश की गई। इस हादसे में दो लोगों को बचा लिया गया, जबकि 3 लोगों की मौत हो गई। मौतों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।



### पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद

इस घटना के बाद कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य के मॉनिटरिंग शुरू कर दी। कलेक्टर ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब मजदूर खदान में काम कर रहे थे। कलेक्टर के मुताबिक, पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद भी दी जा रही है।

## धामी सरकार का फैसला

# 11 मदरसे सील

देहरादून। देहरादून प्रशासन ने 28 फरवरी को जिले में 11 मदरसों को सील कर दिया। यह कार्रवाई इन मदरसों के राज्य मदरसा बोर्ड और शिक्षा विभाग में पंजीकरण न होने के कारण की गई। प्रशासन के इस कदम का मुस्लिम संगठनों ने विरोध किया और इसे अवैध बताया। राज्य सरकार ने जनवरी में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले एक सत्यापन अभियान चलाया था। इसके तहत मदरसों की जांच की गई और रिपोर्ट सार्वजनिक की गई। देहरादून के जिलाधिकारी सोनिका बंसल ने बताया था कि सदर देहरादून क्षेत्र में 16 अवैध और 8 पंजीकृत मदरसे थे। विकासनगर क्षेत्र में 34 मदरसे बिना पंजीकरण के चल रहे थे, जबकि 27 मदरसे पंजीकृत थे। डोईवाला में एक भी मदरसा पंजीकृत नहीं था, लेकिन 6 अवैध मदरसे वहां चल रहे थे। कालसी में भी एक बिना पंजीकरण का मदरसा पाया गया था।

## न्यूज BRIEF

### झारखंड: बाबूलाल मरांडी नेता प्रतिपक्ष

रांची। झारखंड विधानसभा में बीजेपी ने बाबूलाल मरांडी को विधायक दल के नेता की जिम्मेदारी दी है। गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में उनको विधायक दल का नेता चुना गया। इस तरह मरांडी झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे। नेता प्रतिपक्ष की रेस में मरांडी का नाम सबसे आगे था।

### हार्वर्ड कैनेडी स्कूल से राघव को आमंत्रण

नई दिल्ली। आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को अमेरिका के प्रतिष्ठित हार्वर्ड कैनेडी स्कूल ने अपने ग्लोबल लीडरशिप प्रोग्राम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह सम्मान राघव चड्ढा के राजनीति, नवाचार और समाज सेवा को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाता है। राघव चड्ढा ने कहा कि निमंत्रण पाकर मैं बेहद सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं।

### तेजस्वी के खिलाफ लड़ेंगे प्रशांत किशोर

पटना। जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर (पीके) ने तेजस्वी यादव के चुनाव क्षेत्र राघोपुर से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पीके ने कहा है कि अभी तय नहीं है लेकिन मेरे नाम से किसी ने राघोपुर से आवेदन दिया है। अगर पार्टी तय करेगी तो जरूर लड़ेंगे। तेजस्वी यादव राघोपुर से वर्तमान विधायक हैं और राघोपुर लालू परिवार का गढ़ माना जाता है।

# टैरिफ का तोड़ निकालने में जुटा भारत

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह 2 अप्रैल से कई देशों पर 'रिसिप्रोकल टैरिफ' (जवाबी टैरिफ) लागू करेंगे। इसमें भारत, ब्राजील और चीन जैसे देश शामिल हैं। ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ये कदम अनुचित व्यापार प्रथाओं के जवाब में उठाया जा रहा है। हालांकि, भारत को उम्मीद है कि वह चल रही व्यापार वार्ताओं के जरिए इन टैरिफ से बच सकता है। ट्रंप ने व्यापार संतुलन बनाने के लिए जवाबी टैरिफ लगाने की मंशा जाहिर की, जिससे वैश्विक व्यापार युद्ध की चिंताएं बढ़ गई हैं। ट्रंप की इस घोषणा के समय भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका में व्यापार वार्ता के लिए लगभग एक सप्ताह की यात्रा पर हैं।

## 2 अप्रैल से पहले हो सकती है अलग डील

### भारत को राहत मिलने की उम्मीद

- दोनों के बीच सकारात्मक वार्ता जारी है। दोनों पक्ष एक-दूसरे की चिंताओं को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं। इनमें शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को हल करने पर चर्चा हो रही है। एक सूत्र ने कहा, "वाणिज्य मंत्री के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में महत्वपूर्ण बैठकें कर रहा है। हमने 2025 अंत तक एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते का पहला चरण पूरा करने पर सहमति बनाई है।" एक अन्य सूत्र ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल पीएम मोदी और ट्रंप के बीच हुई बैठक में तय किए गए संयुक्त बयान के अनुसार व्यापार मामलों पर विचार करेगा।

### अमेरिकी रुख में संभावित नरमी

अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने बुधवार को संकेत दिया कि अमेरिका मैक्सिको और कनाडा पर लगाए गए कुछ शुल्क वापस लेने पर विचार कर सकता है। इस बयान के बाद भारतीय शेयर बाजार सहित एशियाई शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। इस बीच पीयूष गोयल 3 से 8 मार्च तक अमेरिका में हैं।

### अमेरिका जाने वाली चीजें

भारत जो चीजें भेजता है उसमें मखाना, फ्रोजेन झींगा, मसाले, बासमती चावल, काजू, फल-सब्जियां, तेल, स्वीटनर, प्रोसेस्ड शुगर, कन्फेक्शन, फल, मेवे, और सब्जियां, चारा अनाज, पेट्रोलियम, कच्चे हीरे, लिक्विड नेचुरल गैस, सोना, कोयला, अपशिष्ट, बादाम, डिफेंस प्रोडक्ट्स, दवा आदि शामिल है।


# 19 मार्च को अंतरिक्ष से आएंगी सुनिता!

वॉशिंगटन। नासा की एस्ट्रोनॉट और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स अब धरती पर लौटने वाली हैं। उनके साथ अंतरिक्ष के साथी बिल्मोर बुच भी वापस आएंगे। सुनीता और विल्मोर नौ महीने तक अंतरिक्ष में 'फंसे' हुए थे। अब 19 मार्च को नासा दोनों को पृथ्वी पर लाने जा रहा है। इस मिशन में स्पेस एजेंसी का साथ एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स दे रही है। उसी के स्पेसक्राफ्ट से वापसी होने जा रही है। अब सुनीता ने बताया है कि अंतरिक्ष से लौटने के बाद वह क्या मिस करेंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सुनीता विलियम्स ने बताया है कि पृथ्वी पर लौटने के बाद सबसे ज्यादा वह क्या मिस करेंगी। उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा, 'सकुछ।' सुनीता ने कहा, 'यह बुच और मेरी आईएसएस की तीसरी उड़ान है।'



# ट्रंप ने हमास को धमकाया

## सभी बंधकों को रिहा कर दो, नहीं तो मारे जाओगे



वॉशिंगटन डीसी। एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में, अमेरिका ने गाजा में बंधक बनाए गए अमेरिकी नागरिकों की रिहाई और युद्ध को समाप्त करने के लिए, हमास के साथ सीधी और गुप्त वार्ता शुरू की है। यह पहली बार है जब अमेरिका ने हमास के साथ सीधे बातचीत की है, जिसे वह 1997 से आतंकवादी संगठन मानता आ रहा है। इस कदम को ट्रंप प्रशासन की नीति में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। इस वार्ता की पुष्टि कुछ ही घंटों बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को कड़ी चेतावनी जारी की। ट्रंप ने हमास से गाजा में बंधक बनाए गए सभी लोगों को तुरंत रिहा करने की मांग की है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, "हमास को सभी बंधकों को अभी रिहा करना होगा, बाद में नहीं, और जिन लोगों की हत्या की गई उनकी लाशें तुरंत रिहा करनी होंगी, वरना आपके लिए सब खत्म हो जाएगा।" उन्होंने आगे कहा, "मैं इजरायल को वह सब कुछ भेज रहा हूं जो उसे काम पूरा करने के लिए चाहिए।"

### मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना : फरवरी किस्त

# आज मिलेंगे 1500 रुपए : अदिति तटकरे

**मुंबई।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने घोषणा की है, लाडकी बहन योजना की फरवरी 2025 की किस्त अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) से पहले सात मार्च तक लाभार्थियों के खातों में जमा कर दी जाएगी। इस पहल के माध्यम से, 2.5 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले परिवारों की 21-65 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए दिए जाते हैं। तटकरे ने योजना के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और कहा कि वितरण पांच मार्च से शुरू हो गया है। मार्च की किस्त भी माह के अंत से पहले जमा कर दी जाएगी। तटकरे ने योजना को बंद करने के विपक्ष के दावों को खारिज कर दिया। ऐसी चर्चा है कि 80 लाख महिलाओं को इस योजना से बाहर रखा गया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। फरवरी की किस्त उसी दिन वितरित कर दी जाएगी।



- किश्तों का काम पांच से शुरू
- मार्च की किस्त माह के अंत में

### 2100 रुपए का निर्णय सीएम करेंगे

विधानसभा चुनाव में किए गए वादे के अनुसार मासिक भुगतान 1,500 रुपए से बढ़ाकर 2,100 रुपए करने के बारे में पूछे जाने पर तटकरे ने कहा कि यह निर्णय मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री द्वारा लिया जाएगा। जनवरी की सातवीं किस्त खातों में पहुंचनी शुरू हो गई है। वित्त मंत्री अजित पवार ने 26 जनवरी तक किस्तों का भुगतान करने का वादा किया था।

## योजना के पात्रता मानदंडों में सरकार कोई फरेबदल नहीं करेगी

**मुंबई।** 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' के पहले शासन निर्णय (जीआर) में शामिल पात्रता मानदंडों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, और पूरी प्रक्रिया इन्हीं दिशानिर्देशों के अनुसार संचालित हो रही है, यह जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने विधान परिषद में दी। सदस्य अनिल परब द्वारा इस योजना के कार्यान्वयन से संबंधित प्रश्न उठाए जाने पर मंत्री तटकरे ने जवाब दिया। चर्चा में सतेज (बंटी) पाटिल, अशोक (भाई) जगताप, शशिकांत शिंदे और चित्रा वाघ ने भी भाग लिया।

### पात्रता की जांच एक सतत प्रक्रिया

उन्होंने स्पष्ट किया कि लाभार्थी महिलाओं की पात्रता की जांच एक सतत प्रक्रिया है, और जो महिलाएँ मानदंडों को पूरा नहीं करतीं, उन्हें इस योजना का आर्थिक लाभ नहीं दिया जाता। अब तक 2.63 करोड़ महिलाओं ने पंजीकरण कराया है, जिनमें से 2.52 करोड़ महिलाएँ पात्र पाई गई हैं।

# मुंबई में खतरनाक और पुरानी इमारतों के पुनर्विकास को मिलेगी गति: शिंदे



- 67 मालिकों ने पुनर्विकास प्रस्ताव प्रस्तुत किए
- 30 मालिकों को एनओसी दिया गया

**मुंबई।** मुंबई शहर में खतरनाक, पुरानी और जर्जर इमारतों के तेजी से पुनर्विकास के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी और पुनर्विकास में आ रही बाधाओं को दूर कर इस प्रक्रिया को तेज किया जाएगा, ऐसा आश्वासन उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा में दिया। विधानसभा में सदस्यगण अमीन पटेल, पराग आलवणी, अजय चौधरी, योगेश सागर, सुनील राऊत, जयंत पाटिल, नाना पटोले, अतुल भातखलकर और छगन भुजबळ ने इस विषय पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा था। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने यह जानकारी दी। शिंदे ने कहा कि यदि बीएमसी या किसी सक्षम प्राधिकरण द्वारा किसी इमारत को खतरनाक घोषित किया जाता है, तो पुनर्विकास का पहला अवसर इमारत के मालिक को दिया जाता है। यदि मालिक छह महीनों के भीतर पुनर्विकास प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं करता, तो यह अवसर भोगवटादारों या किराएदारों की सहकारी गृहनिर्माण सोसायटी को दिया जाता है। यदि वे भी छह महीने के भीतर प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं करते, तो मुंबई इमारत मरम्मत एवं पुनर्रचना मंडल (एमबीआरआरबी) को भूमि अधिग्रहण कर पुनर्विकास करने का अधिकार होता है। इस प्रक्रिया के तहत, मुंबई इमारत मरम्मत एवं पुनर्रचना मंडल ने 854 इमारत मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें से 67 मालिकों ने पुनर्विकास प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं, जिनमें से 30 मालिकों को अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) दिया गया है। राज्य सरकार एक नई गृहनिर्माण नीति ला रही है, जिसमें आम नागरिकों के लिए किफायती घर उपलब्ध कराए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि रुके हुए पुनर्विकास के कारण मुंबई से बाहर गए लोगों को वापस लाने के लिए और मुंबई में रुके हुए गृहनिर्माण परियोजनाओं को गति देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।



# पश्चिम रेलवे चलाएगी होली स्पेशल ट्रेनें

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा आगामी होली फेस्टिवल और समर सीजन के मद्देनजर, यात्रियों की मांग व सुविधा को ध्यान में रखते अहमदाबाद-दानापुर और साबरमती-हरिद्वार के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें विशेष किराए पर चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**1. ट्रेन संख्या 09417/09418 (8 फेरे)**

- ट्रेन संख्या 09417 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल 10 मार्च से 31 मार्च तक प्रति सोमवार को अहमदाबाद से प्रातः 09:10 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 20:30 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09418 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल 11 मार्च से एक अप्रेल तक प्रति मंगलवार को दानापुर से रात्री 23:50 बजे प्रस्थान करेगी तथा तीसरे दिन 12:15 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

**2. ट्रेन संख्या 09425/09426 (14 फेरे)**

- ट्रेन संख्या 09425 साबरमती-हरिद्वार स्पेशल 9,13,16,20,23,27 और 30 मार्च (गुरुवार एवं रविवार) को साबरमती से 17:20 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 17.00 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09426 हरिद्वार-साबरमती स्पेशल 10,14,17,21,24,28 और 31 मार्च (शुक्रवार एवं सोमवार) को हरिद्वार से 21:00 ब जे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 22:30 बजे साबरमती पहुंचेगी।



# देह व्यापार चलाने वाला गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे एक दलाल दो नाबालिग लड़कियों को फुसलाकर वेश्यावृत्ति के लिए मुंब्रा पनवेल रोड, गोठेघर फाटा, दाइघर इलाके में आने वाला है, स्थानीय पुलिस ने बंटी ढाबा फैमिली रेस्तरां में जाल बिछाकर दिनेश गोविंद प्रसाद (40) को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी ने बताया कि प्रसाद के खिलाफ डायघर थाने में मामला दर्ज किया गया है। प्रमुख वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी को मुखबिर ने जानकारी दी थी। पुलिस टीम की पूछताछ के दौरान आरोपी दलाल दिनेश प्रसाद ने पुलिस टीम को बताया कि वह दोनों नाबालिग लड़कियों को उत्तर प्रदेश से लाया था। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के दोहरीघाट थाने में एक दिसंबर 2024 को लड़कियों के अपहरण का मामला दर्ज किया गया था।



### दक्षिण पूर्व रेलवे खड़गपुर मंडल

# नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ब्लॉक

**मई में कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित**

**अहमदाबाद।** दक्षिण पूर्व रेलवे में खड़गपुर मंडल के सांतरागाछी स्टेशन पर यार्ड रिमोडलिंग के संबंध में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिया गया है। जिसके कारण अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस और पोरबंदर-सांतरागाछी कविगुरु एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**निरस्त ट्रेनें**

**1.** 16 मई को अहमदाबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **2.** 17 मई को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन संख्या 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **3.** नौ मई को पोरबंदर से चलने वाली ट्रेन संख्या 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी कविगुरु एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **4.** 11 मई को सांतरागाछी से चलने वाली ट्रेन संख्या 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस कवि गुरु एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

**रिशेड्यूल ट्रेन**

16 मई को पोरबंदर से चलने वाली ट्रेन संख्या 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस 2 घंटे रिशेड्यूल रहेगी।


**MAHATRANSCO** Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**SRM-E-TENDER NOTICE**

MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed and registered contractors on Mahatransco SRM-E-Tendering website **https://srmetender.mahatransco.in** for following works

| RFx No. & E-Tender No. | Description | Amount (In Rs.) |
|---|---|---|
| **RFx No. 7000030166** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-01/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit AC LMV Vehicle (i.e. 4+1) with sedan or equivalent for the Executive Engineer for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,99,720.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035567** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-02/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit AC vehicle LMV (i.e. 6+1) like TAVERA/Ertiga/ Bolero or any equivalent for the movement of departmental staff and also to carry necessary kits at site during Diagnostics works to be carried out at EHV Line(M) S/Dn. Boisar for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,99,548.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035568** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-03/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of Goods carrier vehicle LMV (i.e. 1+1) like Utility Pickup or any equivalent for the 220 kV Wada / Bhaveghar S/S & 132kV Jawhar S/S for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,51,630.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035569** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-04/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit Goods carrier AC Vehicle LMV like Bolero camper/Eeco/Tavera/ Ertiga or any Equivalent closed vehicle with big dickey and at least 5 nos. of seats arrangement for 220kV Vasai S/S & 100 kV Vasai S/S for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,82,032.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035580** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-05/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit Goods carrier AC vehicle LMV (i.e. 4+1) and loading capacity of 550 kg approx. for transportation of heavy kits from one S/S to other S/S at 220kV Nalasopara S/S for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,57,134.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035581** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-06/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit Goods carrier AC vehicle LMV (i.e. 4+1) like Pickup / Utility Tata Yodha or any equivalent for transportation of the material from Sub-division office to site location also transportation of T&P required for the routine maintenance of the line at EHV Line(M) S/Dn Boisar for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,99,548.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035582** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-07/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit Goods carrier AC vehicle LMV like Bolero Camper or any equivalent with 2 row seating (i.e. 4+1) and loading capacity of 550 kg approx. at 220kV Palghar; 132kV Palghar S/S & 132kV Palghar TSS for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,35,355.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035583** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-08/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit Goods carrier AC Vehicle LMV like Bolero/Scorpio/Camper or any Equivalent closed vehicle with big dickey and at least 5 nos. of seats arrangement for 132/33 kV Boisar-I MIDC/Dahanu/LILO S/S for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,51,254.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035584** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-09/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit Goods carrier AC vehicle LMV like Bolero Camper or any equivalent with 2 row seating (i.e. 4+1) and loading capacity of 550 kg approx. at 220kV Viraj S/S & Panchali TSS for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,30,398.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035585** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-10/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit AC vehicle LMV (i.e. 6+1) like TAVERA/Ertiga/ Bolero or any equivalent for the Line S/Dn. Incharges and line Staff to travel at various locations on line for the routine maintenance of the line at EHV Line (M) S/Dn Boisar for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,99,548.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035586** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-11/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit Goods carrier AC Vehicle LMV like Bolero/ Tata Yodha/Camper or any Equivalent closed vehicle with big dickey and atleast 5 nos. of seats arrangement for 220 kV Boisar-II S/S staff for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,96,927.00 (Inclusive of all taxes) |
| **RFx No. 7000035587** EE/EHV/O&M/DN/BSR/ Tech/SRM-E-Tender-12/2025-26 | E-Tender (1st Call) for hiring of T-Permit Goods carrier AC Vehicle LMV like Tata Sumo/Bolero/Ertiga or any Equivalent for Testing Unit Boisar under EHV Testing Division Kalwa, camp at 220 kV Boisar-II S/S for the Year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST EMD Amount: ₹. 5,000.00 Estimated Cost: ₹. 5,96,927.00 (Inclusive of all taxes) |

Submission of E-Tender documents Date: 06.03.2025 at 00.00 Hrs to 20.03.2025 upto 23:59 Hrs
Technical Opening: 21.03.2025 at 10:00 Hrs (if possible)
Commercial Opening: 21.03.2025 at 16:00 Hrs (if possible).

Contact Person: Additional Executive Engineer(O)(I/C); Mob No. 9167247477

--Sd--
**EXECUTIVE ENGINEER, EHV O&M DIVISION BOISAR**
**Taluka & District: Palghar 401501**


# ओबीसी छात्रों के लिए 54 छात्रावास शुरू

- जून तक 18 और छात्रावास शुरू किए जाएंगे
- सीएम ने की अतुल सावे की सराहना

**मुंबई।** राज्य में पिछले एक साल में ओबीसी छात्रों के लिए 54 छात्रावास शुरू किए गए हैं, और अगले जून तक 18 और छात्रावास शुरू किए जाएंगे, यह जानकारी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कल्याण मंत्री अतुल सावे ने विधान परिषद में दी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंत्री अतुल सावे की सरकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए सराहना की।विधान परिषद में सदस्य अभिजीत वंजारी ने ओबीसी छात्रावास और ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले आधार योजना को लेकर प्रश्न उठाया था। इस पर मंत्री सावे ने बताया कि ओबीसी छात्रों के लिए प्रस्तावित 72 छात्रावासों में से 54 पहले ही शुरू किए जा चुके हैं, जिनमें 26 लड़कों के और 28 लड़कियों के छात्रावास शामिल हैं। शेष छात्रावास आगामी शैक्षणिक वर्ष से शुरू होंगे। इसके अलावा, सरकार ने ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति सीधे उनके बैंक खातों में जमा करने का निर्णय लिया है।मुंबई और महानगर क्षेत्रों में किराए की समस्या को हल करने के लिए सरकार ने किराया बढ़ाने पर सहमति जताई है, जिससे 18 और छात्रावास जून-जुलाई तक शुरू किए जा सकेंगे।सरकार यह भी प्रयास कर रही है कि सभी छात्रावास सरकारी स्वामित्व में हों।

# ठाणे में 'अहिल्या दौड़' का आयोजन कल

**ठाणे।** पुण्यश्लोक अहिल्या देवी होल्कर त्रिशताब्दी समिति की ओर से ठाणे में पहली बार 'अहिल्या दौड़'का आयोजन विश्व महिला दिवस (8 मार्च) को सुबह सात बजे किया जाएगा। यह जानकारी महोत्सव समिति की अध्यक्ष पुण्यश्लोक अहिल्या देवी होल्कर की वंशज रुचिका शिंदे ने दी है। इस दौड़ में बारह वर्ष से अधिक उम्र की सभी लड़कियां और महिलाएं भाग ले सकती हैं और अब तक 500 से अधिक लड़कियों और महिलाओं ने इस दौड़ के लिए पंजीकरण कराया है। रुचिका शिंदे ने कहा कि यह पहली बार है कि महाराष्ट्र में अहिल्या दौड़ का आयोजन किया गया है। उन्होंने दौड़ में हिस्सा लेने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में लड़कियों को जुड़ने का आवाहन किया है कि इस रेस में बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर रेस को सफल बनाया जाए।


**The Brihanmumbai Electric Supply & Transport Undertaking**
(OF THE BRIHANMUMBAI MAHANAGARPALIKA)
BEST

**TENDER NOTICE**

**E-tenders are invited for the supply of following items.**

(1) 79947 -Sheet M.S. 2500 X 1250 X 3.15mm., (2) 79975 - 16/20 MVA, ONAN/ONAF, 33KV/11KV Power Transformers with Nitrogen Injection Fire Protection System along with their Accessories & Spares

**Re – invited e-tenders**

(3) 79643, (4) 79786, (5) 79787, (6) 79785, (7) 79855, (8) 79858 (Corrigendum). (9) 79833, (10) 79769.

**Note:** For more details, log on to website **https://mahatenders.gov.in**

**PRO/AAM(M)/122/2025** **GENERAL MANAGER**



**पनवेल महानगरपालिका**

**मालमत्ता कर विभाग ई-निविदा सुचना**

**पनवेल महानगरपालिकेमार्फत,**

1. पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील संपुर्ण मालमत्तांचे (जमिन व इमारती) नोंदणी व GIS आधारित पुनः सर्वेक्षण करुन करमुल्यांकन व इतर अनुषंगिक कामे (Providing services for resurvey and verification and computerization for assessement of property tax within the limits panvel municipal corporation panvel)
2. पनवेल महानगरपालिकेच्या मालमत्ता कर निर्धारण विभागासाठी नवीन संगणक प्रणाली आज्ञावली (Software & Hardware) व प्रशिक्षित मनुष्यबळ पुरवणे (Providing Services computerization and providing annual operation and maintenance and supply for the property tax department within the limits panvel municipal corporation panvel) या कामाकरिता ई - निविदा मागविण्यात येत आहेत. ई -निविदेची सविस्तर माहिती, अटी - शर्ती, अंदाजपत्रकीय किंमत, निविदा प्रपत्र किंमत व अनुषंगिक सर्व माहिती www.mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर दिनांक 07/03/025 रोजी दु. 2.00 वाजलेपासून उपलब्ध आहे.

स्वाक्षरी
उपायुक्त (कर)
पनवेल महानगरपालिका

जा.क्र/पमपा/जनसंपर्क/3125/प्र.क्र.92/92/2025


### नवी मुंबई मनपा कप क्रिकेट टूर्नामेंट

# युनाइटेड स्पोर्ट्स ऐरोली बना विजेता



**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा के खेल एवं सांस्कृतिक विभाग की ओर से 28 फरवरी से 2 मार्च तक मनपा कप 40+ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बेलापुर स्थित मैदान पर किया गया। इस टूर्नामेंट में 40+ क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से उनके पंजीकृत ग्रामीण क्षेत्र की 33 एवं शहरी क्षेत्र की 24, कुल 57 टीमों ने भाग लिया। क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 28 फरवरी को महाराष्ट्र राज्य के वन मंत्री गणेशजी नाईक के शुभ हस्ते किया गया। यह टूर्नामेंट तीन दिनों तक दोनों ग्रुप की टीमों के बीच नॉकआउट पद्धति से खेला गया। ग्रामीण ग्रुप में सेमीफाइनल मुकाबला दिवा कोलीवाडा 40+ और तलवली 40+ टीमों के बीच हुआ, जिसमें दिवा कोलीवाडा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 ओवर में 39 रनों का लक्ष्य रखा और तलवली टीम को 36 रनों पर रोककर 3 रन से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में खारीगांव 40+ और बोनकोडे 40+ के बीच मुकाबला हुआ, जहां बोनकोडे टीम ने 4 ओवर में 44 रन बनाए, जिसे खारीगांव टीम ने 7 विकेट से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला खारीगांव और दिवा कोलीवाडा टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दिवा कोलीवाडा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में 71 रन बनाए और खारीगांव टीम को 28 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। शहरी ग्रुप में सेमीफाइनल मुकाबला युनाइटेड प्लस, ऐरोली और एसडी 11, नेरुल के बीच खेला गया, जिसमें युनाइटेड प्लस, ऐरोली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 ओवर में 25 रन बनाए, जिसे एसडी 11, नेरुल टीम ने 7 विकेट से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला युनाइटेड स्पोर्ट्स, ऐरोली और एसडी 11, नेरुल के बीच हुआ, जिसमें युनाइटेड स्पोर्ट्स, ऐरोली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में 109 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। एसडी 11, नेरुल टीम 63 रनों पर सिमट गई और युनाइटेड स्पोर्ट्स, ऐरोली ने 46 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। ग्रामीण ग्रुप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब प्रेमानंद केणी (दिवा कोलीवाडा) को मिला, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज जनार्दन कवले (खारीगांव), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज श्री संदीप पाटील (तलवली), सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक सोमनाथ पाटील (बोनकोडे) को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**शुद्धि पत्र संख्या-1**

**निविदा सूचना संख्याः ई एल-टी आर डी-160 के एम पी एच - पी आर वाई जे - 2025 - 01 - ई - टेंडर नोटिस-01 दिनांक 28.02.2025** के संदर्भ में निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किया जा रहा है-

**नोटः** आवश्यक संशोधन **आईआरईपीएस** पर शुद्धिपत्र संख्या-1 के रूप में प्रकाशित किए गए हैं।

अन्य शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। **406/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in


### दिवा में सात स्क्रैप गोदामों में लगी आग

**ठाणे।** दिवा वार्ड समिति, ठाणे के अधिकार क्षेत्र के चौधरी कंपाउंड में आग में सात गोदाम जल गए। यह घटना मंगलवार की रात दस बजे हुई। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने की जानकारी मिलते ही दिवा पुलिस के जवान, टोरेंट पॉवर और फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे। तीन घंटे बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।


**MAHATRANSCO** Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**SRM E-Tender Notice (RFX No. 7000035620)**

MSETCL invites digitally signed online bids for following tender through SRM E-tender process of MSETCL in two bid system from registered contractors, agencies on Mahatransco E-Tendering website http://srmetender.mahatransco.in for following works.

| Sr. No. | Tender No & Description of Work | | | Due date & Time (Hrs) for submission & opening of Tender | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Tender No. CE/MSLDC/HR/2025-26** | | | | | |
| | **Scope of Work:** Annual contract for outsourcing 26 Nos. of skilled staff and 2 Nos. of un-skilled staff and 4 Nos. of drivers on outsourced basis at MSLDC OFFICE, Airoli (Total 32 Nos. outsourced staff) | | | **Download of Tender Documents** Date: From 07.03.2025 to 21.03.2025 Hrs. 23:59 | | |
| | **Estimated Cost (Rs)** | **EMD (Rs)** | **Tender Fee (Rs)+GST@ 18% Extra** | **Closing Date (Submission)** | **Tender (Technical) Opening dt.** | **Commercial opening date** |
| | Rs. 1,28,02,746/- | Rs. 1,28,027/- | 5900/- (5000 + 900 18% GST) | 21.03.2025 Up to 23:59 Hrs | 24.03.2025 11.00 AM (If possible) | 25.03.2025 11.00 AM (If possible) |

**Contact Person:** Manager (HR)/ Head Cleark (HR) State Load Dispatch Centre, Thane-Belapur Road. At & Post Airoli Navi Mumbai - 400708.
Tel. no. 9049009909 / 9082338114
For further details visit our website http://mahatransco.in/ or http://srmetender.mahatransco.in
Note: All eligible interested contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tendering portal **http://srmetender.mahatransco.in.**

**SD/-**
**Chief Engineer (MSLDC) I/C, MSETCL, Airoli.**


### कल्याण तलोजा मेट्रो लाइन 12

# विधायक ने की एमएमआरडीए अधिकारियों के साथ चर्चा

**ठाणे।** कल्याण तलोजा मेट्रो लाइन 12 पर काम लगभग एक साल से चल रहा है। शिवसेना विधायक राजेश मोरे ने एमएमआरडीए कार्यालय में अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर इस मेट्रो लाइन से प्रभावित होने वाले किसानों के लिए मुआवजे के मुद्दे पर चर्चा की, जिससे काम में तेजी आ सके, अगर कोई बाधा हैं तो उन्हें कैसे हल किया जा सकता है। विधायक मोरे ने विश्वास जताया है कि मेट्रो का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो जाएगा, क्योंकि एमएमआरडीए ने किसानों को मुआवजा देने के प्रति सकारात्मकता दिखाई है।

कल्याण तलोजा मेट्रो 12 को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डा. श्रीकांत शिंदे के प्रयासों के माध्यम से प्रस्तावित किया गया है कि कल्याण ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र और विधायक राजेश मोरे के निर्वाचन क्षेत्र से गुजरता है यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रभावित किसानों को अपनी जमीन के लिए मुआवजा मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए इस काम को पूरा करने के लिए इस काम पर लगातार काम किया जा रहा है। संभावित समय और मेट्रो यात्रा मार्ग को लोगों के लिए खोला जाए।



महाराष्ट्र-बेल्जियम सरकार में समझौता

# 12 समझौते ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

- विविध क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को सहमत
- प्रिंसेस एस्ट्रिड और देवेंद्र फडणवीस उपस्थित
- बेल्जियम प्रतिनिधिमंडल का भारत दौरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा अनुसंधान, प्रौद्योगिकी, अक्षय ऊर्जा और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए बेल्जियम के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता ताज होटल में बेल्जियम की प्रिंसेस एस्ट्रिड की अध्यक्षता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्रिंसेस एस्ट्रिड के नेतृत्व में बेल्जियम का आर्थिक प्रतिनिधिमंडल, भारत में बेल्जियम



के राजदूत, अपर मुख्य सचिव और मुख्य राजशिष्टाचार अधिकारी मनीषा म्हैसकर, उद्योग विभाग के सचिव डॉ. पी. अन्बलगन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अश्विनी भिडे और विशेष कार्य अधिकारी कौस्तुभ धवसे उपस्थित थे। देश की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के प्रतिनिधियों ने भी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। बेल्जियम का आर्थिक प्रतिनिधिमंडल भारत के दौरे पर है और इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा अनुसंधान, प्रौद्योगिकी, अक्षय ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए 12 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## राज्य में इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाए जाएंगे : सीएम

महाराष्ट्र में प्रीपेड मीटर पर लगेगा प्रतिबंध



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्यभर में उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड बिजली मीटर पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। इसके बजाय, अब इलेक्ट्रॉनिक मीटर प्रणाली स्थापित की जाएगी, इसकी जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में दी। मुख्यमंत्री फडणवीस सदस्य विक्रम काले द्वारा राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर से संबंधित प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाने का कार्य पहले से ही शुरू हो चुका है। इलेक्ट्रॉनिक मीटर का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को बिजली उपयोग पर 10% की छूट दी जाएगी।

## संगमेश्वर में बनेगा छ. संभाजी महाराज का स्मारक



**मुंबई।** छत्रपति संभाजी महाराज का एक भव्य स्मारक संगमेश्वर में सरदेसाई वाडा के पास बनाया जाएगा, जहां उन्हें पकड़ा गया था, यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में की। सदस्य निरंजन डावखरे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यदि सरदेसाई वाडा की भूमि अपर्याप्त होती है, तो पास की अतिरिक्त जमीन अधिग्रहित की जाएगी। उन्होंने कहा, छत्रपति संभाजी महाराज स्वराज्य के रक्षक, वीर योद्धा और शौर्य के प्रतीक थे। उनके शौर्य के अनुरूप यह स्मारक बनाया जाएगा।

# म्हाडा कोंकण मंडल में भूखंड बिक्री के लिए उपलब्ध

▶▶ शिरढोण और खोणी में स्कूल-हॉस्पिटल खोलने की योजना

▶▶ इच्छुक संस्थाएं को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने का आमंत्रण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** म्हाडा के कोंकण गृहनिर्माण और क्षेत्र विकास मंडल द्वारा मौजे शिरढोण और मौजे खोणी (ता. कल्याण, जि. ठाणे) में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत विकसित किए जा रहे गृहनिर्माण प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्कूल और मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल के लिए आरक्षित भूखंडों की बिक्री हेतु निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है। इस प्रक्रिया में इच्छुक व्यक्ति, संस्था (कंपनी), सार्वजनिक धर्मादाय ट्रस्ट, पंजीकृत सोसायटी, शिक्षण संस्थाएं, स्वास्थ्य संस्थाएं, भागीदारी फर्म, ट्रस्ट, संयुक्त उपक्रम, इच्छुक संस्थाएं, विकासकर्ता आदि भाग ले सकते हैं। भूखंड खरीदने के इच्छुक प्रतिभागियों को 18 मार्च तक https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर जाकर निविदा प्रक्रिया में अपना पंजीकरण कराना होगा। यह जानकारी कोंकण मंडल की मुख्य अधिकारी रेवती गायकर ने दी।



मंडल द्वारा सर्वे क्र. 86, 95 मौजे शिरढोण (ता. कल्याण, जि. ठाणे) में विकसित किए जा रहे गृहनिर्माण प्रोजेक्ट को आधुनिक रूप से नियोजित किया गया है। मंडल का उद्देश्य आदर्श गृहनिर्माण कॉलोनी बनाना है, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अत्यल्प आय वर्ग के लिए 7141 और म्हाडा योजना के तहत अल्प आय वर्ग के लिए 528 फ्लैट्स का निर्माण किया गया है। इनमें से 1905 फ्लैट्स को ऑक्युपेंसी (भोगवटा) प्रमाणपत्र मिल चुका है, जबकि बाकी के लिए प्रक्रिया जारी है।

### मौजे खोणी में स्कूल के लिए भूखंड

सर्वे क्र. 162, मौजे खोणी (ता. कल्याण, जि. ठाणे) में म्हाडा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अत्यल्प आय वर्ग के लिए 5060 फ्लैट्स का निर्माण पूरा किया गया है, जिनमें से 4048 फ्लैट्स को ऑक्युपेंसी (भोगवटा) प्रमाणपत्र मिल चुका है। वर्तमान में फ्लैट्स के कब्जे देने की प्रक्रिया जारी है, साथ ही अल्प आय वर्ग योजना के 2114 फ्लैट्स का निर्माण प्रगति पर है। यह प्रोजेक्ट कटई-बदलापुर पाइपलाइन के पास स्थित है, जहां पानी और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

# विधायक आवताडे सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मंगलवेढा-मुंबई मित्रमंडल की ओर से पंढरपुर-मंगलवेढा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समाधानदादा आवताडे का नागरिक सत्कार और पारिवारिक स्नेहमिलन समारोह नवी मुंबई के वाशी स्थित आर्य समाज सभागृह में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरावती पदवीधर मतदारसंघ के विधायक धीरज लिंगाडे ने की।

इस अवसर पर मंच पर मंगलवेढा-मुंबई मित्रमंडल के संस्थापक अध्यक्ष डा. सर्जेराव सावंत, दत्ता घाडगे, आनंद पाटील, डा. शिवाजीराव पवार, संजय पवार और आझाद पटेल उपस्थित थे। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों और सम्माननीय व्यक्तियों का सत्कार विधायक समाधानदादा आवताडे के हाथों किया गया। विधायक धीरज लिंगाडे ने मंगलवेढा और वहां की संस्कृति से जुड़ी यादों को साझा करते हुए मित्रमंडल के प्रयासों की सराहना की। अपने उद्बोधन में



विधायक समाधानदादा आवताडे ने निर्वाचनक्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही, उन्होंने मंगलवेढा-मुंबई मित्रमंडल से भविष्य में भी सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया। इस दौरान उन्होंने "मंगलवेढा फेस्टिवल" आयोजित करने का सुझाव भी दिया। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ. सर्जेराव सावंत ने रखी। इस अवसर पर दत्ता घाडगे और आनंद पाटील ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मंदार जोशी ने विधायक समाधानदादा आवताडे का रोचक और सहज माहौल में संवाद लिया। इस दौरान महिलाओं के लिए हल्दी-कुंकू कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस पारिवारिक स्नेहमिलन को सफल बनाने में मंगलवेढा-मुंबई मित्रमंडल के अध्यक्ष दत्ता घाडगे, कार्याध्यक्ष आनंद पाटील, उपाध्यक्ष लक्ष्मण खरात और सचिव महादेव बनसोडे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकांत गुंजेगावकर ने किया।

## बिश्नोई प्रीमियर लीग मुंबई 2025 का शुभारंभ आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बिश्नोई प्रीमियर लीग मुंबई 2025 का शुभारंभ बेलापुर स्तिथ राजीव गांधी स्टेडियम में सात मार्च को सुबह आठ बजे होने जा रहा है। लीग में कुल 12 टीमें भाग ले रही है। बिश्नोई समाज के प्रबुद्ध जन दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय लीग का शुभारंभ करेंगे। नौ मार्च को फाइनल मैच की समाप्ति के उपरांत दोपहर चार बजे समापन समारोह का आयोजन होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुखराम बिश्नोई, पूर्व राजमंत्री, राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहारीलाल बिश्नोई पूर्व विधायक नोखा, अति विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक माननीय श्रीमती मंदा विजय मात्रे एवं विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के बाड़मेर ज़िलाध्यक्ष अनंत कुमार, एडीएम ओमप्रकाश, डीआरआई सत्यनारायण, अभिनेता संजय इराम शिरकत करेंगे। विश्नोई समाज मुंबई के अध्यक्ष जालाराम बिश्नोई समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे।



महाराष्ट्र में असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजना

## सरकार का दृष्टिकोण सकारात्मक

▶▶ कैबिनेट के समक्ष पेश किया जाएगा प्रस्ताव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में असंगठित कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जल्द ही कैबिनेट के समक्ष एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। श्रम राज्य मंत्री एड. आशीष जयस्वाल ने विधान परिषद में एक ध्यानाकर्षण प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस संदर्भ में मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर सरकार सकारात्मक रुख अपनाएगी। राज्य में 2023 में असंगठित कामगारों के लिए एक मंडल स्थापित किया गया, जिसमें 39 उद्योग व्यवसाय क्षेत्रों की पहचान की गई और 340 प्रकार के कार्यों को शामिल किया गया। केंद्रीय सरकार के सोशल सिक्योरिटी अधिनियम को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में भी एक व्यापक सुरक्षा कानून बनाने की दिशा में सरकार सकारात्मक है। सरकार ने पहले ही भवन निर्माण कामगार मंडल की स्थापना की है और इसी तर्ज पर असंगठित कामगारों के लिए भी एक स्थायी और आत्मनिर्भर निगम बनाने पर विचार किया जा रहा है। असंगठित कामगारों के लिए अन्य राज्यों में लागू योजनाओं का अध्ययन कर महाराष्ट्र में भी इन्हें लागू करने के लिए सरकार सकारात्मक है। साथ ही, कोरोना महामारी के दौरान ई-श्रम पोर्टल पर महाराष्ट्र के कई कामगारों का पंजीकरण किया गया था। जो असंगठित कामगार वर्तमान योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, उनके लिए एकीकृत पंजीकरण प्रणाली बनाई जाएगी। असंगठित क्षेत्र के कामगार राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इसलिए, उनके लिए प्रभावी योजनाएं लाना समय की आवश्यकता है। विधान परिषद सदस्य सत्यजीत तांबे ने ऑनलाइन ऐप के माध्यम से वस्तुओं की डिलीवरी करने वाले गिग कामगारों से संबंधित प्रश्न उठाया था। सदस्य निरंजन डावखरे और भाई जगताप ने इस मुद्दे पर उपप्रश्न पूछे।

## अंतिम रिपोर्ट के बाद दोषियों पर कार्रवाई : पंकज भोयर

**मुंबई।** परभणी में हुई घटना में गिरफ्तार किए गए आंदोलनकारियों में से सोमनाथ सूर्यवंशी का 15 दिसंबर को न्यायिक हिरासत में निधन हो गया। चिकित्सा दल की अंतिम रिपोर्ट के निष्कर्ष के बाद, इसमें दोषी पाए गए व्यक्तियों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी, ऐसी जानकारी गृह राज्य मंत्री पंकज भोयर ने विधान परिषद में दी।

उन्होंने यह भी कहा कि सूर्यवंशी के परिवार द्वारा दिए गए निवेदन के अनुसार उनके पुत्र को नौकरी देने के संबंध में जल्द से जल्द निर्णय लिया जाएगा। परभणी की घटना में सोमनाथ सूर्यवंशी की मृत्यु के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने को लेकर सदस्य भाई जगताप ने ध्यानाकर्षण सूचना प्रस्तुत की थी। इस संदर्भ में हुई चर्चा में सदस्य अमोल मिटकरी और डॉ. प्रज्ञा सातव ने भाग लिया। गृह राज्य मंत्री डॉ. भोयर ने कहा कि परभणी में पुलिस को उग्र भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। इस घटना में कुल 11 मामले दर्ज किए गए और 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन्हीं में से गिरफ्तार आंदोलनकारी सोमनाथ सूर्यवंशी का 15 दिसंबर को न्यायिक हिरासत में निधन हो गया। उनके शव का 16 दिसंबर को पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि हिस्टोपैथोलॉजी परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का अंतिम कारण निर्धारित कर अंतिम रिपोर्ट दी जाएगी। इस रिपोर्ट के आने के बाद दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ऐसा वक्तव्य डॉ. भोयर ने दिया।

## मीरा भायंदर मनपा आयुक्त बनें राधाबिनोद शर्मा

**भायंदर।** मीरा भायंदर महानगरपालिका के आयुक्त संजय काटकर का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह 2012 आईएएस बैच के अधिकारी राधाबिनोद शर्मा को मीरा भायंदर मनपा आयुक्त की कमान सौंपी गई है। संजय काटकर की कार्यशैली को लेकर स्थानीय नेताओं में नाराजगी के सुर सुनाई दे रहे थे। राधाबिनोद शर्मा को 2023 में एमएमआरडीए सह आयुक्त की कमान सौंपी गई थी। राधाबिनोद शर्मा महाराष्ट्र बीड के जिलाधिकारी रह चुके है। एमएमआरडीए के सह आयुक्त राधाबिनोद शर्मा को मनपा की कमान दिए जाने के बाद स्थानीय नेताओं ने सरकार के इन निर्णय का स्वागत किया है।



# कोपरखैरणे और घणसोली में अवैध निर्माण पर कार्रवाई

▶▶ चार मार्च को जारी की गई थी नोटिस

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग द्वारा नोटिस देने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों द्वारा नोटिस का संज्ञान न लेने के कारण, अनधिकृत निर्माण के खिलाफ नवी मुंबई मनपा विभाग की ओर से आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे एवं उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग द्वारा कोपरखैरणे और घणसोली विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की गई। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कोपरखैरणे विभाग में (1) मारुति डी. कोरगांवकर, एस. एस. टाइप, रूम नंबर 200, सेक्टर 17, कोपरखैरणे, नवी मुंबई द्वारा किए गए निर्माण पर महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन एवं नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत चार मार्च को नोटिस जारी की गई थी। उक्त निर्माण पर निष्कासन की कार्रवाई की गई और रु.10,000/- का दंड वसूला गया। (2) बीरामबोले राजाराम विठोबा, एस. एस. टाइप, रूम नंबर 201, सेक्टर 17, कोपरखैरणे, नवी मुंबई द्वारा किए गए निर्माण पर भी महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन एवं नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत 04 मार्च को नोटिस जारी की गई थी। उक्त निर्माण पर निष्कासन की कार्रवाई की गई और रु.10,000/- का दंड वसूला गया। (3) जयवंत पी. बांदल, एस. एस. टाइप, रूम नंबर 202, सेक्टर 17, कोपरखैरणे, नवी मुंबई द्वारा किए गए निर्माण पर महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन एवं नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत 04 मार्च को नोटिस जारी की गई थी। निष्कासन की कार्रवाई की गई और रु.10,000/- का दंड वसूला गया।



## जल संसाधन मंत्री ने की जल वितरण और विकास कार्यों की समीक्षा

**मुंबई।** उजनी परियोजना नहर सलाहकार समिति की बैठक मंत्रालय में जल संसाधन मंत्री (गोदावरी और कृष्णा घाटी विकास महामंडल) राधाकृष्ण विखे पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उजनी परियोजना की नहरों के जल वितरण प्रबंधन और विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उजनी परियोजना में जल भंडारण, 2024-25 के ग्रीष्मकालीन जल योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री एवं सोलापुर जिले के पालकमंत्री जयकुमार गोरे, खेल एवं अल्पसंख्यक मंत्री दत्तात्रय भरणे, विधायक सचिन कल्याणशेट्टी, सुभाष देशमुख, राजू खरे, नारायण पाटिल, अभिजीत पाटिल, उत्तमराव जानकर, समाधान आवताडे, दिलीप सोपल और कृष्णा घाटी विकास महामंडल के कार्यकारी निदेशक अतुल कपोले उपस्थित थे।

# साइबर अपराधों को रोकने को महत्वाकांक्षी परियोजना : योगेश कदम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

- परियोजना के लिए 850 करोड़ का बजट आवंटित
- राज्य के 50 साइबर पुलिस थानें इस प्रणाली से जुड़ेंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में साइबर अपराधों में भारी वृद्धि हुई है, और इसे नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार ने एक महत्वाकांक्षी साइबर सुरक्षा परियोजना शुरू की है। इस परियोजना के लिए 850 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके साइबर अपराधों को वास्तविक समय में रोकने का प्रयास किया जाएगा, यह जानकारी गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने विधान परिषद में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में दी। साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, नवी मुंबई के महापे में एक अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

यह केंद्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और क्लाउड-आधारित प्रणाली का उपयोग करेगा, जिससे राज्य भर के 50 साइबर पुलिस थानों को इस प्रणाली से जोड़ा जाएगा। इससे ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में तुरंत कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, एक विशेष रियल-टाइम ट्रैकिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जो संदिग्ध बैंकिंग लेन-देन की निगरानी करेगा। यदि धोखाधड़ी पहले 2-3 घंटे के भीतर रिपोर्ट की जाती है, तो संबंधित धनराशि को तत्काल फ्रीज किया जा सकता है, जिससे आगे की वित्तीय हानि रोकी जा सकेगी, मंत्री ने बताया। यह साइबर सुरक्षा परियोजना अप्रैल 2025 में लागू की जाएगी, और सरकार का लक्ष्य इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से साइबर अपराधों को काफी हद तक कम करना है। मंत्री कदम ने यह भी कहा कि यह पहल अन्य राज्यों और यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के लिए भी एक मॉडल बनेगी। ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए, विधान परिषद सदस्य सुनील शिंदे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया। चर्चा में सतेज उर्फ बंटी पाटिल, सचिन अहीर और निरंजन डावखरे ने भी भाग लिया और अतिरिक्त प्रश्न उठाए।

## संबंधितों के खिलाफ होगी कार्रवाई : उदय सामंत

**मुंबई।** कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के शास्त्रीनगर अस्पताल में प्रसव के लिए एक 26 वर्षीय महिला को 11 फरवरी को भर्ती किया गया था। प्रसव के बाद आंतरिक रक्तस्राव होने के कारण महिला पर शस्त्रक्रिया की गई। शस्त्रक्रिया के बाद महिला की मृत्यु हो गई। इस मामले में ठाणे जिला शल्य चिकित्सक की अध्यक्षता में एक समिति स्थापित की गई है। इस समिति की रिपोर्ट आने के बाद संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, यह जानकारी राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधान सभा में आज ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में दी। मोहन मते ने इस बाबत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश किया था।

शोक संदेश



स्व. बाबूलाल रावल
(स्वर्गवास : 01-03-2025)
निवास : कैलाश नगर (सिरोही)
शोकाकुल रावल परिवार

विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# महिला दिवस पर रोहिणी लोकरें देंगी 'आर्ट ऑफ लिविंग' पर मार्गदर्शन

- केडीएमसी "ऊर्जा-उत्सव उन्नति का" थीम पर करेगा आयोजन
- महिलाओं के लिए नेल आर्ट और मेहंदी के स्टॉल नि:शुल्क उपलब्ध

**कल्याण।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आठ मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष्य में मनपा नाट्यगृह में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लेकिन इस वर्ष, मनपा आयुक्त डा. इंदु राणी जाखड़ की अवधारणा के अनुसार, पारंपरिक पद्धति से अलग हटकर "ऊर्जा-उत्सव उन्नति का" इस टैगलाइन के अंतर्गत कल्याण-डोंबिवली मनपा और सिटी पार्क मैनेजमेंट के संयुक्त सहयोग से आठ मार्च को एक अनोखे और अभिनव तरीके से महिला दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल्याण के गौरीपाड़ा स्थित सिटी पार्क के प्राकृतिक वातावरण में शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित किया गया है। महिला दिवस के अवसर पर शाम 5 बजे सिटी पार्क में आने वाली महिलाओं और आगंतुकों का स्वागत गुलाब के फूल देकर किया जाएगा। महिलाओं के लिए नेल आर्ट और मेहंदी के स्टॉल नि:शुल्क उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा, महिलाओं के लिए हीमोग्लोबिन, बोन डेंसिटी और रैंडम शुगर जैसी स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निशुल्क की जाएगी और हीमोग्लोबिन की कमी के लिए आवश्यक दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए जुम्बा डांस, योग और नृत्य प्रस्तुतियां भी होंगी। साथ ही, "माँ और बेटी" की जोड़ी के लिए एक विशेष रैंप वॉक का आयोजन किया गया है। इतना ही नहीं, महिला दिवस की रंगत बढ़ाने के लिए लाइव म्यूजिक का भी विशेष आयोजन किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित विशेषज्ञ डॉक्टरों से महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर खुली चर्चा होगी। इसके अलावा, कुछ चुनिंदा महिलाओं को डॉक्टरों से सीधे सवाल पूछने का अवसर भी मिलेगा। इस कार्यक्रम में मनपा की कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरें "आर्ट ऑफ लिविंग" पर मार्गदर्शन देंगी। साथ ही, कल्याण-डोंबिवली की उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए आकर्षक सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे और स्वादिष्ट व्यंजनों के कई स्टॉल लगाए जाएंगे। पै फ्रेंड्स वाचनालय द्वारा महिलाओं से जुड़े विषयों पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर मनपा आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ स्वयं उपस्थित रहकर महिलाओं को संबोधित करेंगी।



# वसई पश्चिम में सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वसई।** वसई पश्चिम स्थित पारनाका (भास्कर आली) में पांच मार्च को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत श्रमदान मुहिम और सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वसई विरार शहर महानगरपालिका के घनकचरा प्रबंधन विभाग और सहयोगी संस्था अलाईट सोल्यूशन सर्विसेस द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के तहत स्वच्छ महाराष्ट्र अभियान और स्वच्छ वसई विरार अभियान को सफलतापूर्वक लागू करने के उद्देश्य से यह श्रमदान मुहिम, सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह और स्वच्छ मार्च रैली आयोजित की गई। प्रभाग समिति (आई) में आयोजित इस श्रमदान मुहिम में स्कूल, महाविद्यालयों के शिक्षक-विद्यार्थी, समाजसेवक, जनप्रतिनिधि, पर्यावरण प्रेमी, सोसायटी के नागरिक, महिला बचतगट की महिलाएं, आशा वर्कर, एएनएम कर्मचारी आदि उपस्थित थे। सभी ने वसई पश्चिम के पारनाका रोड से भास्कर आली उद्यान तक सफाई अभियान में श्रमदान किया। इस मुहिम में 150 से 200 विद्यार्थी और नागरिकों ने भाग लिया। प्रभाग समिति (आई) के अंतर्गत 350 सफाई कर्मचारियों में से 10 सर्वश्रेष्ठ सफाई कर्मचारियों का चयन किया गया, जिन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। वसई विरार मनपा स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगातार विभिन्न उपक्रम आयोजित कर रही है, जिससे नागरिकों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। इसके साथ ही, शहर के प्रमुख स्थलों पर स्वच्छता संदेशों के प्रचार-प्रसार के लिए सौंदर्यीकरण किया गया है, जिससे मनपा के प्रयासों की सराहना हो रही है। इस अभियान को वसई-विरार मनपा और सहयोगी संस्थाओं के प्रयासों से अधिक प्रभावी रूप से संपन्न किया गया। नागरिकों की भागीदारी और समर्थन अत्यंत सराहनीय रहा। इस अवसर पर घनकचरा प्रबंधन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



▶▶ वसई विरार शहर महानगरपालिका का स्वच्छ सर्वेक्षण



▶▶ ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा-पहली बार सदन में बिजली को लेकर हल्ला नहीं

# जिन घरों में सोलर प्लेट उन्हें मिलेगा 150 यूनिट का लाभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**जोधपुर।** राजस्थान सरकार में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर गुरुवार को जोधपुर पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए राजस्थान में चल रही बिजली योजना को लेकर जानकारी दी। कहा कि इस बार बजट में 150 यूनिट निःशुल्क बिजली की घोषणा की गई है। उसमें उन्हीं उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी जिनके घरों में सोलर कनेक्शन इंस्टॉल किया जाएगा। इसके लिए राजस्थान सरकार की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत उपभोक्ताओं को जोड़ा जाएगा। हीरालाल नागर के बयान के बाद अब उन अटकलें पर मुहर लग गई है जिसमें यह कहा जा रहा था कि गहलोत सरकार द्वारा शुरू की गई घरेलू उपभोक्ताओं को फ्री बिजली यूनिट की योजना को अब बंद कर दिया जाएगा।

## केंद्र की योजना के तहत मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के तहत जो 100 यूनिट बिजली वर्तमान में राजस्थान के पंजीकृत उपभोक्ताओं को मिलती है। प्राथमिकता से सोलर प्लेट लगाकर उनका 150 यूनिट मुक्त बिजली देने का काम प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। इसे आने वाले दो से तीन महीना के अंदर धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री निःशुल्क योजना के तहत लाभान्वित उपभोक्ता है उन्हें पीएम सूर्य योजना के तहत लाभ मिलेगा।

## सोलर उत्पादन में हम आगे

सोलर उत्पादन में राजस्थान देश में हब बनता रहा है। इसका उपयोग हम राजस्थान के भविष्य को सुधारने में करेंगे। हमने 30000 मेगावाट के पार्क डेवलप करने का निश्चय किया है। जिसमें बड़ी कंपनियों के माध्यम से एग्रीमेंट कर रहे हैं। जिनके साथ भागीदारी में सोलर का उत्पादन किया जाएगा।



## बजट घोषणाओं को कर रहें पूरा

इसके अलावा उन्होंने बजट घोषणा को लेकर भी जानकारी दी कहा कि बजट इस बार शानदार रहा। बजट को क्रियान्विति पर महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहे हैं। बजट की क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए परिवार वाले जिलों में मंत्रियों को भेजा जा रहा है। उसकी नियमित रूप से समीक्षा करने का काम किया जा रहा है। पिछले बजट की लगभग सभी घोषणाएं पूरी हो चुकी है।

### पूरे सीजन आवश्यकता अनुसार बिजली उपलब्ध

बिजली के मामले में इस बजट सत्र में विद्युत की आपूर्ति के बारे में किसी भी प्रकार की कोई भी सदन में हो हल्ला नहीं हुआ पहली बार में देख रहा हूं कि बजट होने के बाद किसी भी तरह की कोई समस्या ऊर्जा विभाग से संबंधित नहीं आई। उन्होंने कहा कि इस पूरे सीजन में किसानों को आवश्यकता अनुसार बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। आने वाली गर्मी के हम पूरा प्रयास कर रहे हैं कि पिछली गर्मी में उपभोक्ताओं को जो समस्या हुई वह इस गर्मी में नहीं हो इसके लिए डिस्कॉम पूरा प्रयास कर रहा है।अघोषित कटौती को लेकर कोई भी समस्या नहीं है। किसानों को पूरी बिजली हमने दी है। आने वाले गर्मी में भी कैसे हम अतिरिक्त बिजली किसानों को दें इसके लिए भी उचित प्रबंध कर रहे हैं।

# जैसलमेर में बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए 64 सेंटर

▶▶ पुलिस जाप्ता रहा तैनात

**जैसलमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गई है। पहले दिन 10वीं की अंग्रेजी और 12वीं की मनोविज्ञान की परीक्षा हुई। बोर्ड परीक्षाओं के लिए जैसलमेर में कुल 64 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिसमें 10वीं के लिए 63 तथा 12वीं के लिए 59 परीक्षा केंद्र है।। जैसलमेर में इस साल आठ हजार 573 परीक्षार्थी 10वीं की परीक्षा देंगे। इसके साथ ही 12वीं कक्षा के लिए पांच हजार 945 परीक्षार्थी पंजीकृत है। शिक्षा विभाग ने झिनझिनयाली परीक्षा केंद्र को अति संवेदनशील व सांगड़ को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। सभी परीक्षा केंद्रों में सिर्फ शहर की एकमात्र निजी स्कूल में गांधी बाल को संवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाया गया है। ऐसे में इन तीन परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त जाब्ता लगाया गया है।

### ▶▶ उत्साह के साथ परीक्षा देने आए विद्यार्थी

जैसलमेर में बोर्ड परीक्षा को लेकर बच्चों ने तैयारी की और गुरुवार सुबह उत्साह के सतह परीक्षा देने आए। परीक्षा केन्द्रों पर बच्चों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था भी माकूल नजर आई। परीक्षा केन्द्रों के बाहर सिटिंग व्यवस्था को लेकर बच्चे बाहर लगे चार्ट पढ़ते नजर आए। कई बच्चों को उनके परिजन परीक्षा केंद्र छोड़ने आए तो कई स्टूडेंट अपने हिसाब से साइकिल आदि लेकर पहुंचे।

# वहम का इलाज हकीम के पास भी नहीं : शेखावत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति मंत्री और जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत गुरुवार को जोधपुर पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के दक्षिण भारत में परिसीमन के बाद कम होने वाली सीटों को लेकर बयान दिया कहा कि वहम का इलाज हकीम लुकमान के पास भी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका उनका सारा विषय डिप्रेशन और वहम के बेस हैं।



कुछ लोग वहम के कारण से ऐसा करते हैं। कुछ लोग इस तरह के वहां से इस तरह का पॉलिटिकल लाभ पाने की कोशिश करते हैं। अब देखने का विषय की स्टालिन कौन से ब्रैकेट में खड़े हैं। बता दें कि तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के नेतृत्व में बुधवार को जनगणना आधारित परिसीमन और ट्रायल लैंग्वेज वार पर सर्वदलीय बैठक भी हुई।

### ▶▶ विकास कार्यों की जानकारी दी

शेखावत ने बीकानेर जिले के प्रसिद्ध करणी माता मंदिर में प्रसाद योजना के तहत 22.57 करोड़ रुपए की लागत से करवाए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर जानकारी दी। कहा पर्यटन क्षेत्रों के विकास और भारत में धार्मिक पर्यटन के महत्व को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रसाद योजना को लागू किया था। करणी माता मंदिर उनके ही नहीं देशवासियों के लिए आस्था का विषय है। वहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव में सुधार किया जाए, उनके लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जा सके। इसके लिए राजस्थान सरकार ने प्रोजेक्ट प्रस्तावित किया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने मंत्रालय से आग्रह किया था।

### बोले- शाही शादियों से अर्थव्यवस्था को फायदा

शिवराज सिंह चौहान के बेटे की शादी को लेकर कहा कि इस तरह की शादियों से शहर और अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा लाभ होता है। निश्चित रूप से इस तरह की बड़ी शादियों से राजस्थान की अर्थव्यवस्था बढ़ेगी। महाराष्ट्र के सपा नेता आजमी के बयान को लेकर कहा कि का उनके बयान का उचित जवाब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में दे दिया है। अब्बू आजमी ने तीन मार्च को महाराष्ट्र विधानसभा में कहा था कि हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता।

# जैसलमैर : फूड सेफ्टी विभाग ने मिलावट के शक में दबिश दी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में होली के त्योहार को देखते हुए फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने मिलावट के शक में सम गांव व फलेडी में दबिश दी। इस दौरान किराना व मिठाई की दुकानों से नौ फूड प्रोडक्ट के सैंपल लिए। साथ ही एक्सपायरी डेट के फूड प्रोडक्ट को नष्ट करने की भी कार्रवाई की गई। एफएसओ किशनाराम कड़वासरा ने बताया- सभी फूड सैंपल को जोधपुर स्थित लैब भेजा गया है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कड़वासरा ने बताया कि सभी खाद्य विक्रेता, दवा विक्रेता एवं फल सब्जी विक्रेता को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री बनाने और बेचने के लिए पाबंद भी किया गया। एफएसओ कड़वासरा ने बताया- होली के त्योहार को देखते हुए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे एवं जिला कलेक्टर प्रतापसिंह के निर्देशानुसार सीएमएचओ डा. राजेंद्र कुमार पालीवाल के मार्गदर्शन में जिले में अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टीम ने सम गांव व फलेडी क्षेत्र में निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की। जिसमें अलग-अलग प्रतिष्ठानों से मिर्च पाउडर, कोकोनट पेड़ा के नमूने और सम क्षेत्र में मिठाई की दुकानों से देसी पेड़ा, घोटवा मिल्क केक सहित नौ सैंपल लिए गए। सभी सैंपल को सीज कर जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जोधपुर भिजवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही फलेडी गांव में किराना दुकान पर 12 लीटर फ्रूट ड्रिंक, 10 किलो पैकेट नमकीन भुजिया, 10 किलो वनस्पति, कोकोनट चॉकलेट वगैरह अवधिपार सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कड़वासरा ने बताया कि सभी खाद्य विक्रेता, दवा विक्रेता एवं फल सब्जी विक्रेता को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री बनाने और बेचने के लिए पाबंद किया गया।



# पिस्तौल की नोक पर किडनैपिंग, लूट मामले में एक गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बोलेरो कैंपर में सवार होकर आए पांच बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर किडनैप कर मारपीट की, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन व कैश रुपए लूट लिए।

इस मामले में बालोतरा जिले की डीएसटी ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बीते डेढ़ साल से फरार था।

वांटेड पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। एसपी हरिशंकर ने बताया- पुलिस टीम ने चतुर व



बदमाश प्रवृत्ति के आरोपी ओमाराम उर्फ ओमप्रकाश पुलिस के भय से फरार हो गया था। अलग-अलग नाम परिवर्तन करके राजस्थान व गुजरात राज्य में अलग-अलग स्थानों पर रहने लगा।

### दो आरोपी घटना के बाद किए गिरफ्तार

घटना के तुंरत बाद पुलिस ने गंभीरता को दिखाते हुए टीमों का गठन किया गया। टीमों ने जानकारी, तकनीकी और परंपरागत पुलिस से आरोपी हरीश उर्फ हनी व देवाराम को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। वहां से दोनों को जेल भेज दिया। कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी ईमरान खान, कॉन्स्टेबल धन्नाराम, उदयसिंह, धमेंद्र सिंह, नगाराम और मुकेश शामिल रहे।

### यह था मामला

पुलिस के अनुसार संजय कुमार ने 23 अगस्त 2023 को पुलिस थाना सिवाना में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि बीते एक माह सिवाना और बालोतरा इलाके में फेरी (गैस चूल्हा बिक्री) का काम करता हूं। 23 अगस्त 2023 को दिन के समय में अपनी बाइक लेकर सिवाना से बालोतरा की तरफ जा रहा था। जैसे ही मूठली ब्रिज से थोड़ा आगे पहुंचा तो पीछे से एक सफेद रंग की बोलेरा कैंपर आई। जिसने मेरी बाइक के आगे आकर मेरा रास्ता रोका। जिसमें पांच जने सवार थे। इसमें दो जने मेरी बाइक लेकर उक्त कैंपर के पीछे-पीछ चले। आरोपियों ने पिस्तौल दिखाकर कैंपर में डाल दिया। मूठली ब्रिज के पास की रोड पर सुनसान जगह पर ले गए। वहां पर बंधक बनाकर मेरे सिर पर पिस्तौल तानी और मोबाइल छीन मेरे हाथ से लॉक खुलवाकर मेरे फोन-पे एप्प से दो ट्रांजैक्शन कर कुल 55000 रुपए आरोपियों ने धमका अन्य नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए।

# मावली विधायक के भांजे पर फायरिंग का आरोपी वकील गिरफ्तार

**उदयपुर।** उदयपुर मावली विधायक पुष्करलाल डांगी के भांजे और नांदवेल सरपंच देवीलाल डांगी पर फायरिंग करने के आरोपी पीयूष राजपूत पिता मिथलेश निवासी बड़गांव को डबोक थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया कि आरोपी पीयूष पेशे से वकील है और उदयपुर कोर्ट में बीते सात साल से प्रेक्टिस कर रहा है।

प्रॉपर्टी विवाद के चलते इसने अपने साथी के साथ मिलकर सरपंच पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। मामले में इसका दूसरा साथी फरार है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान की थी।

# बिजली विभाग के एईएन और दलाल को किया ट्रैप

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण एसीबी टीम ने वीसीआर नहीं भरने की एवज में बिजली विभाग के एईएन और एक दलाल को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दोनों से एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है। वहीं उनके ठिकानों की भी तलाशी ली जा रही है। एसीबी के सीआई पदमपाल सिंह भाटी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी। जिसमें बताया कि एईएन बापिणी ऋषिकेश मीणा की ओर से वीसीआर नहीं भरने की एवज में पांच हजार रुपए की रिश्वत राशि मांगी जा रही है। इस पर टीम की ओर से मांग का सत्यापन करवाया गया। इसमें पुष्टि होने पर एईएन को ट्रैप करने का जाल बिछाया गया। टीम की ओर से बुधवार शाम को परिवादी से पांच हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एईएन बापिणी ऋषिकेश मीणा निवासी शेखपुरा सपोटरा जिला करौली और सह आरोपी दलाल कैलाश प्रजापत निवासी कंवर की खेजड़ी ओसियां को गिरफ्तार किया है। आरोपी इंजीनियर दलाल के मकान में ही रहता था। यहीं पर उसने परिवादी को रिश्वत देने के लिए बुलाया था। जैसे ही परिवादी ने पैसे दिए एसीबी की टीम ने रंगे हाथों उसे पकड़ लिया। ट्रैप की कार्रवाई में सीआई मनीष चौधरी, एएसआई रामकिशोर, हेड कॉन्स्टेबल अचलाराम, कॉन्स्टेबल गणेश, प्रकाश, कालूराम शामिल रहे।

**एसीबी की टीम ने पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ किए गिरफ्तार**

### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 905 | 895 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 267 | 264 |
| जिंक स्लैब | 277 | 276 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 182 |
| टिन स्लैब | 2883 | 2854 |
| निकल | 1418 | 1408 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 841 | 830 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 831 | 820 |
| कॉपर आर्मेचर | 818 | 810 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 762 | 757 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 545 | 540 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 592 | 587 |
| एल्युमिनियम | 200 | 200 |

### लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9658 | -975 |
| टिन | 32250 | -50 |
| लीड | 2020 | -1075 |
| जिंक | 2878 | -375 |
| एल्युमिनियम | 2704 | -4275 |
| निकल | 16153 | +4890 |

# व्यापार जगत

# कौड़ियों के भाव बिकेगा पेट्रोल-डीजल कच्चे तेल की कीमत में आई कमी

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमत में कमी आई है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। यह अक्टूबर के बाद पहली बार हुआ है जब तेल की कीमतों में 2% से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। विदेशी बाजारों में कमजोर मांग को देखते हुए कच्चे तेल की कीमत में कमी आई है। अभी कई संकेत और ऐसे मिल रहे हैं जिनसे पता चलता है कि कच्चे तेल की कीमत में और कमी आ सकती है। इससे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत भी गिर सकती है। बुधवार को तेल की कीमतों में गिरावट जारी रही। ब्रेंट क्रूड वायदा 0.3 फीसदी गिरकर 70.80 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 0.9 फीसदी गिरकर 67.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज के मुताबिक कच्चे तेल की कीमत में गिरावट से भारत की तेल विपणन कंपनियों को फायदा हो सकता है।




### क्या कम होगी पेट्रोल-डीजल की कीमत?

कच्चे तेल की कीमत कम होने के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारतीय तेल कंपनियां भी इस बारे में कुछ निर्णय ले सकती हैं। चूंकि अभी कच्चे तेल की कीमत कम हो चुकी है और आने वाले समय में इसमें और गिरावट के संकेत हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमत में भी कमी आ सकती है।

### और कम हो सकती है कच्चे तेल की कीमत

दुनियाभर में ऐसे कई संकेत मिल रहे हैं जिनके चलते आने वाले समय में कच्चे तेल की कीमत और कम हो सकती है। तीन मुख्य संकेत इस प्रकार हैंः इस समय अमेरिका रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने पर लगा है। ऐसे में अमेरिका ने रूस पर जो बैन लगाए हैं, उनमें वह कुछ ढील दे सकता है। अमेरिका ने विदेश और वित्त मंत्रालयों से उन बैन की लिस्ट तैयार करने को कहा है जिनमें रूस को ढील दी जा सकती है। ऐसा होने पर रूस की ओर से तेल की सप्लाई बढ़ सकती है। ऐसे में तेल की कीमत में कमी आ सकती है। OPEC+ ने अपने तेल प्रोडक्शन बढ़ाने का फैसला लिया है। रॉयटर्स की एक खबर के मुताबिक OPEC+ ने अप्रैल में तेल प्रोडक्शन को 138,000 बैरल प्रतिदिन बढ़ाने का फैसला किया है। ऑयल प्रोडक्शन में यह वृद्धि साल 2022 के बाद पहली बार हो रही है। OPEC+ ग्रुप का कहना है कि यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ओपेक और सऊदी अरब पर कीमतें कम करने के लिए दबाव बढ़ाने के बाद उठाया गया है।

# मुकेश अंबानी के कंपनी के सस्ते शेयर पर टूटे निवेशक

▶▶ खरीदने की मची लूट, 17 पर आ गया भाव

**मुंबई।** मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाला एक पेनी स्टॉक भारी बिकवाली के बाद एक्शन में है। कंपनी के शेयर गुरुवार को 2% तक चढ़कर 17.15 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। वर्तमान में शेयर अपने 52-वीक के उच्चतम स्तर 32 रुपए से 46 प्रतिशत से अधिक टूट गया है। बता दें कि बुधवार के कारोबारी सेशन के दौरान छह दिन की लगातार बिकवाली के बाद पेनी स्टॉक ने लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल की थी। इसके बाद गुरुवार को भी इसमें तेजी देखी गई। इस पेनी स्टॉक का नाम - आलोक इंडस्ट्रीज लिमिटेड है। मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली कंपनी कपड़ा उद्योग में लगी हुई है। आलोक इंडस्ट्रीज लिमिटेड बीएसई 500 इंडेक्स का एक कंपोनेंट है। आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर एक साल पहले एक तरफा रैली के कारण खबरों में थे, जिसने काउंटर को 30 रुपए से ऊपर ले लिया था।



हालांकि, स्टॉक में 32 रुपए के 52-सप्ताह के उच्च स्तर से तेज मुनाफावसूली देखी गई, जो 11 मार्च, 2024 को छुआ और 46 प्रतिशत से अधिक टूट गया था। तीन मार्च को आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर 52-सप्ताह के निचले स्तर 14.50 रुपए पर पहुंच गए थे।

आलोक इंडस्ट्रीज को 2019 में कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा अधिग्रहित किया गया था। ट्रेंडलाइन के आंकड़ों के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमोटर है और उसके पास आलोक इंडस्ट्रीज की 40 फीसदी इक्विटी शेयर पूंजी है। आलोक इंडस्ट्रीज बीएसई 500 इंडेक्स का एक घटक है।

### आप का राशिफल 7 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक 1 3 5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग हैं। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि यात्रा हो जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

# बिस्किट कंपनी ब्रिटानिया के सीईओ ने दिया इस्तीफा

▪ शेयर पर दांव लगाने वाले निवेशक सहमे

**नई दिल्ली।** बिस्किट के लिए मशहूर ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के मैनेजमेंट में बड़ी हलचल है। दरअसल, ब्रिटानिया ने गुरुवार, छह मार्च को बताया कि कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और कार्यकारी निदेशक रजनीत सिंह कोहली ने इस्तीफा दे दिया है। कोहली 14 मार्च, को इस एफएमसीजी कंपनी में अपने आखिरी कार्य दिवस पर सेवाओं से मुक्त हो जाएंगे। रजनीत सिंह कोहली ने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा कि उन्होंने बाहरी अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस्तीफा दिया है। उन्हें 26 सितंबर, 2022 को



कंपनी के सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया था। बता दें कि कोहली सितंबर 2022 में ब्रिटानिया के सीईओ के रूप में शामिल हुए और पहले जुबिलेंट फूडवर्क्स, एशियन पेंट्स और कोका-कोला कंपनी द्वारा संचालित डोमिनोज इंडिया की कमान संभाल चुके थे। इस घोषणा के बीच बीएसई पर ब्रिटानिया के शेयर में एक फीसदी तक की गिरावट आई और भाव 4653.05 पर आ गया।

### कैसे रहे तिमाही नतीजे

हाल ही में ब्रिटानिया ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के दौरान नेट प्रॉफिट में पांच प्रतिशत सालाना वृद्धि दर्ज की और यह 582 करोड़ पहुंच गया। एक साल पहले इसी तिमाही में 556 करोड़ का प्रॉफिट हुआ था। इस फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) फर्म का मुख्य परिचालन से राजस्व तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत बढ़कर 4,463 करोड़ हो गया, जबकि साल-दर-साल एक साल पहले इसी तिमाही में 4,191.83 करोड़ था।

# टाटा और महिंद्रा की धरती पर टिक नहीं पाएगी टेस्ला

▶▶ एलन मस्क की कंपनी को किसने दी चुनौती?

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी टेस्ला भारत में एंट्री करने के लिए तैयार है। टेस्ला ने मुंबई में एक शोरूम के लिए जगह लीज पर ली है। साथ ही कंपनी ने कर्मचारियों की भर्ती भी शुरू कर दी है। लेकिन हर कोई टेस्ला की सफलता को लेकर आश्वस्त नहीं है। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने मस्क की भारतीय बाजार में सफलता पाने की क्षमता पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी स्थानीय दिग्गज कंपनियां इतनी मजबूत हैं कि टेस्ला उनसे मुकाबला नहीं कर पाएगी। जिंदल ने अर्न्स्ट एंड यंग एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स में कहा, 'एलन मस्क यहां नहीं हैं। वह अमेरिका में हैं। हम भारतीय यहां हैं। वह वो नहीं बना सकते जो महिंद्रा बना सकती है, जो टाटा बना सकती है- यह संभव नहीं है। वह ट्रंप के साये में अमेरिका में ऐसा कर सकते हैं। वह बहुत बुद्धिमान हैं, इसमें कोई शक नहीं। वह एक मनमौजी व्यक्ति हैं। अंतरिक्ष यान और ये सब बना रहे हैं। उन्होंने अद्भुत काम किया है। इसलिए मैं उनसे कुछ भी छीनना नहीं चाहता। लेकिन भारत में सफल होना कोई आसान काम नहीं है।' जिंदल भी पूरी तरह से स्वामित्व वाला ईवी ब्रांड लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने एमजी मोटर के साथ मिलकर नया जॉइंट वेंचर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया शुरू किया है। एमजी मोटर इंडिया चीनी वाहन निर्माता कंपनी एसएआईसी मोटर की सहायक कंपनी है। इसके बाद एमजी मोटर का फोकस इलेक्ट्रिक वाहनों पर बढ़ गया है। टेस्ला की भारत में एंट्री को लेकर घरेलू ईवी कंपनियों ने भी पूरी तैयारी कर ली है।





# सरकार की लोकल्याणकारी योजनाओं का लें लाभ : चौधरी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उन्नत राजस्थान उन्नत जालोर मेगा प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ**

**जालोर।** सांसद लुंबाराम चैधरी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन व स्वयंसेवी संस्था 'प्रयास' के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को गिटाला रिसॉर्ट में प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ हुआ, जो 8 मार्च तक चलेगी। प्रदर्शनी के शुभारंभ समारोह में सांसद लुंबाराम चैधरी, जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, पूर्व राज्यमंत्री भूपेन्द्र देवासी, जसराज राजपुरोहित, एयरपोर्ट ऑथेरिटी ऑफ इण्डिया कमेटी सदस्य रविन्द्रसिंह बालावत उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद लुम्बाराम चैधरी ने तीन दिवसीय प्रदर्शनी में जिले के आम नागरिकों विशेषतः स्कूली छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि आज केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का ग्राम स्तर तक लाभ आमजन को प्राप्त हो रहा हैं तथा देश व प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर है।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जसराज राजपुरोहित ने केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए उन्नत राजस्थान उन्नत जालोर प्रदर्शनी में अधिक से अधिक सहभागिता निभाने की बात कही। एयरपोर्ट ऑथेरिटी ऑफ इण्डिया कमेटी सदस्य रविन्द्रसिंह बालावत ने कहा कि भारत प्रत्येक क्षेत्र में मेक इन इण्डिया कार्यक्रम की बदौलत प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना है। आज घरेलू आवश्यकताओं से लेकर रक्षा क्षेत्र में भारत अग्रणी राष्ट्र के रूप में उभरा है।

प्रदर्शनी में कृषि, रक्षा, शिक्षा क्षेत्र की नवीनतम तकनीकी योजनाओं, व्यवसाय, कौशल, औद्योगिक, प्रदर्शनी के 65 स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें आईसीएमएआर, जल शक्ति मंत्रालय, डीआरडीओ, केन्द्रीय शुष्क वन अनुसंधार केन्द्र (काजरी), खादी बोर्ड, नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, एसबीआई, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, अतुल्य भारत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल्स लगाई गई है। इस प्रदर्शनी को प्रयास एग्जिबिशन एजेंसी के निदेशक विनीश गुप्ता के दिशा-निर्देशन में लगाया गया है। इस दौरान डॉ. मंजू मेघवाल, मंजू सोलंकी, हरीश राणावत, रवि सोलंकी, महेन्द्र मुणोत, प्रकाश छाजेड़, डिम्पलसिंह, मुकेश राजपुरोहित, दिनेश महावर, दिनेश बारोट, सुरेश सोलंकी, आमजन 7 व 8 मार्च को भी खुली रहेगी प्रदर्शनी, दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक कर सकेंगे अवलोकन आमजन के लिए 7 व 8 मार्च को प्रदर्शनी खुली रहेगी। वे दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक निशुल्क प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ ले सकेंगे ।



**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025**

# महिलाओं को मिलेगी रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार, 8 मार्च को प्रदेश में महिलाएं एवं बालिकाएं राजस्थान रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेगी। इसके लिए बुधवार को रोडवेज अध्यक्ष श्रीमती शुभ्रा सिंह के निर्देशों पर आदेश जारी किए। रोडवेज के प्रबन्ध निदेशक श्री पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को राजस्थान रोडवेज की समस्त साधारण एवं द्रुतगाती (एक्सप्रेस) बसों (वातानूकुलित एवं वोल्वो के अतिरिक्त) में राज्य की सीमा में यात्रा करने वाली समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को (00:00 बजे से रात्रि 23.59 बजे तक) एक दिवस के लिये निःशुल्क यात्रा सुविधा दी जावेगी। राज्य की सीमा का तात्पर्य यह है कि उदाहरणस्वरूप कोई महिला जयपुर से दिल्ली राजस्थान रोडवेज में यात्रा कर रही है तो जयपुर से राजस्थान में अन्तिम बस स्टॉप तक यात्रा निःशुल्क होगी, राजस्थान से बाहर निकलते ही दिल्ली तक का टिकट लेना पड़ेगा। रोडवेज की कार्यकारी निदेशक(यातायात) डॉ. ज्योति चैहान ने बताया कि इस योजना के तहत राजस्थान राज्य की भौगोलिक सीमा के भीतर संचालित साधारण एवं द्रुतगति बसों (वातानुकूलित बसों को छोड़कर) में सभी महिलाओं और बालिकाओं को फ्री यात्रा की सुविधा दी जाएगी।

# जालोर : जिला कलेक्टर ने ली विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 15वें वित्त आयोग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने 15वें वित्त आयोग व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग की बैठक में बालकों के प्रति हो रहे अपराधों की रोकथाम एवं संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, उप पुलिस अधीक्षक गौतम जैन, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव कुमार सुथार, किशोर गृह की अधीक्षक मौर कंवर आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग

**भीनमाल।** वार्ड संख्या 29 के वाशिंदो ने सीएम के नाम एसडीएम व अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका भीनमाल को ज्ञापन सौंपकर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कार्य रुकवाकर बेदखल करवाने की मांग की है।ज्ञापन में बताया कि वार्ड संख्या 29 में बाला हनुमान जी का मंदिर आया हुआ है। मंदिर से लगती सरकारी भूमि खाली पड़ी है, जहां श्रदालुओं द्वारा भजन कीर्तन व प्रसादी का आयोजन किया जाता है।उक्त भूमि पर एक सरकारी शिक्षक व उसकी पत्नी द्वारा जबरन पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा है,जिसका मोहल्लेवासियों द्वारा विरोध करने पर उनके विरुद्ध झूठा मामला दर्ज करवाकर फसाने की धमकी दी जा रही है,जिसको लेकर मोहल्ले में तनाव की स्थिति बनी हुई है। ज्ञापन में तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है।

# नालियों की सफाई नहीं होने से सड़क पर फैल रहा गंदा पानी

**सांचौर।** शहर के नेहरू कॉलोनी में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से लोगो को भारी परेशानी हो रही है, जिसकी शिकायत नगर परिषद को करने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं हो रहा है, ऐसे में नालियो का गंदा पानी मुख्य सड़क पर फैला रहता है,, जहां से पैदल चलना भी संभव नहीं है, मौहल्लेवासियो ने बताया कि गंदे पानी के बिखरे होने से घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है, विद्यालय जाने वाले बच्चे भी अक्सर गंदे पानी से होकर गुजरते है, जिससे उनके जूते व कपड़े गंदे हो जाते है, कभी- कभार तो बच्चे फिसलने से गंदे पानी में गिर भी जाते है, किंतु कोई समाधान नहीं हो रहा है, मौहल्ले के लोगो ने बताया कि नालियो की सफाई नहीं होने से पूरे दिन बदबू आती है, ऐसे में मच्छरो का प्रकोप भी बढ गया और जीना भी दूभर हो गया।




**गिव-अप अभियान**

# नाम नहीं हटाने पर वसूली के लिए अब तक 105 नोटिस किए गए जारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर अपात्र लाभार्थी हटा सकेंगे अपना नाम**

**जालोर।** रसद विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 'गिव-अप अभियान' के तहत योजना का लाभ स्वेच्छा से नहीं छोड़ने वाले 20 अपात्र परिवारों को 6 मार्च को वसूली नोटिस जारी किए गए हैं। जिले में अब तक वसूली के लिए 105 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लाभार्थियों को स्वैच्छिक रूप से लाभ त्याग करने को लेकर सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए 'गिव-अप अभियान' के तहत जिले में अब तक 4070 परिवारों के कुल 14718 सदस्यों ने जिला रसद कार्यालय में आवेदन किया है एवं अब तक जिले में 834 उपभोक्ता स्वेच्छा से गिव अभियान में विभाग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर अपनी पात्रता छोड़ चुके हैं। यह योजना 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी है। 31 मार्च तक त्याग नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। विभागीय निर्देशानुसार ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारी-अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारित आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीवकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में आते है। ऐसे हटवा सकते हैं अपना नाम योजना से नाम हटाने के लिए 31 मार्च, 2025 तक संबंधित व्यक्ति को अपनी उचित मूल्य दुकान या जिला रसद कार्यालय जालोर पर जाकर निर्धारित फार्म भरना होगा अथवा विभाग के पोर्टल ीजजचेरू्ध्ध्ततबबण्तंरेजींद ण्हवअण्पदध् पर ऑनलाइन आवेदन कर लाभ का त्याग कर सकते है। इस प्रक्रिया के तहत उन्हें यह घोषणा करनी होगी कि वे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत आने के लिए अयोग्य है और स्वेच्छा से योजना से बाहर हो रहे है। स्वेच्छा से नाम हटवाने पर कोई वसूली नहीं की जाएगी। नहीं हटाया नाम तो होगी कार्यवाही जो व्यक्ति 31 मार्च, 2025 तक अपना नाम योजना से नहीं हटाएंगे उनके विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी। ऐसे व्यक्तियों से उनके द्वारा प्राप्त खाद्यान्न की बाजार दर से वसूली की जाएगी व आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी व संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय में करवा सकेंगे आधार सीडिंग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयन के आवेदन के लिए आवश्यक है।

# खाद्यान्न वितरण की अवधि 31 तक बढ़ाई

**जालोर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत जिले में फरवरी माह में खाद्यान्न वितरण की अवधि को 10 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च तक किया गया है। जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि फरवरी माह में आवंटित खाद्यान्न तकनीकी समस्याओं के कारण पूर्ण रूप से वितरण नहीं हो पाया था। ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए माह फरवरी, 2025 के अवशेष/अवितरित खाद्यान्न वितरण करने की अवधि 31 मार्च तक बढ़ाई गई है जिसमें फरवरी माह के खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित लाभार्थियों को खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा।

# पंचांग कर्ताओं की बैठक आयोजित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** महागुजरात पंचांग विद्वद परिषद व गायत्री प्रत्यक्ष पंचांग के तत्वावधान में गुरुवार को पंचांग कर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमे बड़ी संख्या में पंचांग कर्ताओं ने भाग लिया।श्री दर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि संवत् 2083 अर्थात् 2025-26 के व्रत त्यौहार निर्णय को लेकर विश्वजीत भाई रावल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे वर्ष के व्रत त्योहार पर चर्चा कर उनको निश्चित किया गया इसमें गायत्री प्रत्यक्ष पंचांग अहमदाबाद के संपादक बालकृष्ण शास्त्री, राजू भाई शास्त्री,जन्मभूमि पंचांग मुंबई की कुज्योतिबेन भट्ट,आदित्य प्रत्यक्ष पंचांग अहमदाबाद के दीपेन्द्र भाई मेहता,जोशीजी का पंचांग जोधपुर के अभिषेक जोशी, श्री दर्शन पंचांग भीनमाल के शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी,संदेश पंचांग अहमदाबाद के कनुभाई, पुरोहित व्यास पंचांग जूनागढ़ के अजय व्यास, शीतल बेन,वराहमिहिर पंचांग हैदराबाद के वेंकटेश्वर शैषाचलन,वीवीयश, बुट्टे पंचांग हैदराबाद के वी वीर भद्रया, लाटकर पंचांग कोल्हापुर के मेघश्याम लाटकर, रूईकर पंचांग करार सतारा के गुरुजी रूईकर, चामुंडा पंचांग पालनपुर से शास्त्री मधुसूदन जोशी, ज्योतिर्विद् शंकरसिंह पुरोहित व राजेन्द्र शास्त्री ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रणछोड़ वल्लभ, वल्लभाचार्य संप्रदाय ,चैतन्य शम्भु महाराज, रामकिशोर त्रिपाठी व भागवत ऋषि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर वेद मंत्रों से किया गया।

# जिला बहाली को लेकर धरना 68वें दिन जारी

**गुड़ाहेमा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर एडीएम को सौंपा ज्ञापन**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर।** सांचौर में जिला बहाली को लेकर संघर्ष समिति का धरना 68वें दिन भी जारी रहा, इस दौरान गुड़ाहेमा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर सीएम के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। सरकार अब सांचौर के किसानो व आमजन की भावनाओ के आधार पर सांचौर जिला पुनः बाहल करे ताकि क्षेत्र के लोगो को इसका फायदा मिल सके, ग्रामीणो ने आरोप लगाते हुए जालोर मुख्यालय जो कि नेहड़ के अंतिम गांव से ढाई किलो मीटर दूर है, ऐसे में गरीब व्यक्ति बजट के अभाव में न्याय के लिये जा भी नहीं सकता, ग्रामीणो ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब सांचौर जिला अस्त्वि में था तब हर वर्ग को अच्छा फायदा मिल रहा था, सरकार की योजनाओ का भी लाभ् मिल रहा था, फसल बीमा के अटके भुगतान भी आसानी से निस्तारण हो रहे थे, किन्तु अब सरकार किसानो की समस्या को कोई सुनने वाला नहीं है, किसान समस्याओ को लेकर कहां जाये, जालोर आना- जाना बहुत मंहगा पड़ता है, परिवहन के साधनो की भी पर्याप्त सुविधा नहीं है, सांय को चार बजे के बाद जालोर से सांचौर आने के लिये कोई बस सुविधा तक नहीं है ऐसें में आवश्क कार्य के लिये गया व्यक्ति बीच रास्ते में ही अटक जाता है, वहीं आकोडिय़ा, खासरवी, वेडिय़ा के लोगो को तो जिला मुख्यालय पर जाने के लिये दो से तीन दिन खराब करने पड़ते है, ऐसे में अगर अधिकारी छुटटी पर होता है तो उनका वहां जाना भी बेकार हो जाता है, ऐसे में जालोर मुख्यालय तो सांचौर क्षेत्र के लोगो के लिये किसी सजा से कम नहीं है, पिछली सरकार द्वारा सांचौर को जिला बनाकर सही कार्य किया, किन्तु वर्तमान सरकार ने बिना सोचे समझो खत्म कर दिया , जिसका बुरा प्रभाव जरूरतमंद लोगो पर पड़ा है, सरकार को किसी भी परिस्थिति में सांचौर जिले को बाहल करने की मांग की, ग्रामीणो ने आरोप लगाते हुए बताया कि आर्थिक स्थिति से सक्षम व्यक्ति तो कितनी दूरी पर जाकर अपना कार्य करवा सकता है किंतु गरीब व्यक्ति इतना दूर जाने में सक्षम नहीं है, ऐसे में सांचौर के हित में जिला बाहल करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा व सरकार के निर्णय के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई, लादूसिंह किलवा, रामावतार बिश्नोई, भीमाराम चौधरी, सदराम बिश्नोई, केसाराम मेहरा, सहित कई जने मौजूद रहे । यह सौपा ज्ञापन - जिला बाहली की मांग को लेकर एडीएम को सोंपे ज्ञापन में बताया कि सांचौर जालोर से दूरी 145 किलोमीटर होने के साथ- साथ आखिरी गांव आकोड़िया रणखार की दूरी 250 किलोमीटर है, ऐसे में सरकार ने बिना कोई स्पष्ट कारण बताए सांचौर जिले को निरस्त कर दिया है, सरकार सांचौर की जनता के साथ भेदभाव कर रही है, पूर्व सरकार ने सही मापदंडों के आधार पर जिले बनाए थे, मौजूदा सरकार ने सांचौर को निरस्त कर अन्याय किया है।

# बालिकाओं को आत्मरक्षा की दी जानकारी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** नेहरू कॉलोनी स्थित निजी विद्यालय में गरिमा अभियान के तहत आत्मरक्षा संबंधी सुरक्षा उपायों को समझाया गया, जिसमें राजस्थान पुलिस की महिला अधिकारियों विमला बिश्नोई व जमुना चौधरी ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी व सरकार द्वारा चलाए जा रहे गरिमा अभियान से परिचित करवाया, जिसमें उन्होंने कहा कि यह अभियान बालिकाओं के मान सम्मान व गरिमा को बढ़ाने के साथ-साथ प्रत्येक महिला को स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानाध्यापिका आशिमा परिवार ने बताया कि "महिला सुरक्षा वर्तमान की परम आवश्यकता है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।" कार्यक्रम के दौरान इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की बालिका एवं शिक्षिकाएं भी मौजूद रही।

# मेघवाल समाज विकास समिति की बैठक आयोजित

**सांचौर।** मेघवाल समाज विकास समिति साँचोर चितलवाना की बैठक जवाराराम मेघवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमे सर्वसम्मति से छगनलाल बावरला को मेघवाल समाज विकास समिति सांचोर - चितलवाना का अध्यक्ष चुना गया, वहीं सचिव पद पर नरपतसिंह केरिया, कोषाध्यक्ष वरधाराम गोयल, उपाध्यक्षर छगनाराम धरणावास, भारमलाराम उकल, धर्माराम कांटोल, को सर्वसम्मति से चुना गया, वहीं कार्यकारिणी की बैठक आगामी रविवार को रखने का निर्णय लिया गया । बैठक में घमण्डारीम,भाणाराम कारोला, खुमाराम पलादर, अजाराम, प्रभुराम जाखल, पहाड़ाराम कारोला, प्रतापाराम लुणियासर, विरमाराम हाड़ेतर, बिजलाराम, परखराम बड़सम, वरधाराम केरिया सहित कई जने मौजूद रहे ।



# प्रधानाचार्य को एपीओ करने का विरोध, शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सायला।** जसवंतपुरा में पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रमसिंह चारण को एपीओ करने के विरोध में गुरूवार को शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों द्वारा शिक्षामंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि जसवंतपुरा में पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रमसिंह चारण को राजकार्य में बाधा का आरोप लगाकर बिना उनका पक्ष सुने निदेशालय में एपीओ किया गया है। जिसको लेकर क्षेत्र के शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों में आक्रोश है। ज्ञापन में छात्र एवं विद्यालय हित को देखते हुए तुरंत एपीओ आदेश को निरस्त कर प्रधानाचार्य चारण का मूल स्थान पर पदस्थापन करने की मांग की है। इस दौरान किशोरसिंह राजपुरोहित, विक्रमसिंह राजपुरोहित, शैलेंद्रसिंह पुनावास, दीपसिंह मोरुआ, दशरथसिंह, छैलसिंह हरमू, दशरथसिंह नरपुरा, सुरेश मेघवाल, ओमप्रकाश चौधरी, विक्रमसिंह हरमू, आवडसिंह नरपुरा, महेंद्रसिंह नरपुरा, मेघसिंह दहिया, महेश कुमार, भंवरसिंह, विक्रमसिंह जाजुसन, रघुवीरसिंह, रमेशसिंह, जयदीपसिंह देवड़ा, अशोक लोहार, मांगीलाल माली, सुरेंद्रसिंह आदि मौजूद रहे।



# रानीवाड़ा : मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा में निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर को उप प्राचार्य संघर्ष समिति ब्लॉक रानीवाड़ा के संयोजक केसाराम गोदारा के नेतृत्व में उप प्राचार्य के 2 वर्ष की बकाया पदोन्नति के लिए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा रानीवाड़ा को ज्ञापन सोपा गया। जिसमें उप्राचार्य के पद को यथावत रखने एवं शत प्रतिशत पदोन्नति द्वारा भरे जाने की मांग की गई। संघर्ष समिति के सहसंयोजक मुकेश कुमार पुरोहित ने बताया कि उप्राचार्य पद नवीन शिक्षा सेवा नियम के अंतर्गत अति आवश्यक है एवं पीईईओ के कार्यभार में सहयोग प्रदान करता है।

**पश्चिम रेलवे**

**संधारण कार्य**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग), मुंबई सेंट्रल 08 द्वारा **निविदा सूचना क्र. डब्ल्यूआर-एमएमसीटी0ईसीओए (ईसी टीडी)/39/2024 ओ/ओ एसआरडीईई ई/सीएचजी/एमएमसीटी/डब्ल्यू** आमंत्रित है। **कार्य का नाम: पॉवर कार में इंजीन, ऑनलोड टेस्टिंग, सैफटी कवर आदि के साथ लोडिंग/अनलोडिंग, अलाइनमेंट, प्रारंभीकरण सहित पॉवर कार्स के 3 फेस 750 वोल्ट 500 केवीए केईएल मेक अल्टर्नेटर स.क्र. 230273 (मॉडल नं. टीए3560एल7एसपी) का संधारण, रिवाइंडिंग, रिकंडिशनिंग, ओवर हॉलिंग। कार्य की अनु. लागत: रु. 4,95,010/-**, ईएमडी: रु. 9,900/-, **जमा करने की दिनांक व समय: 27.03.2025 को 15.00 बजे तक। खुलने की दिनांक व समय:** 27.03.2025 को 15.30 बजे, आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **1151**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# जिले में सौ नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

**जालोर।** जिले में वर्ष 2024-25 में नये 100 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के चयन एवं प्रशिक्षण के लिए 12 मार्च, 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। नागरिक सुरक्षा जालोर के उप नियंत्रक (एडीएम) राजेश मेवाड़ा ने बताया कि जिले में नये नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की तैनाती/आवश्यकता को देखते हुए आवंटित कुल 100 स्वयंसेवकों के बुनियादी एवं सेवा प्रशिक्षण लक्ष्य की पूर्ति के लिए उपखण्डवार उप-आवंटन किया गया है जिसके तहत जिले के प्रत्येक उपखण्ड में 3 तैराक/गोताखोर व 3 भारी वाहन चालक का मनोनयन किया जायेगा। इसके अलावा जालोर उपखण्ड में 6 तथा शेष सभी उपखण्डों में 5-5 नये नगारिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का मनोनयन नर्सिंग/इंजीनियर/ इलेक्ट्रीशियन/ वेल्डर/प्लम्बर/एनसीसी/स्काउट/ अग्निशमन या आपदा प्रबंध में डिग्री या डिप्लोमाधारी/सरकारी कर्मचारी श्रेणी से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार नये नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के चयन के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं उत्तीर्ण तथा 18 से 40 वर्ष तक रखी गई है। पुरूष के लिए 172 से.मी. लम्बाई व 60 कि.ग्राम. वजन व महिला के लिए 160 से.मी. लम्बाई व 50 कि.ग्रा. वजन होना चाहिए। आवेदक केवल जिला-जालोर (राजस्थान) का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक किसी पंजीकृत/गैर पंजीकृत राजनैतिक दल का सदस्य नहीं होना चाहिए।

www.jagruktimes.co.in
epaper.jagruktimes.co.in
@jagruktimes @jagruktv

## सुविचार

सफलता में दोषों को मिटाने की विलक्षण शक्ति है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## फूहड़ता पर लगाम लगाए सरकार

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने बिहार सरकार से फूहड़ भोजपुरी और हिन्दी गानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। अपनी मांग के पक्ष में उन्होंने कहा कि, फूहड़ भोजपुरी तथा हिन्दी गाने बिहार की स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियों और महिलाओं का पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं और वे नजरें झुकाकर सड़क पर चलने को मजबूर हैं। अपनी मांग के पक्ष में नीतू चंद्रा ने कहा कि भाषा का आड़ लेकर महिलाओं के शरीर पर किसी तरह की कमेंट नहीं होनी चाहिए फिर भोजपुरी भाषा को तो मैं देश-विदेश तक लेकर गई हूं। भोजपुरी भाषा में मैं सम्मान भी लेकर आई हूं ऐसे में भोजपुरी भाषा के आड़ में कोई महिलाओं के लिए गंदे कमेंट्स वाले गाने नहीं बर्दाश्त किए जा सकते हैं। पटना उच्च न्यायालय में एक पीआईएल दाखिल किया गया है जिसकी अगुवाई सीनियर एडवोकेट निवेदिता निर्विकर ने विधिवत शशि प्रिया द्वारा सहायता किया जा रहा है। महिलाओं को कभी किसी को वस्तु समझने की भूल नहीं करनी चाहिए क्योंकि महिला का अपमान सदैव दुखदाई परिणाम का गवाह रहा है। अभिनेत्री की यह मांग पूर्णतया उचित एवं समय की मांग है। इस पर सरकार को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। क्योंकि इन्हीं गानों के चलते महिलाएं घर में टीवी भी देखना पसंद नहीं करती हैं। यह अलग बात है कि ऐसे गाना गाने वाले कई गायक आज प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं, जो समाज और देश के विकास में बाधक बन सकते हैं। जब लड़कियां या महिलाएं, सड़क पर सुरक्षित चल नहीं पायेंगी, तो क्या वे विकास के बारे में खाक सोच पायेंगी। शराबी पतियों से महिलाओं को बचाने के लिए यदि कोई सरकार अपने राज्य में शराबबंदी का कानून ला सकती है तो क्या वह स्कूल-कॉलेज जाने वाली लड़कियों तथा महिलाओं के लिए इन फूहड़ गानों पर पर प्रतिबंध नहीं लगा सकती है। अभिनेत्री ने तो केवल बिहार में इन गानों के निर्माण और बजाने पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पर हकीकत यह है कि इसे राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित करने की जरूरत है। क्योंकि इन गानों की पहुंच आज यू ट्यूब और सोशल मीडिया की वजह से हर एक व्यक्ति तक हो गई है। वहीं इन पर बनने वाली रिल्स तो और भी अश्लील हैं, जिनपर नकेल कसना बहुत जरूरी हो गया है। क्योंकि इस प्रकार के फूहड़ गाने महिलाओं में असुरक्षा की भावना पैदा करते हैं तथा इन गानों का छोटे-छोटे बच्चों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ये गाने समाज को गलत दिशा में ले जा सकते हैं और महिलाओं के प्रति सम्मान को कम कर सकते हैं। आज जरूरत है कि लोग भी व्यक्तिगत रूप से इस प्रकार के गानों एवं इन्हें गाने वाले गायकों का बहिष्कार करें।

### ब्रिटेन में तिरंगे का अपमान

# सख्त से सख्त कदम उठाये भारत



विजय कपूर

इन दिनों छह दिन की ब्रिटेन यात्रा में गये विदेश मंत्री एस जयशंकर गुजरे 5 मार्च 2025 को जब लंदन के चौथम हाउस थिंक टैंक में 'भारत का उदय और विश्व में भूमिका' विषय पर संवाद सत्र में भाग लेकर वापस जा रहे थे, तभी एक खालिस्तानी आंदोलनकारी न सिर्फ उन पर बढ़कर हमले की कोशिश की बल्कि विदेश मंत्री के सामने ही हमारे राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ दिया और देश के विरुद्ध अपमानजनक नारे लगाये। हालांकि ब्रिटिश पुलिस ने इस शख्स को तुरंत दबोच लिया लेकिन वह चाहती तो ऐसी नौबत ही न आने देती। हिंदुस्तान में हम किसी ब्रिटिश नागरिक के आसपास तो दूर ब्रिटिश हाई कमीशन से भी आंदोलनकारियों को 50 गज दूर रखते हैं।

इमेज

नई दिल्ली स्थित किसी भी विदेशी दूतावास या हाई कमीशन के बाहर जब भी कोई विरोध प्रदर्शन होता है तो पुलिस किसी तरह का जोखिम उठाते हुए प्रदर्शनकारियों को कम से कम 50 गज दूर रखती है। कोई गफलत पैदा न हो इसलिए 50 गज दूर एक रस्सी बांध दी जाती है। लेकिन विदेशों में चाहे ब्रिटेन हो या कनाडा, लोकतंत्र और मानवाधिकारों के नाम पर ये भारत विरोधी ताकतों को सर पर चढ़ाकर रखते हैं। लंदन में वायरल हुए वीडियो से पता चलता है कि भारत विरोधी प्रदर्शनकारी विदेश मंत्री के 4-5 मीटर तक पहुंच गया था, यह खतरनाक हो सकता था। हालांकि पूरे समय वहां ब्रितानी पुलिस मौजूद थी, लेकिन इसी वजह से तो यह और खतरनाक है। आमतौर पर वीआईपी प्रोटोकॉल के चलते सिर्फ किसी वीआईपी की जान की सुरक्षा का ही प्रोटोकॉल नहीं होता बल्कि उसके निकट किसी अपमानजनक स्थितियां या असहज करने वाला माहौल न पैदा हो, इसका भी ध्यान रखा जाता है। लेकिन इस सन्दर्भ में वायरल हुए वीडियो में दिख रहा है कि प्रदर्शनकारी विदेश मंत्री के नजदीक पहुंचकर न केवल तिरंगे को फाड़ा बल्कि भारत के खिलाफ अपमानजनक नारे भी लगाए, जिसे साफ़ सुना जा सकता है। भारत सरकार को यह सब हल्के में नहीं लेना चाहिए, भले ब्रितानी प्रधानमंत्री ही क्यों न, इस सबके लिए माफी मांग लें। क्योंकि वह एक औपचारिक माफी होगी, जबकि भारत के विरोधी तो पूरी दुनिया के सामने हमारा विरोध करने की अपनी कुटिल रणनीति में सफल ही हो गये। सवाल है ब्रिटेन हो या कनाडा, नीदरलैंड हो या अमेरिका, जर्मनी हो या फ्रांस। आखिर पश्चिमी देशों में भारत विरोधियों को मानवाधिकारों और लोकतंत्र के नाम पर इस तरह सिर क्यों चढ़ाया जाता है? यह कोई सहजता में घट जाने वाली घटना नहीं है, इसके पीछे दूरगामी राजनीतिक और कूटनीतिक वजहें हैं। ब्रिटेन में भारतीय प्रवासियों का एक बड़ा समुदाय है, जिसमें बड़ी तादाद में पंजाबी सिक्ख हैं। ये समुदाय राजनीति में सक्रिय हैं और कुछ थोड़े से तत्व इनमें खालिस्तानी विचारधारा का समर्थन करते हैं। अब चूंकि




ब्रितानी लेबर पार्टी सिक्ख वोट हासिल करने के लिए खालिस्तान समर्थकों के प्रति नरमी बरतती है, इसलिए ब्रिटेन में न सिर्फ कई सांसद खालिस्तानी समर्थकों से जुड़े होते हैं बल्कि उनके दबाव में जब, तब ये भारत विरोधी बयान भी देते रहते हैं। इसके अलावा एक दूसरा बड़ा कारण अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पाखंड है। पश्चिमी देश खुद की सम्प्रभुता को तो इतना महत्वपूर्ण मानते हैं कि उसके आसपास भी किसी तरह के विचार को फटकने नहीं देते, लेकिन भारत की स्वतंत्रता और सम्प्रभुता उन्हें कतई महत्वपूर्ण नहीं लगती। यहां तक कि ऐतिहासिक और अपनी मनोवैज्ञानिक भावनाओं से तो ये इसका मन ही मन विरोध भी करते हैं। उन्हें लगता है कि अभी कुछ दशकों तक तो भारत हमारा गुलाम था, आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने की शान कैसे पा रहा है? यही वजह है कि चाहे कनाडा हो, चाहे ब्रिटेन हो, इन देशों में जहां जहां कॉमन वेल्थ छतरी और संस्कार हैं, वहां वहां जानबूझकर भारत को कम महत्व देने की सजग कोशिश की जाती है। ब्रिटिश सरकार को बहुत अच्छी तरह से पता है कि पिछले काफी दिनों से मुट्ठीभर खालिस्तानी, कनाडा से लेकर अमेरिका तक रह रहकर भारत विरोधी प्रदर्शन का मौका ढूंढ़ते रहे हैं। ऐसे में जब भारतीय विदेश मंत्री अपनी महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान ब्रिटेन में मौजूद हों और उनके खिलाफ भारत विरोधी आंदोलन करने में सिर के बल खड़े हों, तब तो ब्रितानी सरकार और स्थानीय प्रशासन को अतिरिक्त सजगत बरतते हुए, इन्हें भारतीय विदेश मंत्री के आसपास भी कहीं नहीं फटकने देना चाहिए था। लेकिन ब्रिटेन का शासन ही नहीं बल्कि प्रशासन भी अभी तक औपनिवेशिक हैंगओवर से बाहर नहीं आया। ब्रिटेन अभी भी भारत को छोटे भाई के सरीखे व्यवहार करने का आदी है। क्योंकि ब्रिटेन ने कभी भारत पर औपनिवेशिक राज किया था, इसलिए वह हमारी ताकत, दुनिया में मिलने वाले हमारे महत्व के संदर्भ में सहज नहीं है। भारत एक ग्लोबल पावर के रूप में उभर रहा है, यह बात इन्हें किसी भी तर्क से हजम नहीं होती। इसलिए अप्रत्यक्ष रूप से ये तमाम देश अपने यहां भारत विरोधी ताकतों को हवा देकर हमें दबाव में रखने की कोशिश करते हैं। सिर्फ भारत विरोधी, भारतीय ताकतें ही नहीं बल्कि ब्रिटेन में पाकिस्तान की लॉबिंग भी काफी मजबूत है। हम सब जानते हैं कि किस तरह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई हमेशा ही खालिस्तानी आंदोलनकारियों के कंधे में हाथ रखती रही है। इस समय भी तमाम मीडिया खबरें जो छन छनकर बाहर आ रही हैं, उनसे साफ है कि ब्रिटेन हो या कनाडा हर जगह खालिस्तानी ताकतों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई हवा दे रही है।

भारत को इन सारी हकीकतों को जानते हुए ब्रिटेन के खिलाफ विदेश मंत्री जयशंकर पर हमले की कोशिश और उनके सामने तिरंगे के अपमान को जरा भी हल्के में नहीं लेना चाहिए बल्कि सख्त से सख्त कदम उठाने चाहिए। हमें ब्रिटने को कड़ा संदेश देना चाहिए कि वह हमें हल्के में नहीं ले सकता। क्योंकि फिलहाल हमें ब्रिटेन की कम, ब्रिटेन को हमारी जरूरत ज्यादा है। पिछले दो सालों से अलग अलग ब्रितानी प्रधानमंत्री यूं ही भारत के आगे पीछे घूमकर व्यापार समझौते की कोशिश नहीं कर रहे, आज भारत दुनिया के व्यापार नक्शे में एक बड़ी ताकत है और भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तेजी से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। ब्रिटेन को हमारी इस विकास कर रही अर्थव्यवस्था से अपने फायदे वाला व्यापार समझौता भी करना है। हमसे कई तरह की रियातें भी लेनी है और हमें कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक रूप से छोटा भी साबित करना है, ऐसा हो नहीं सकता। भारत को ब्रिटेन सहित सारी पश्चिमी सरकारों को सख्त लहजे में संदेश देना चाहिए कि वो किसी भी भारत विरोधी रवैय्ये को जरा भी बर्दाश्त नहीं करेगा।

## पंचांग

शुक्रवार, 7 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - फाल्गुन
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - अष्टमी 09.19 तक
- वार - शुक्रवार
- नक्षत्र - मृगशिरा 23.32 तक
- योग - प्रीति 18.15 तक
- करण - बालव 20.45 तक
- सूर्योदय - 06.55 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.44 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.58 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.45 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - वृषभ 11.46 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.26 से 13.13
- राहु काल - 11.20 से 12.49
- व्रत, त्यौहार - दुर्गाष्टमी, रवियोग 23.32 प्रारंभ, दादूदयाल जयंती, होली अष्टाह्निका विधान प्रारंभ
- दिशा शूल - पश्चिम

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## जानें पारद शिवलिंग को क्यों माना गया है विशिष्ट

छत्तीसगढ़ में भगवान भोलेनाथ के कई ऐतिहासिक और प्राचीन मंदिर हैं, जहां स्वयंभू शिवलिंग स्थापित है, लेकिन जब अनोखे शिवलिंग की बात होती है, तो भक्तों के मन में पारद शिवलिंग को लेकर विशेष जिज्ञासा रहती है। राजधानी रायपुर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित सुमेरु मठ में पारद शिवलिंग की स्थापना की गई है, जिसे रशेश्वर शिवलिंग के नाम से जाना जाता है। इस अद्वितीय शिवलिंग की विशेषता इसे अन्य शिवलिंगों से अलग बनाती है, और श्रद्धालुओं के लिए यह आध्यात्मिक आस्था का केंद्र बन चुका है।

**पारा को माना गया है अत्यंत पवित्र धातु**

सुमेरु मठ के पीठाधीश्वर प्रचंड वेगनाथ जी महाराज ने लोकल 18 को बताया कि यह शिवलिंग पारे यानी पारद से निर्मित है। पारद को भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में अत्यंत पवित्र और प्रभावशाली धातु माना गया है। शास्त्रों के अनुसार, भगवान शिव के वीर्य को ही पारद कहा गया है। इसलिए, इससे निर्मित शिवलिंग को सर्वोच्च और सर्वशक्तिमान माना जाता है। मान्यता है कि पारद शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि यह स्वतः प्राण प्रतिष्ठित होता है। पीठाधीश्वर प्रचंड वेगनाथ जी महाराज ने आगे बताया कि पारद शिवलिंग की पूजा करने से व्यक्ति को जीवन के समस्त कष्टों से मुक्ति मिलती है। यह न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी माना जाता है। पारद शिवलिंग की उपासना करने से सभी प्रकार के ग्रह दोष समाप्त हो जाते हैं। इसे घर में स्थापित करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसकी पूजा करने से आयु, धन, सुख, सौभाग्य और समृद्धि प्राप्त होती है। साथ ही कहा जाता है कि पारद शिवलिंग के दर्शन मात्र से भी पापों का नाश हो जाता है।

**शिव साधना का सर्वोत्तम रूप है पारद शिवलिंग**

सुमेरु मठ रायपुर का एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल है, जहां नियमित रूप से धार्मिक अनुष्ठान और साधनाएं आयोजित की जाती है। यहां स्थापित रशेश्वर महादेव के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। महाशिवरात्रि और सावन के महीने में इस स्थान पर विशेष आयोजन किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। सुमेरु मठ भांठागांव इलाके के प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर में स्थित है, जो शहर के केंद्र में होने के कारण आसानी से पहुंचा जा सकता है। पारद शिवलिंग को शिव साधना का सर्वोत्तम रूप माना गया है। रायपुर के सुमेरु मठ में स्थापित यह पावन शिवलिंग न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आध्यात्मिकता का केंद्र बनता जा रहा है।

## तारीख विशेष

### सर विवियन रिचर्ड्स

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर सर इसाक विवियन एलेक्जेंडर रिचर्ड्स का जन्म दिन है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जगत में विव और किंग विव नाम से जाने जाने वाले रिचर्ड्स का जन्म 7 मार्च 1952 को सेंट जॉन, एंटीगुआ में हुआ था। रिचर्ड्स को 100 सदस्यों के विशेषज्ञ पैनल ने बीसवीं शताब्दी के पांच महान खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है, इस सूची में विवियन रिचर्ड्स के अलावा सर डोनाल्ड ब्रेडमैन, सर गैरीफील्ड सोबर्स, सर जैक हॉब्स और महान लेग स्पिनर शेन वार्न का नाम भी शामिल है। फरवरी 2002 में क्रिकेट की बाइबल कही जाने वाली क्रिकेट पत्रिका विजडन द्वारा विवियन रिचर्ड्स की एक पारी को वन डे अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ इनिंग घोषित किया गया। इसी वर्ष दिसंबर में विज़डन ने उन्हे वन डे क्रिकेट का सर्वकालीन और टेस्ट क्रिकेट के तीन महान बल्लेबाज़ों में से एक घोषित किया, सवा सौ साल के क्रिकेट इतिहास में सिर्फ दो बल्लेबाज़ सर डान ब्रेडमैन और भारत के सचिन तेंदुलकर का स्थान ही उनसे ऊपर आंका गया है। रिचर्ड्स दाएं हाथ के एक आक्रामक बल्लेबाज़ थे, जो गेंद पर काफी शक्ति से प्रहार करते थे, इसके अलावा वे स्लिप के अच्छे फील्डर और उपयोगी ऑफ़ स्पिनर भी थे। पूर्व क्रिकेटर, उनके समकालीन, क्रिकेट पत्रकार और इस खेल के प्रशंसक सभी ने रिचर्डस को असाधारण प्रतिभा वाला क्रिकेटर बताया है, रिचर्डस की आक्रमकता का अंदाज़ा इससे लगाया जा सकता है कि अपने सत्रह साल के लम्बे कैरियर के दौरान उन्होने कभी भी बैटिंग करते हुए हेल्मेट का इस्तेमाल नहीं किया। पाकिस्तान के तेज़ गेंदबाज़ और महान आलराउंडर इमरान खान और क्रिकेट विशेषज्ञ जॉह्न बर्मिंघम के अनुसार रिचर्ड्स विशुद्ध तेज़ गेंदबाज़ों का जितनी आसानी से सामना करते थे, उतनी सहजता से कोई अन्य बल्लेबाज़ नहीं कर सकता था। कई पूर्व क्रिकेटर एक बल्लेबाज़ के तौर पर उनकी प्रतिभा का काफी सम्मान करते हैं। इयान चैपल का कहना है कि सर गैरीफील्ड सोबर्स के बाद उन्होने रिचडर्स जैसा प्रतिभाशाली बल्लेबाज़ नहीं देखा।

### फिट और ऊर्जा से लबरेज

# ताकतवर राजनेताओं की दुनिया

लोकमित्र गौतम

**वर्तमान के सबसे फिट राजनेता रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन माने जाते है। पुतिन की पसंदीदा एक्सरसाइज जूडो, तैराकी और वेटलिफ्टिंग है। इन्हें मार्शल आर्ट्स में भी विशेषज्ञता हासिल है, वे नियमित रूप से अपने जूडो स्किल्स को भी प्रदर्शित करते रहते हैं। उनकी पसंदीदा एक्सरसाइज में बॉक्सिंग और रनिंग भी है। दुनिया में सर्वाधिक फिट राजनेता की कतार में दूसरे नंबर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। हर दिन 18 से 20 घंटे तक सक्रिय रहने वाले मोदी दिनभर फिट और ऊर्जा से लबरेज नजर आते हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध हैं। मोदी जी की पसंदीदा एक्सरसाइज, योग और प्राणायाम हैं। वे प्रतिदिन योग करते हैं और इसे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य मानते हैं। बड़े और ताकतवर राजनेताओं में तीसरे नंबर के फिट विश्व नेता शी जिनपिंग समझे जाते हैं। चीनी राष्ट्रपति अपनी फिटनेस को लेकर बहुत अनुशासित रहते हैं। उनकी जीवनशैली में नियमित वॉक और एक्सरसाइज शामिल है। शी जिनपिंग को सुबह की सैर और हल्की एक्सरसाइज करने की आदत है। वह स्विमिंग और मार्शल आर्ट जैसी गतिविधियों में भी खूब रुचि रखते हैं।**

इमेज

निकली तोंद, फूले गाल, बेडौल शरीर और फूहड़ जुबान। राजनीति और राजनेताओं के बारे में आम तौरपर मनगढ़ंत समझ रखने वाली बहुसंख्यक बॉलीवुड फिल्मों में भले अभी भी ऐसे मसखरेनुमा राजनेता दिख जाते हों,लेकिन सच्चाई इसके उलट है। मैंने अपनी 30 सालों की पत्रकारिता में ज्यादातर समय राजनीति पर ही लिखा और सोचा है। इसलिए अब तक देश के कई सौ राजनेताओं से मिला हूं। राजनीतिक पत्रकारिता करते हुए,राजनेताओं को लेकर मेरी जो धारणा सबसे पहले ध्वस्त हुई थी,वह यह थी कि राजनेता बहुत शराब पीते हैं,वे फिटनेस को लेकर कतई सजग नहीं होते,वे शिष्ट भाषा और आचरण का महत्व नहीं समझते। जबकि हकीकत यह है कि राजनेता किसी भी क्षेत्र के लोगों से कहीं ज्यादा तेज दिमाग होते हैं और अपने स्वास्थ्य व फिटनेस को लेकर अधिकतम राजनेता सजग रहते हैं। क्योंकि उनके लिए फिट होना और स्वस्थ रहना महज निजी और मर्जी का विषयभर नहीं होता बल्कि उनके लिए फिट रहना उनकी प्रभावशीलता, दीर्घकालिकता और सार्वजनिक छवि के लिए भी अनिवार्य रूप से जरूरी होता है। फिटनेस उनकी निर्णय क्षमता, तनाव प्रबंधन और जनता के बीच स्वीकार्यता का भी अहम हिस्सा होती है। जो राजनेता शारीरिक रूप से जितना फिट होता है,उस पर दुनिया को उतना ज्यादा भरोसा होता है। यह अकारण नहीं है कि मौजूदा समय के सारे प्रभावशाली वैश्विक राजनेता,अपनी उम्र के दूसरे लोगों से कहीं ज्यादा फिट और ऊर्जा से भरे हैं। चाहे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों,चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग हों,रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन हो या फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों हों। डोनाल्ड ट्रंप जरूर इस मामले में थोड़े मस्तमौला दिखते हैं, लेकिन वह शारीरिक फिटनेस से कहीं ज्यादा अपनी मेंटल फिटनेस पर ध्यान देते हैं। ट्रंप नियमित वर्कआउट से जरूर बचते हैं, लेकिन गोल्फ वे नियमित खेलते हैं और पूरे जूनून के साथ खेलते हैं। इसके साथ ही ट्रंप की जीवनशैली में कुछ ऐसे तत्व हैं, जो उन्हें हमेशा ऊर्जावान बनाए रखते हैं,ट्रंप इसे अपना 'सीक्रेट वर्च्यू' कहते है। मसलन वो फास्ट फूड के शौकीन हैं, लेकिन बहुत थोड़ा खाते हैं। ट्रंप भी समझदार राजनेताओं की तरह अल्कोहल और सिगरेट से बिलकुल दूर रहते हैं, जो उनकी ऊर्जा को बनाए रखने में मदद करता है। राष्ट्रपति रहते हुए अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप व्हाइट हाउस में काफी ज्यादा घूमा करते थे, जाहिर है इसे वे व्यायाम मानते थे, इन दिनों फिर वाइट हाउस में सुबह शाम खूब घूमते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रंप इस बात को जानते हैं कि मानसिक ऊर्जा और आत्मविश्वास उनका फिटनेस सीक्रेट है। सवाल है आज के ताकतवर राजनेताओं की दुनिया में सबसे फिट राजनेता कौन है? इस सवाल का जवाब जानने के पहले यह जान लें कि आज की राजनीति जितनी टेंस और दबाव से भरी है, उतनी अतीत में कभी नहीं थी। साथ ही आज हर किसी की जीवनशैली बेहद तेज रफ़्तार भी है ऐसे में राजनेताओं को पहले से कहीं ज्यादा अपनी फिटनेस और सेहत पर ध्यान देना पड़ता है। कुछ ने तो इस संबंध में अपने फिटनेस रूटीन को सार्वजनिक रूप से साझा किया है,जिससे उनके हार्ड वर्क का पता चलता है। मसलन वर्तमान के सबसे फिट राजनेता रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन माने जाते है। पुतिन की पसंदीदा एक्सरसाइज जूडो, तैराकी और वेटलिफ्टिंग है। इन्हें मार्शल आर्ट्स में भी विशेषज्ञता हासिल है, वे नियमित रूप से अपने जूडो स्किल्स को भी प्रदर्शित करते रहते हैं। उनकी पसंदीदा एक्सरसाइज में बॉक्सिंग और रनिंग भी है। दुनिया में सर्वाधिक फिट राजनेता की कतार में दूसरे नंबर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। हर दिन 18 से 20 घंटे तक सक्रिय रहने वाले मोदी दिनभर फिट और ऊर्जा से लबरेज नजर आते हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध हैं। मोदी जी की पसंदीदा एक्सरसाइज, योग और प्राणायाम हैं। वे प्रतिदिन योग करते हैं और इसे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य मानते हैं। बड़े और ताकतवर राजनेताओं में तीसरे नंबर के फिट विश्व नेता शी जिनपिंग समझे जाते हैं। चीनी राष्ट्रपति अपनी फिटनेस को लेकर बहुत अनुशासित रहते हैं। उनकी जीवनशैली में नियमित वॉक और एक्सरसाइज शामिल है। शी जिनपिंग को सुबह की सैर और हल्की एक्सरसाइज करने की आदत है। वह स्विमिंग और मार्शल आर्ट जैसी गतिविधियों में भी खूब रुचि रखते हैं। साथ ही अपनी डाइट पर बहुत ध्यान देते हैं। वह हमेशा हेल्दी चाइनीज़ डाइट लेते हैं, जिसमें हरी सब्जियां, समुद्री भोजन और कम वसा वाले व्यंजन शामिल होते हैं। ज्यादातर राजनेताओं की तरह शी भी शराब और तंबाकू से दूर रहते हैं। अपनी जीवनशैली में मेडिटेशन और परंपरागत चीनी स्वास्थ्य पद्धतियों को अपनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन शी पर्याप्त नींद जरूर लेते हैं,साथ ही अपने काम का शेड्यूल नियंत्रित रखते हैं ताकि उनकी ऊर्जा बनी रहे।

## गीता सार



**न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।
तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति॥३८॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

इस संसार में ज्ञान के समान पवित्र करने वाला कुछ भी नहीं है। उस ज्ञान को (कर्म)योग द्वारा सिद्ध (शुद्धान्तःकरण) हुआ मनुष्य, कुछ समय पश्चात् अपने आप में ही पा लेता है॥38॥

## बोले तो...



मेरे कल के वक्तव्य से कुछ भ्रम निर्माण हो रहे हैं। मैं विविध भाषाओं के सहअस्तित्व के संदर्भ में बोल रहा था। अतः मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा मराठी ही है और सभी को मराठी भाषा सीखनी चाहिए। यह अलग बात है कि मुंबई में बहुत सारी भाषाएं बोलीं जाती हैं।

- भैया जी जोशी



अगर आप अपनी भाषा से प्यार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं, तो आप दूसरी भाषाओं के साथ भी ऐसा ही करें। मुझे यकीन है कि भैयाजी मेरी बात से सहमत होंगे। मराठी महाराष्ट्र की भाषा है, यहां रहने वाले हर व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए।

- देवेन्द्र फडणवीस



यहां आप सब से मिलकर मैं धन्य हो गया। गंगा के आशीर्वाद से काशी तक पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि जब केदारनाथ गए तो मैं बोल पड़ा था, यह उत्तराखंड का दशक होगा। यह शक्ति बाबा केदार ने दी है। वह भाव सच्चाई में बदल रहा है। जिन संकल्पना को लेकर उत्तराखंड बना था, वह संकल्प आज पूरे हो रहे हैं।

- नरेंद्र मोदी

## कुछ अलग | अजब गजब

# फ्लैट बेचकर कपल ने खरीद लिया पूरा गांव पाल रहे हैं बकरियां और मुर्गियां

भागदौड़ भरी जिंदगी से ऊबकर आजकल लोग एक बार फिर से गांवों का रुख कर रहे हैं। कभी सुविधाओं के चक्कर में लोग शहरों की तरफ भागते थे लेकिन अब शांति और सुकून की तलाश में ग्रामीण इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। ब्रिटेन में रहने वाले एक कपल ने भी ऐसा ही किया और उन्होंने मैनचेस्टर जैसी जगह पर अपना तीन कमरों का फ्लैट बेचकर गांव में शिफ्ट हो गए। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 47 साल की लिज़ मर्फी और उनके 56 साल के पति डेविड ने अपना फ्लैट बेच दिया और इस पैसे से एक पूरा का पूरा गांव खरीद लिया। अब वे यहीं बकरियां और मुर्गियां पाल रहे हैं और कभी भी वापस शहर की ओर देखना भी नहीं चाहते। उनका कहना है कि भले ही उनकी कमाई कम हुई है लेकिन उन्हें यहां इतना सुकून है कि वापस मुड़कर नहीं जाना चाहते। कपल ने जनवरी, 2021 में दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में लेक डी मैसन के ऐतिहासिक गांव को खरीदा था। इसके लिए उन्होंने यूके के मैनचेस्टर में अपना तीन बेडरूम वाला घर बेच दिया। इससे मिली रकम का इस्तेमाल उन्होंने 400 साल पुराने 6 घर, दो खलिहान और तीन एकड़ जमीन खरीदने में किया। वे यहां जब आए, तो उन्होंने इस जगह को एक शांत व्यावसायिक जगह में बदल दिया। कपल के इस प्रोजेक्ट के बाद उनके माता-पिता भी वहीं शिफ्ट हो गए, ऐसे में वे वापस लौटना नहीं चाहते। कभी रेडियो में काम करने वाले इस कपल ने अपने गांव के तीन घरों को हॉलिडे होम में बदल दिया। कुल 19 लोगों की कैपिसिटी वाले इन घरों पर वे सोलर पैनल भी लगा रहे हैं, ताकि ये ज्यादा व्यवस्थित हो जाएं। कपल का कहना है कि वे यूके में जितना पैसा कमाते थे, अब उतना नहीं कमा पाते लेकिन उनकी लाइफ क्वालिटी बेहतर हुई है। उन पर तनाव कम हुआ है। परिवार ने तीन बकरियां, चार मुर्गियां और तीन बिल्लियां भी पाल रखी हैं और सुकून की ज़िंदगी जी रहे हैं।



## पाठक पाती

### नवीन समस्याओं के अनुरूप हो महिला आंदोलन

मौजूदा दौर में लोगों का मानना है कि 19वीं और 20वीं सदी में स्त्री सुधार के संबंध में जो मूल मुद्दे थे, वर्तमान में यदि एक-दो को छोड़ दिया जाए तो उनका लगभग पूर्ण उन्मूलन हो चुका है। इसलिए अब स्त्री आंदोलन की रूपरेखा भी स्त्री की नवीन समस्याओं के अनुरूप ही होनी चाहिए, वस्तुतः इसमें कोई दो राय नहीं कि विभिन्न स्त्री आंदोलनों एवं अथक सरकारी प्रयासों के कारण स्त्रियों की दशा एवं दिशा लगातार अपनी मंजिल की ओर पहुंच चुकी है। वहीं, जहां तक स्त्री समस्याओं से संबंधित मूल मुद्दों की बात है, तो इस संबंध में सच यह भी है कि अब भी कई पुराने मुद्दे यथावत हैं। जिन मुद्दों के लोप होने का आभास होता है, वास्तव में वे लुप्त नहीं हुए हैं। उनके स्वरूप और मौलिक कारण बदल गये हैं। जैसे कि अब सती प्रथा के तहत विधवाएं जलायी नहीं जातीं, लेकिन दहेज लोभियों के द्वारा दुल्हनें जरूर जलायी जा रही हैं।

-संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# भगवान असुरों को नहीं, बल्कि आसुरी वृत्ति को मारते हैं

## सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रहे कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा निःशुल्क भागवत कथा करते हैं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ग्राम जोड़ी में ठाकुर आनंद सिंह, नीरू सिंह व यजमान ज्योतिका सिंह, मधुसूदन सिंह द्वारा आत्म कल्याण, सर्वजन हिताय तथा गौ सेवार्थ आयोजित भागवत कथा के अन्तिम विराम के दिन कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा शास्त्री जैसलान ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान् राक्षसी वृत्ति का संहार करने हैं। निर्मल तथा स्वच्छ हृदय व मन में भगवान् का वास होता है। राजा निमि को नवयोगीश्वर द्वारा भागवत धर्म की शिक्षा का विवेचन करते हुए कहा कि कर्म के पौधे को मानवमात्र अपने पुरुषार्थ से सींचकर कर्म के फल को भगवान् को समर्पित करना तथा समस्त प्राणीमात्र में स्वयं की आत्मा का दर्शन करना श्रेष्ठ कर्मयोगी तथा भक्त का लक्षण है। सुदामा के चार मुट्ठी चावल मानव कल्याण के चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष के प्रतीक हैं। कथा व्यास पं. शास्त्री ने कृष्ण के सखा सुदामा के चरित को सुनाते हुए भक्तजन समुदाय को बताया कि सुदामा ब्रह्म-ज्ञान यानी आत्मज्ञान का धनी था तथा अपने ज्ञान को बेचता नहीं था, बल्कि बांटता था। चौबीस गुरु के प्रसंग का वर्णन किया कि दत्तात्रेयजी ने यदु को चौबीस अलग अलग गुरुओं से ली गयी शिक्षा के साथ पच्चीसवां गुरु अपने शरीर को बताया है जो विरक्ति तथा विवेक का कारण है। मनुष्य जीवन की शिक्षा तो हर जगह से लेता है मगर दीक्षा एक से लेता है। धरती पर पाप बढ़ने पर यह धरती ही गौमाता का रूप लेकर सब देवताओं, ब्रह्माजी तथा शिवजी को साथ लेकर विष्णु भगवान् के पास जाती है, इसका समानांतर अर्थ यह है कि गौ अर्थात् हमारे शरीर में स्थित इंद्रियां ही गौ हैं तथा प्रत्येक इन्द्रिय में स्थित देवता बुद्धि व अहंकार के देवता ब्रह्मा तथा शिव को साथ लेकर हमारे क्षीरसागर रूपी हृदय में विराजमान परमात्मा के पास ही जाते है कि हे ईश्वर हमारी असद् वृत्तियों का नाश करो। इसका अर्थ हुआ कि स्वयं में ही ज्ञान का अवतरण या अवतार होता है। कथा के अंत में श्रीशुकदेवजी ने श्रापित राजा परीक्षित को अन्तिम उपदेश दिया कि राजन्! शरीर ही मरता व अपने कर्मों के मुताबिक बार बार जन्म लेता है। अतः जन्म-मरण के चक्कर से मुक्ति के लिए अपने स्वरूप यानी आत्मा को पहचानो जो कि न जनमती है न मरती है। आत्मा के पहचान की कोशिश के साथ बिना मोहित हुए संसार के कर्म अनासक्त भाव से करते रहने पर मनुष्य का कर्म बंधन छूटकर बार बार जन्म-मरण के चक्कर से मुक्त हो जाता है इसे ही मोक्ष कहते हैं। कथा में व्यासपीठ, आरती आदि में चढ़ावे में आयी समस्त राशि ग्राम जोड़ी की गौशाला को मौके पर ही परिदान की गयी। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रहे कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा निःशुल्क भागवत कथा करते हैं तथा अब तक अड़सठ कथाओं में खासकर गौशालाओं को या अन्य धार्मिक अथवा सार्वजनिक प्रयोजन के लिए कथा समाप्ति पर लाखों रुपये की चढ़ावा राशि दी जा चुकी है। बाद हवन होकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कुल प्राप्त चढ़ावा 1.26 लाख गौशाला जोड़ी को परिदान किया गया।




# पंजाब के किसानों के विरुद्ध बर्बरता पूर्ण रुपया न्यायोचित नहीं: न्यौल

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल कहा कि खून, पसीना बहाकर गाढ़ी कमाई करने वाले मेहनतकश किसान के



विरुद्ध सरकार का बर्बरता पूर्ण रवैया अपनाना न्यायोचित नहीं है व बर्दाश्त से बाहर है। किसान नेता न्यौल ने आज यहां बताया कि जो किसान 145 करोड़ की जनसंख्या को अन्न, फल, दूध, सब्जी उत्पादन करके देता है उस किसान की न्यायोचित मांग को सरकार लाठी, गोली, तारों के बैरिकेट्स लगाकर दबाना चाहती है इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। न्यौल ने कहा कि केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारी किसने की बात नहीं सुनती तो आखिर किस अपना दुख दर्द किसको बताएंगे । विगत 4 वर्ष से हिंदुस्तान के किसी भी प्रदेश में किसान अपनी न्यायोचित मांगों के लिए धरना प्रदर्शन करता है तो सरकार उन पर दमन चक्कर चलाकर आंदोलन को कुचल रही है। यह देश के अन्नदाता के खिलाफ घोर अन्याय है। न्यौल ने प्रधानमंत्री तथा पंजाब के मुख्यमंत्री को अलग-अलग ज्ञापन भेज कर मांग की है कि वह अन्नदाताओं की वाजिब मांग विपक्षीय वार्ता के जरिए हल करें अन्यथा देश भर के किसान पुनः दिल्ली के चारों तरफ घेरा डाल देंगे।

## पुत्री के बंधी पगड़ी

**कुचामन सिटी।** शहर के गणेश डूंगरी स्थित कुमावत मोहल्ले में आज कुमावत समाज ने एक नई पहल को जन्म देते हुए अपने समाज के जगदीश कुमावत के निधन होने के बाद पगड़ी के दस्तूर के लिए मृतक व्यक्ति के पुत्र नहीं होने पर पुत्री को पगड़ी बंधाई गई। ज्ञात हो कि पेंटर जगदीश कुमावत का पेंटिंग कार्य करते वक्त अडान से गिरने पर निधन हो गया। प्रियंका और अशुंल दोनों ने पिता की अर्थी को कंधा दिया । तथा बड़ी बेटी प्रियंका के पगड़ी बंधी।

# सिधमुख में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं -12वीं की वार्षिक परीक्षाए शुरू



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में सिधमुख में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं-12वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हुई पहला पेपर अंग्रेजी का हुआ। परीक्षाएं करीब एक माह चलेगी। परीक्षा केंद्र पर बच्चे आधा घंटे पहले पहुंचे। प्रधानाचार्य दीपचंद इंदौरिया ने बताया की सभी विद्यालयो में परीक्षा केंद्र पर नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए। मुख्य गेट पर पुलिस तैनात की। परीक्षा देने पहुंचे छात्र-छात्राओं में उत्साह और जोश देखा गया। बच्चों ने बताया कि पेपर बहुत ही अच्छा हुआ। पेपर देने से पहले थोड़ा मन में शंका थी पेपर कैसा आएगा। मन में घबराहट थी। पेपर थोड़ा कठिन था लेकिन बहुत अच्छा हुआ। संस्था प्रभारी ने बताया कि पेपर शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

# इंदु कुमार ने की बिड़ला से मुलाकात



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** अखिल भारतीय गोस्वामी सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंदु कुमार गोस्वामी मंत्री गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति ने समाज के प्रबुद्ध जनों के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला से शिष्टाचार भेंट कर समाज में शिक्षा प्रसार हेतु आवश्यकता जताई। लोकसभा अध्यक्ष ने राष्ट्र उन्नति, शिक्षा और संस्कार संवर्द्धन हेतु हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। समाज सदस्यों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रतिनिधि मण्डल में इंदु कुमार गोस्वामी, भाजपा नेता दिलीप पुरी बीकानेर, रामेश्वर गोस्वामी झालावाड़, विपिन यति मध्य प्रदेश, डॉक्टर प्रकाश गोस्वामी जयपुर, देव कुमार भारती कर्नाटक आदि उपस्थित रहे।



# जेल पर पथराव, तीन आरोपी हिरासत में

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** स्थानीय उपकारा गृह पर पथराव करने के तीन आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही गिरफ्तार किए गए आरोपियों की संख्या छह हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण आईपीएस निश्चल प्रसाद एम के सुपरविजन में एक टीम गठित की गई थी। थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने नेतृत्व में गठित टीम में एएसआई रामनिवास, हवलदार सुनील कुमार सहित कांस्टेबल रवि कुमार, संदीप कुमार सज्जन सिंह तथा कुलदीप शामिल थे। टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए मंगलवार को तीन जनों को गिरफ्तार किए थे है तथा तीन और को पकड़ा गया है। इन तीन आरोपियों में राजगढ़ तहसील के कामाण गांव के योगेश पुत्र जयप्रकाश जाट, हरेंद्र पुत्र रतन सिंह नाई तथा सुनील कुमार उर्फ ढोला उर्फ धोलू पुत्र जसवंत जाट शामिल हैं। वारदात में काम दी गई बोलोरो को पुलिस पहले ही बरामद कर चुकी है। पुलिस रेकॉर्ड के अनुसार इस उपलब्धि में सिपाही रवि कुमार की विशेष भूमिका रही है।

# सह प्रान्तपाल प्रथम का चूरू दौरा हुआ स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233ई1 के सह प्रान्तपाल प्रथम एमजएफ लायन सुधीर वाजपेयी ने आज चूरू क्लब के दौरा किया, उनके साथ इस वर्ष सह प्रान्तपाल द्वितीय के प्रत्याशी लायन सी एस तोमर, भूपेंद्र तोमर एवम हेमेंद्र तिवारी ग्वालियर से मौजूद थे, लायंस क्लब चूरू अध्यक्ष एमजएफ लायन अनुराग शर्मा ने सभी अथितियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एवम चूरू क्लब के नेत्र ऑपरेशन शिविर का अवलोकन करवाया।

सह प्रान्तपाल प्रथम सुधीर वाजपेयी ने चूरू क्लब को प्रान्त के अग्रिम पंक्ति का क्लब बताते हुए क्लब द्वारा किये जाने वाले सेवा कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की एवम आशा की कि चूरू क्लब उनके आने वाले कार्यकाल में प्रान्त में प्रथम स्थान पर रहे। प्रान्तपाल द्वितीय प्रत्यासी लायन सी एस तोमर ने आने वाले चुनाव में उनका तन मन धन से सहयोग की अपील की एवम नेत्र ऑपरेशन शिविर को पीड़ित मानवता की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

कार्यक्रम में सुनील रंजन टकणेत, राजीव चाहर, मुकुल सिगतिया, आबिद खान,बालकिशन राजगढ़िया, चंद्र प्रकाश खत्री, रामचंद्र राजोतिया, डॉ कमल वशिष्ठ, संजय कस्वां, विनोद शर्मा, राजीव शर्मा, ताराचंद प्रजापत, महेंद्र राजगढ़िया, महेंद्र धानुका, विजय इसरानी, संजय मित्तल, मंगतूराम सैनी आदि उपस्थित थे।

## बुगाला में चिकित्सा शिविर आयोजित

**बुगाला।** शिक्षक हीरालाल बुगालिया की सातवीं पुण्यतिथि पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों नें



अपनी सेवाएं दी। जिसमें शिविर में 600 रोगियों नें शिविर का लाभ उठाया और साथ ही निशुल्क चश्में भी वितरित किए गए एवं शुगर, ईसीजी की जांच कर निशुल्क दवाई दी गई। अभिषेक बुगालिया नें बताया कि पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देकर शिविर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर गांव के प्रबुद्धजन एवं गणमान्य लोग उपस्थिति रहे। साथ ही युवाओं ने कार्यक्रम कों सफल बनाने में योगदान दिया।

# निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्व. मनोहरलाल गोयनका की स्मृति में लक्ष्मीदेवी गोयनका, गणेशप्रसाद जी गोयनका के आर्थिक सौजन्य से एवम जिला अंधता निवारण समिति एवम राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी चूरू के



सहयोग से लायंस क्लब चूरू द्वारा तीन दिवसीय मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आई अस्पताल में शुरू हुआ। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया की मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में डॉ. शशिधर एवम उनकी टीम ने पहले दिन लगभग 150 रोगियों की नेत्र जांच कर 64 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर प्रभारी सुनील रंजन टकणेत ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर में रोगियों के आपरेशन के साथ ही खाने की एवं दवाइयां की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। शिविर में गोयनका परिवार के गणेशप्रसाद गोयनका, लक्ष्मीदेवी गोयनका, शेरू जी गोयनका, गौरीशंकर जी गोयनका, विक्रम, आकाश, सूर्यप्रकाश, विक्रमसिंह कोटवाद, संजय खेमका, रामगोपाल लोहिया, विकास किला, नरेश दुदवेवाला आदि स्वयं उपस्थित रहकर लाभार्थियों की आवभगत की। शिविर में सहप्रभारी राजीव चाहर, मुकुल सिगतिया, आबिद खान, बालकिशन राजगढ़िया, चंद्र प्रकाश खत्री, रामचंद्र राजोतिया, डॉ.कमल वशिष्ठ, संजय कस्वां, विनोद शर्मा, राजीव शर्मा, ताराचंद प्रजापत, महेंद्र राजगढ़िया, महेंद्र धानुका, विजय इसरानी, संजय मित्तल, मंगतूराम सैनी आदि लायन सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी एवं आयोजकीय भूमिका निभाई।

# नोहर में 'सौर भारत इंजीनियरिंग' का भव्य शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत करते हुए 'सौर भारत इंजीनियरिंग' का भव्य शुभारंभ गुरुवार को यहां पंचायत समिति मार्ग पर हुआ। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुमित चाचाण और श्री ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष रामकुमार जाजड़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। अध्यक्षता सुधीर शास्त्री ने की।

इस अवसर पर सौर भारत इंजीनियरिंग के डायरेक्टर वेदप्रकाश तिवाड़ी ने कहा, हमारा उद्देश्य हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना और सौर ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। यह पहल न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर कदम है, बल्कि एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। प्रतिष्ठान के जगदीश सुथार ने आभार व्यक्त किया। सुनिल सुथार व इंजीनियर प्रवीण कांसोटिया ने कंपनी के संबंध में विभिन्न जानकारी दी।

**गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति:** शुभारंभ समारोह में केएल मित्रूका, ओमप्रकाश कासनियां, गोरव इंदौरिया, गोविंद सुथार, महावीर बारूपाल, चानन राम कड़वासरा, डॉ. गौतम स्वामी, डॉ. रमेश सुथार, अशोक कसौटियां, विनोद स्वामी,पवन कुमार, सुनिल सोनी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे नोहर शहर के विकास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

**सौर भारत इंजीनियरिंग:** यह कंपनी सौर ऊर्जा के अत्याधुनिक और टिकाऊ समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक क्षेत्रों में सोर ऊर्जा को बढ़ावा देगी। इस पहल से ना केवल ऊर्जा संकट का समाधान होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

**गणमान्य अतिथियों की प्रतिक्रिया:** विधायक प्रतिनिधि सुमित चाचाण ने कहा, नोहर में यह परियोजना सौर ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी और इसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाएगी। श्री ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष रामकुमार जाजड़ा ने कहा, सौर ऊर्जा को अपनाना भविष्य की जरूरत है, और इस पहल से हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने सौर ऊर्जा की महत्ता और इस पहल की सफलता की कामना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम बताया।

## आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आगाज

# खेल से एकता, सामाजिकता, देश प्रेम, अनुशासन और आत्म-नियंत्रण की भावना विकसित होती हैः राठौड़

**सादुलपुर।** आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय खेल महोत्सव का सफल आयोजन आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय खेल महोत्सव का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया, जहाँ छात्रों ने अपनी खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बे का शानदार प्रदर्शन किया। इस शानदार महोत्सव का उद्घाटन कुलपति प्रो. जी. एस. राठौड़ द्वारा किया गया।

उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, खेल केवल प्रतिस्पर्धा का नाम नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास की परीक्षा भी है। हार और जीत जीवन की यात्रा का हिस्सा हैं, लेकिन सच्चा विजेता वही होता है जो खेल भावना को आत्मसात करता है और हर चुनौती से कुछ सीखता है। खेल महोत्सव के दौरान छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिनमें बास्केटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल,



फुटबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, एथलेटिक्स, चेस, कैरम और स्नूकर जैसी प्रतिस्पर्धाएँ शामिल रहीं। इन खेलों के माध्यम से न केवल छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिला, बल्कि उनमें टीम वर्क, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समर्पण जैसे महत्वपूर्ण गुणों का भी विकास हुआ। उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं था, बल्कि छात्रों को खेलों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था। इस आयोजन के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपनी खेल प्रतिभा को निखारा, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत किया। आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई देती है और यह संदेश देती है कि जीत से अधिक महत्वपूर्ण होता है सीखना, और असली खिलाड़ी वही होता है जो हर परिस्थिति में अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ता रहे। विश्वविद्यालय परिवार को उम्मीद है कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी छात्रों के संपूर्ण विकास में सहायक सिद्ध होंगे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को खेलों के प्रति उत्साह एवं जोश बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या 06/2025/आर.एस./जे.एच.एस. दिनांक 05.03.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिये उनकी ओर से **वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का विवरणः** कन्वेन्शनल लोकोमोटिव के टैप चेन्जर्स (गंज मेक) की रिहैबिलिटेशन।

| निविदा सं. | निविदा मूल्य | बयाना राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू-सी.-टी23-2024-25-आर टी1 | ₹ 7079130.00 | ₹ 141600.00 |

**निविदा बंद होने की तिथिः 01.04.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह। • निविदाकार निविदा दिनांक **01.04.2025** को **15.00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 426/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

महापारेषण
महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित

जाहीर निवेदन

बोईसर विभागातील सर्व औद्योगिक, वाणिज्यक तसेच घरगुती विद्युत ग्राहकांना सुचित करण्यात येत आहे की, महापारेषण (MSETCL) बोईसर विभागा अंतर्गत अति उच्च दाब (EHV) २२० केव्ही उपकेंद्र, विराज येथे २२०/ ३३ के. व्ही. ५० एम.व्ही.ए. पी.टी.आर. न. १ चे एच. व्ही. बुशिंगचे टॅन डेल्टा आणि पी.टी. आर. ची पी.आय. चाचणी चे काम शुक्रवार दि. ०७.०३.२०२५ रोजी सायंकाळी १६:०० ते सायंकाळी १८:०० वाजेपर्यंत २ तास हाती घेणार आहेत. त्याकरिता खालिल
फिडर वर लोडशेडिंग राहणार आहे. याची सर्व ग्राहकांनी नोंद घ्यावी.
१ ) ३३ के. व्ही. फिडर नंबर –६ (विराज) करिता २.०१ मेगा वॅट.
२ ) ३३ के. व्ही. फिडर नंबर – २ (TTP) करिता ३.०३ मेगा वॅट.
३) ३३ के. व्ही. फिडर नंबर – ३ ( वारांगडे) करिता ४.५७ मेगा वॅट.
४) ३३ के. व्ही. फिडर नंबर – १० ( विक्रमगड ) करिता ६.१७ मेगा वॅट.

--Sd--
कार्यकारी अभियंता, अउदा संवसु विभाग, बोईसर
ता. पालघर, जि. पालघर–४०१५०१

Kulgaon-Badlapur Municipal Council

E-Tender Notice No.52/2024-25

Kulgaon-Badlapur Municipal Council Invites E-Tenders for the Construction Work of Main Nallah's for Storm Water Management under Nagrothan Maha Abhiyan Scheme in Kulgaon Badlapur Area. Valued at Rs.193.24 Cr.
Detailed information regarding the tender is available on the Municipal Council's website http://kbmc.gov.in, the government's website http://mahatenders.gov.in, and on the Municipal Council's Notice Board.

Sd/-
Chief Officer
Kulgaon - Badlapur Municipal Council

जा.क्र : कुबनप / साबां / 2048 / 2024-25

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

SRM Ist CALL E-TENDER NOTICE

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed & registered Electrical contractors on Mahatransco Website https://srmetender.mahatransco.in for the following Tender Specification.**

| | |
|---|---|
| Tender No.: E-Tender -16/ 2025-26<br>Name of Tender: SRM I st Call E-tender for providing services of 86 Nos. of Skilled labours (Tech-1, Tech-2 & Asst. Tech) under Zone-I (with ESIC) at Various sub-stations under EHV(O&M) Dn., Bhandup for the period 01.04.2025 to 31.03.2026.<br>**RFx No.**- 7000035557 | **Online Downloading the RFx : Dt. 07.03.2025,10:00 Hrs. to Dt 22.03.2025,10:00 Hrs**<br>**Online Submission of the RFx :** On or Before **Dt. 22.03.2025,** 10:00 Hrs.<br>**Online Opening of the Techno Commercial RFx :** Dt. **22.03.2025,** at 11:00 **Hrs.** (If possible).<br>**Online Opening of the Price bid:** Dt.**22.03.2025, at** 12:00 **Hrs.** (If possible) |

For further details visit our website :-**https://srmetender.mahatransco.in**
Contact Person: -The DYEE Engineer(O)& Mobile No. 9819927988
**Note :** All eligible Supplier/Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL

**Sd/-**
**Executive Engineer, EHV (O&M) Division Bhandup**

# पलाश के फूलों से सजने लगे जंगल एवं पहाड़


## टेसू के फूलों से फाल्गुन की बहार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शीत ऋतु की विदाई व गर्मी की दस्तक के साथ प्राकृतिक सौंदर्य में टेसू के फूल लोगों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करने लगते हैं। पतझड़ में झड़ चुके पत्तों के बाद पेड़ों की डालियों में केवल केसरिया रंग के फूल ही दिखाई देते हैं। जिले के ईसरा, दरबारी खेड़ा, रेवदर, आबूरोड के भाखर क्षेत्र, पिण्डवाड़ा, आमलिया समेत कई स्थानों में पहाड़ एवं खेतों के पगडंडियों पर पलाश के पेड़ों पर टेसू के फूल आकर्षण का केंद्र बने हुए है। फाल्गुन की बहार ग्रामीण क्षेत्र में टेसु के इन फूलों को देख दिख रही है। रंगों के प्रतीक के रूप में इसे देखा जा रहा है। होली रंग पर्व समीप है। ऐसे में इस पर्व से जोड़कर इसे देखा जा रहा है। दूसरी ओर खेतों में पसलें पकने को है। खिले हुए टेसू के फूल मौसम के आनंद का एहसास कर रहे हैं।

### शीत ऋतु की विदाई का संकेत

यह फूल कुदरती सुंदरता को बढ़ा रहें है। टेसू के इन्ही फूलों से परम्परागत रंग तैयार कर आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में होली खेली जाती है। बसंत का आगाज होने के साथ ही पलाश के फूल जंगलों में शोभा बढ़ाते नजर आते है। फाल्गुन के आगमन के साथ आदिवासी बहुल भाखर क्षेत्र समेत आस-पास के जगलों में केसरिया रंग के ये फूल शीत ऋतु की विदाई का संकेत देते है।



## फ्रीज ब्लास्ट होने से युवक की मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पाड़ीव गांव में एक मकान में फ्रीज से सामान निकालने के दौरान अज्ञात कारणों से हुए ब्लास्ट से एक युवक के करंट के चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। सदर थाने के नारायणसिंह ने बताया कि पाड़ीव निवासी जवराराम पुत्र देवाराम सरगरा ने रिपोर्ट देकर बताया कि उनका लड़का गौतम घर में रखे फ्रीज से कुछ सामाग्री बाहर निकाल रहा था। उसी दौरान फ्रीज में अज्ञात कारणों से ब्लास्ट हो गया और उसी दौरान आग लग गई। ऐसे में करंट एवं आग की चपेट में आने से गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। गैस के पार्टस में ब्लास्ट होने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर सदर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा देर शाम को शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के सुपुर्द किया।

## शिविर में 120 लोगों के नेत्रों की जांच



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** सरतरा पंचायत में प्रशासक पेपी देवी के सहयोग से ग्लोबल आई हॉस्पिटल द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 120 लोगों की नेत्रों की जांच कर 58 लोगों निःशुल्क चश्मा तथा 13जनों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। डॉ. दिव्या ने मरीजों की जांच की। गेलाराम देवासी, ग्लोबल हॉस्पिटल से देवेंद्रसिंह काबावत समेत ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## जुआदरा को जामठा में नहीं जोड़ने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** जुआदरा के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जुआदरा को नवसर्जित ग्राम पंचायत जामठा में नहीं जोड़ने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि जामठा में उच्च माध्यमिक विद्यालय, उपस्वास्थ्य केंद्र व राशन डीलर जैसी सुविधा नहीं है और जामठा जुआदरा से आउट साइड भी है। जुआदरा गांव गुंदवाडा पंचायत के मध्य में पड़ता है। इसलिए ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत जुआदरा या रामपुरा पी. में पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की। दौरान लाराराम, जीवाराम, दशरथ कुमार, रणजीत कुमार, सोमाराम, खंगार, नागजीराम, जयंतीलाल, हकमाराम, जगसीराम, हरिराम, नारायण सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## अटल जनसेवा शिविर के पर्यवेक्षण प्रभारी नियुक्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर आयोजन करने के के लिए 17 मार्च को सवेरे 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक अथवा जनसुनवाई पूरी होने तक आमजन की परिवेदनाओं/समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के लिए जिले के समस्त ब्लॉक स्तर पंचायत समिति स्तर अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जिलास्तर से विभिन्न अधिकारियों को पर्यवेक्षण प्रभारी नियुक्त किया गया है। अति. जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि सिरोही के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पिंडवाड़ा के लिए सहायक निदेशक उद्यान, शिवगंज के लिए लीड बैंक अधिकारी, रेवदर के लिए अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग तथा आबूरोड के लिए जिला परिवहन अधिकारी को पर्यवेक्षण प्रभारी नियुक्त किया है।

## उत्साह के साथ अंग्रेजी का पेपर देने पहुंचे विद्यार्थी

### दसवीं बोर्ड की परीक्षा शुरु

जागरूक टाइम्स संवाददाता

*सिरोही। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई है। परीक्षा में 12 हजार 439 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 12101 उपस्थित हुए तथा 338 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। सभी स्टूडेंट्स को चेकिंग के बाद परीक्षा सेंटर पर एंट्री दी गई। परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित दसवीं कक्षा की परीक्षा का आज पहला पेपर अंग्रेजी का था। परीक्षा देकर आए छात्रों ने बताया कि पहला पेपर अंग्रेजी का था जो बहुत अच्छा हुआ। जिसके चलते पेपर देकर आए विद्यार्थियों के चेहरो पर खुशी देखी गई।*





**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा का आयोजन किया गया। केंद्राधीक्षक शशि चौरडिया ने बताया की बोर्ड परीक्षाएं विधिवत रूप से शुरू हो गई। परीक्षा प्रभारी जबरसिंह चौहान ने बताया कि केंद्र में पंजीकृत विद्यार्थी 220 थे। जिसमें से 218 विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य शशि चौरडिया ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के दौरान जिलास्तर से उड़ानदस्ते में एडीइओ नरेश परमार ने निरीक्षण किया।

**निम्बज।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा गुरुवार को शुरु हुई। निम्बज परीक्षा सेंटर को पहली बार सेंटर घोषित होने पर विद्यालय परिवार द्वारा परीक्षा देने आए विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य पहलादसिंह देवड़ा ने बताया की निम्बज रायपुर व अनापुर के कुल 157 परीक्षार्थियों परीक्षा दी। परीक्षार्थियों ने बताया की निम्बज परीक्षा सेंटर होने से हम काफी खुश है। पहले निम्बज से 13 किलोमीटर व रायपुर से 26 किलोमीटर व अनापुर से 10 किलोमीटर दूर दांतराई परीक्षा देने के लिए जाना पड़ता था



## मंडार में एक ही रात में चार मंदिरों के ताले तोड़े

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** बदलते मौसम के साथ इन दिनों चोरों ने आमजन की निंद उड़ा दी है। चोरी की वारदात बढने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मंगलवार रात्रि अज्ञात चोरों ने कस्बे में परिवहन कर संग्रहण केंद्र के पास घांची समाज के सांवलियाजी, अंबे माता, खेतलाजी तथा पहाड़ी की तलहटी पर स्थित खोडेश्वर महादेव मंदिर को अपना निशाना बनाया। चोरों ने मंदिरों के ताले तोड़कर चांदी का नाग, मुकुट तथा नगदी चुरा ले गए। हालांकि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि को कस्बे में घांची समाज के सांवलाजी मंदिर, अंबे माता मंदिर एवं गांव में स्थित खेतलाजी मंदिर तथा पहाड़ी की तलहटी पर स्थित खोडेश्वर महादेव मंदिर में अज्ञात चोरों ने हाथ साफ किया। चोरों को खेतलाजी मंदिर से चांदी का एक नाग, घांची समाज के सांवलियाजी मंदिर से भंडारे में से नकदी तथा अंबे माता मंदिर से माताजी का एक चांदी का मुकुट भी चोर ले गए। बुधवार सुबह जब पुजारी मंदिरों में पूजा करने के लिए पहुंचे तो ताले टूटे मिले। सूचना पर ग्रामीण एवं पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका निरीक्षण भी किया।ग्रामीणों ने बताया खोडेश्वर मंदिर में तीसरी बार चोरी की वारदात हुई है। कस्बे में पहाड़ी की तलहटी पर स्थित खोडेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ से लेकर आज तक यह तीसरी बार वारदात हुई है। जहां पर मंदिर के ताले को तोड़ा गए। समाचार लिखे जाने तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।



## माधव के डॉ. अली को मिला उत्कृष्टता अनुसंधान पुरस्कार

### युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से किरण यादव भी सम्मानित

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद फरमान अली को डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की ओर से आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय बहु-विषयक अनुसंधान एवं अभ्यास सम्मेलन में अनुसंधान में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. अली का शोध फ्रैक्शनल कैलकुलस, डिरिक्लेट की समस्या और लाप्लास ट्रांसफॉर्म जैसे जटिल गणितीय विषयों पर केंद्रित रहा है। इस प्रतिष्ठित सम्मान ने उनकी शैक्षणिक प्रतिबद्धता और अनुसंधान कार्य की महत्ता को और भी मजबूत किया है। डॉ. फरमान अली के निर्देशन में शोध कर रही श्रीमती किरण यादव को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार गणित के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण खोजों और शोध में योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. अली और किरण यादव की इस उपलब्धि पर माधव विश्वविद्यालय के प्रशासन और संकाय सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। विवि के चेयरमैन डॉ. राजकुमार, चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, और बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज संकाय के अधिष्ठाता डॉ. जीगर सोनी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. अली की इस उपलब्धि से न केवल माधव विवि का नाम रोशन हुआ है, बल्कि इससे गणित और शोध के क्षेत्र में नए अनुसंधानकर्ताओं को भी प्रेरणा मिलेगी।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित के निर्देश शिवगंज ब्लॉक में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परामर्शदाता हेमलता भाटी, अंशु राठौड़ ने महिलाओं एवं किशोरियों को एनीमिया की जानकारी दी। बालिकाओं के जन्म को सुनिश्चित करने, लिंग आधारित भेदभाव को नकारने, महिलाओं को पुरुषों के समान सर्वागीण प्रगति में सहयोगी बनाने, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा ओर कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न का पुरजोर विरोध करने की अपील की एवं कन्या भ्रुण हत्या एवं बाल विवाह को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से उन्मूलन करने की शपथ दिलाई।

# न्यूज ब्रीफ

## एडीपीसी ने किया विद्यालय का अवलोकन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में गुरुवार को समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीसी कांतिलाल आर्य ने शाला सबंलन की गतिविधियों का अवलोकन किया। जिसमें विद्यालय की समस्त शैक्षिक व सहशैक्षिक गतिविधियों संतोषजनक पाई। विद्यालय के समस्त भैतिक संसाधन का अवलोकन कर कक्षा कक्षों में जा कर अध्ययनरत विद्यार्थियों का परीक्षा में प्रश्न-पत्रों समझने एवं हल करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। संस्था प्रधान अशोक गिरी गोस्वामी ने बताया कि एडीपीसी ने विद्यालय में कक्षा 6 से 8वीं तक की वर्कबूक, विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों के नामांकन का भौतिक सत्यापन, विद्यालय की पेयजल सुविधा, साफ-सफाई, पुस्तकालय, आईसीटी लैब एवं कक्षाओं में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान रतिराम प्रजापत भी साथ थे।

## उप अधीक्षक ने किया थाने का निरीक्षण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** उप अधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा ने बुधवार को पालड़ी एम थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। थानाधिकारी फगलूराम विश्नोई ने बताया कि डीएसपी वर्मा ने वार्षिक निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, अभिलेख, हथियारों और मालखाने का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने पैण्डिंग प्रकरणों का वरियता के साथ निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। विभिन्न प्रकरणों में अधिगृहित वाहनों का कोर्ट प्रक्रिया के साथ निस्तारण करवाने की बात कही। सहायक उप निरीक्षक मोहनदास, उदाराम, मुख्य आरक्षी अशोक कुमार समेत थाने का स्टाफ तैनात रहा।

## विद्यार्थियों को वितरित की शिक्षण सामग्री एवं कला किट



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही भाग- दो में विद्यार्थियों को कला किट व शिक्षण सामग्री वितरित की। प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह आढ़ा व व्यवस्था प्रभारी गोपालसिंह राव के अनुसार विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक के सभी बालिक बालिकाओं को सत्र पर्यन्त शिक्षण सामग्री भामाशाहों के सहयोग से वितरित करते है। कला किट व शिक्षण सामग्री का वितरण वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती अनिता चौहान, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार मीणा, व्यवस्था प्रभारी गोपालसिंह राव, श्रीमती चन्द्रकांता चौहान व कीर्ति सोलंकी ने किया। सभी विद्यार्थियों के बस्ते, पानी की बोतल, लंच बॉक्स, स्वेटर व समस्त शिक्षण सामग्री भामाशाहों के माध्यम से वितरित की जाती है। भामाशाह भावेश सिंधी, नोपाराम पोसीदेवी प्रजापत सेवा ट्रस्ट के भूपेश प्रजापति, देव कंवर पत्नी हरीसिंह राव का विशेष सहयोग रहता है। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री, नरेंद्रसिंह आढ़ा, सोनल राठौड़, शर्मिला डाबी, वर्षा त्रिवेदी, तृप्ति डाबी, महेंद्र कुमार प्रजापत, कल्पना चौहान, श्रृद्धा सिंदल, कुसुम परमार, भगवतसिंह देवड़ा, दिनेश कुमार सुथार, सुमन कुमारी, लता किरण बंसल, रमेश कुमार मेघवाल, देवीलाल, भारती सुथार, कामिनी रावल का सहयोग रहा।

## बैठक में लिया होली स्नेहमिलन समारोह मनाने का निर्णय



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर के प्रथमेश गार्डन में गुरुवार को भारत विकास परिषद देवनगरी शाखा सिरोही की कार्यकारिणी बैठक अध्यक्ष नरेंद्रपालसिंह की अध्यक्षता एवं डॉ जगदीशसिंह गुर्जर के सानिध्य में आयोजित की गई। सचिन मदनसिंह परमार ने पिछले बैठक का पठन एवं अनुमोदन कर परिषद द्वारा किए कार्यों की जानकारी साझा की। बैठक में प्रमुख रूप से आगामी सत्र 2025-26 के वार्षिक चुनाव की तिथि 23 मार्च करने तथा होली स्नेह मिलन समारोह तय किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अगले सत्र के वार्षिक सदस्यता शुल्क एवं नए सदस्यों का रजिस्ट्रेशन शुल्क में बढ़ोतरी का प्रस्ताव लिया गया । महिला प्रमुख पवन आर्य, डॉ सुनंदा जैन, सचिव मदनसिंह परमार, कोषाध्यक्ष राजीव चौरसिया, सह कोषाध्यक्ष विजय जैन, भवानीसिंह चौहान, प्रदीपसिंह सिंदल, प्रमोद कुमार जानी, रताराम सुथार, बाबूलाल प्रजापत, रमेशसिंह राठौड़, हमीरसिंह राव, धनपतसिंह राठौड़, चंद्रभान मोटवानी आदि मौजूद थे।



# स्वच्छता अभियान : कस्बे को आकर्षक बनाने के लिए किया सौंदर्यीकरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** कस्बे को आकर्षक बनाने के लिए स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2.0 के अंतर्गत अव्वल स्थान पाने की चुनौती को स्वीकार्य कर नगरपालिका सक्रियता से कार्य कर रही है। कस्बे में स्वच्छता अभियान के तहत सौदर्यीकरण करने के लिए कस्बे में अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के एम. आई.एस मैनेजर अंकित शर्मा व स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के एम. एस.आई. इंजीनियर कृष्णा वाधवानी के नेतृत्व में योजना के मननरेगा श्रमिकों द्वारा शहर के चौराहों व कस्बे की सड़कों पर सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है ।शहर की सड़को चौराहा डिवाइडर व नेहरू बाल उद्यान पर स्वच्छता को लेकर स्लोगन व डस्टबिन का उपयोग करने के स्लोगन लिखे जा रहे हैं । जो सभी को आकर्षित कर रहे है।

**कचरा प्रबंधन के साथ सफाई व्यवस्था को किया जा रहा बेहतर:** नगर पालिका द्वारा कचरा प्रबंधन के लिए ठोस उपाय भी किए जा रहे है। डस्टिबिनों के उपयोग से 2.0 महास्वच्छता अभियान के तहत शहर के विभिन्न मार्गों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों को भी पूरी तरह चमकाने का कार्य किया गया है । पालिका अधिशासी अधिकारी छगन लाल यादव ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सभी स्वच्छता के मानकों का पालन कर सफाई अभियान संचालित किया जा रहा हैं। तथा कर्मचारियों को प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें झाड़ू लगाना, नालियों की सफाई करना है । इस संबंध में पालिका एम आई एस के इंजी.कृष्ण वाधवानी ने बताया कि स्वच्छता अभियान में सौंदर्यीकरण के उपाय किए गए है । तथा सार्वजनिक स्थलों व सड़कों पर कलर पेंटिंग सज्जा के साथ सफाई व्यवस्था को भी बेहतर किया जा रहा है। परिणाम स्वरूप शहर साफ स्वच्छ और चमकदार दिखने लगा हैं।

## रेलवे स्टेशन के समीप हुआ पदयात्रियों का स्वागत

**चिड़ावा।** सूरजगढ़ के प्राचीन निशान का कस्बे में पहुंचने पर रेलवे स्टेशन के पास स्वागत किया गया। भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष व श्यामभक्त बाबूलाल वर्मा ने बताया कि 1977 से सूरजगढ़ के प्राचीन निशान के तत्वावधान में भक्त शिरोमणि परम पूज्य सांवलराम एवं भागीरथमल भगतजी परमश्रद्धेय गुरुजी चंद्र शर्मा डूगराना एवं विष्णु शर्मा मास्टरजी के सानिध्य में शुरू हुई यात्रा श्री श्याम सेवा समिति रेलवे स्टेशन के 15 यात्रियों का जत्था के साथ श्याम प्रभु की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से निरंतर जारी है। गुरूवार को सुबह 5.15 बजे श्याम बाबा के नाम व जयकारों के साथ शुरू की श्याम बाबा की कृपा मेहरबानी से पिछली 48 यात्राओं में दो यात्रा बिना अनग्रहण किए बिना रुके निरंतर चलते (डाक निशान पदयात्रा) हुए श्याम धनी में खुशी खुशी संपन्न करवाई। श्याम बाबा का प्यार, आशीर्वाद एवं खाटू धाम की वार्षिक पदयात्रा का बुलावा हर वर्ष मिलता रहे। इसी मंगल कामना के साथ पदयात्रा बाबा के नाम व बाबा को समर्पित करने जा रहे हैं।



## होली स्नेह मिलन, मनोरंजक कार्यक्रम एवं अग्र प्रसाद अग्रसेन भवन में 14 मार्च को

**झुंझुनूं।** अग्रवाल समाज समिति झुंझुनू के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित अग्रसेन भवन में 14 मार्च शुक्रवार सायंकाल होली स्नेह मिलन, मनोरंजक कार्यक्रम एवं अग्र प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। होली स्नेह मिलन कार्यक्रम संयोजक आशीष तुलस्यान एवं आशुतोष मोदी के संयोजन में आयोजित होगा। जिसमें मनोरंजन कार्यक्रम 'होली की खुमारी, प्रश्नों की पिचकारी' का संचालन बहुत ही शानदार तरीके से सीए जिम्मी मोदी द्वारा किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति सचिव शिवचरण हलवाई एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर अतिथि सीए मनीष मित्तल, सीए नितिन गुप्ता, सीए हर्ष जालान एवं सीए दीपक खेतान की गरिमामयी उपस्थित रहेगी। कार्यक्रम को बहुत ही सुंदर रुप से संपन्न करवाने के लिए अग्रवाल समाज समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य प्रयासरत हैं।



## विधायक निवास पर फागोत्सव का आयोजन कल

**झुंझुनूं।** विधायक राजेंद्र भांबू के निवास पर फागोत्सव का आयोजन आठ मार्च को किया जाएगा। युवा नेता सचिन भांबू ने बताया कि बुद्धगिरी मढी फतेहपुर के महंत दिनेशगिरी महाराज की गौवत्स मंडली द्वारा फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विधायक राजेंद्र भांबू की ओर से यह आयोजन अग्रसेन सर्किल के पास स्थित विधायक निवास पर आठ मार्च शनिवार को शाम आठ बजे से होगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय ढप मंडलियों का भी कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं ना केवल शहर, बल्कि विधानसभा क्षेत्र में आयोजन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।





# बच्ची की मौत की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस:सिंह

### पुलिस ने निर्दोष लोगों को फंसा कर, केस को रफा दफा करने के लिए एजेंट बना रखे हैं- योगेश मिश्रा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर का एक प्रतिनिधिमंडल मंडल असम के प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह जी के नेतृत्व में रामगढ़ क्षेत्र के तेलियावास के दौरे पर गया।

प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, शकुंतला रावत, सफी या खान , बलजीत यादव, आर्यन जुबेर, आदि कांग्रेसजनों के साथ मृतक बालिका के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात करते हुए घटनाक्रम की जानकारी ली और ढांढस बंधाया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा की प्रदेश में ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं देखी, एक गरीब मजदूर परिवार की बच्ची की पुलिस के कुचलने से मौत हुई है । मासूम की मौत के मामले में दो पुलिस कर्मियों को मुलजिम मनाया गया, जबकि पूरे थाने को निलंबित किया जाना चाहिए था , पुलिस प्रशासन आमजन की मदद करने की जगह अपनी जेब भर रहे हैं। उन्होंने कहाँ की निष्पक्ष जांच के लिये दूसरे जिले के सक्षम उच्च अधिकारी को लगाया जाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने पुलिस को अल्टीमेटम दिया है अगर निष्पक्ष जांच नहीं हुई और दूसरी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी सडक़ पर उतरने को मजबूर होगी इस दौरान किसी भी प्रकार की परिस्थिति बिगड़ती है तो जिम्मेवारी भाजपा की राजस्थान सरकार एवं पुलिस प्रशासन की होगी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस का प्रतिनिधित्व मंडल एसपी से मिला था उन्होंने आरोप लगाया कि थाना अधिकारी और स्टाफ साइबर क्राइम के नाम पर गांव वालों से वसूली करते हैं। अंधेर नगरी चोपट राजा वाला राज है। पुलिस ड्राइवर को बीट इंचार्ज बना रखा है। पुलिस ने निर्दोष लोगों को फंसा कर, केस को रफा दफा करने के लिए एजेंट बना रखे हैं।

अगर पुलिस अधीक्षक महोदय ने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोई कारवाही नहीं की तो कांग्रेस रणनीति बनाकर सडक़ों पर उतर कर सडक़ से सदन तक आंदोलन करेगी।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत, पूर्व विधायक सफिया खान, विधायक बलजीत यादव , संजय यादव, इमरान खान, आर्यन जुबेर, अजीत यादव, प्रधान नसरू खान ,प्रधान विनोद कुमारी सांगवान, प्रधान जाकिर हुसैन, बिजेन्द्र महलावत, गफूर खान, बलराम यादव, पुष्पेंद्र यादव,प्रकाश गंगावत रिपु दमन गुप्ता, श्वेता सैनी, गिरीश डाटा, अंकित गोयल, अनूप शर्मा, रामहेत जाटव, मुकेश जूली, जय सिंह जाटव, इम्तियाज़ खान, उमरुद्दीन खान,, राकेश बैरवा, दीनबंधु शर्मा, राकेश यादव,जमशेद खान, आदि मौजूद रहे।

## सन्नू कुमावत को पीएचडी की उपाधि मिली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** सीकर रोड स्थित सेंट्रल कॉलोनी निवासी सन्नू कुमावत पुत्री हरिनारायण कुमावत को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य एसोसिएट प्रो. डॉ. अंजू अग्रवाल के निर्देशन में पूरा किया। उनका शोध विषय माइक्रो फाइनेंस एंड इट्स रोल इन अपलिफ्टिंग स्टेटस वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप इन राजस्थान विथ द स्पेशल रेफरेंस टू जयपुर रहा है। सन्नू की इस सफलता पर परिवारनो नें खुशी व्यक्त की हैं।



### विप्र फाउंडेशन जिला कार्यकारिणी का विस्तार

## सुरेश शर्मा उपाध्यक्ष व पृथ्वीराज शर्मा बने तहसील अध्यक्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** स्थानीय सूरजगढ़ रोड स्थित मधु मैरिज गार्डन में विप्र फाउंडेशन की जिला कार्यकारिणी विस्तार के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रदेश मंत्री विकास शर्मा व जिला संयोजक उमाशंकर महमिया के आतिथ्य में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला संरक्षक पद पर चिड़ावा नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सुभाष शर्मा व रामगोपाल मिश्रा को नियुक्त किया गया।

इसी क्रम में सुरेश शर्मा को जिला उपाध्यक्ष व पृथ्वीराज शर्मा को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। शर्मा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन देश के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ब्राह्मणों का सबसे मजबूत व हितैषी संगठन है। जिसकी प्रत्येक योजनाएं विप्र समाज के कल्याण के लिए समर्पित है।



प्रदेश मंत्री विकास डूमोली ने कहा कि विप्र फाउंडेशन जिले में नए आयाम स्थापित करेगा। नव नियुक्त जिला संरक्षक सुभाष शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विप्र फाउंडेशन ब्राह्मण के हित में श्रेष्ठ संगठन है। जिससे ब्राह्मण को एकता के साथ अपने सामाजिक, राजनैतिक हक हासिल करने का अवसर प्राप्त होता है। जिला संयोजक उमाशंकर महमिया ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने को कहा। इस अवसर पर जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, संरक्षक प्रदीप शर्मा बगड़, पवन पुजारी, जिला महामंत्री रमाकांत पारीक, पूर्व पालिकाध्यक्ष मधु शर्मा, राधेश्याम सुखाड़िया, महेश आजाद, रजनीकांत मिश्रा, अनिरुद्ध तामड़ायत, देवेंद्र शर्मा, मोहित तामड़ायत, नरेंद्र शास्त्री, नरेंद्र अरड़ावतिया, महेश शर्मा, अभिषेक शर्मा, पवन शर्मा, देवदत्त शर्मा, रवि शर्मा आलिमपुरा, प्रमोद शर्मा कोतवाल, सुशील लांबीवाला, अभिषेक महमिया, सुरेश कुठानिया आदि विप्र जन उपस्थित थे।

# अलवर आरटीओ विभाग के ट्रैक की जादूगरी कार को पुलिया से किया गायब?



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर आरटीओ ऑफिस की जादूगरी का बेजोड कारनामा 3 मार्च को देखने को मिला जब एक कार को विभाग ने अपनी जादूगरी से ट्रैक से ही गायब कर दी। ये कोई मजाक नही है सत्यता है जब एक व्यक्ति अपने लाइसेंस का रिटेस्ट देने कार लेकर टेस्ट के लिए यहां के ऑटोमेटिक ट्रेक पर पहुंचा तो उसकी कार को विभाग के ट्रेक पर लगे कैमरों ने पुलिया पर गायब दिखा दिया और उसे फेल कर दिया।

**क्या है मामला :** एक व्यक्ति अपने लाइसेंस का रिटेस्ट करवाने के लिए अलवर आरटीओ ऑफिस आया था उसका लाइसेंस अवधि पार होने के कारण एक्सपायर हो चुका था इसलिए नियमानुसार उसे गाडी चलाकर ट्रैक की सभी प्रक्रिया पास करनी थी वह ईमित्र से फार्म आदि की सारी कार्यवाही के बाद वह इंस्पेक्टर के पास मार्किंग करवाने पहुंचा और फोटो खिंचवा कर कार लेकर टेस्ट टई देने ट्रेक पर पहुंचता है।

**क्या है ट्रैक टेस्ट के नियम :** नियमानुसार ट्रैक पर टेस्ट डईव के लिए चार टेस्ट होते है जिनके अंक दो सौ होते है प्रत्येक चार टेस्टों के अंक समान रूप से पचास होते है। अभ्यर्थी ने टेस्ट चालू किया जिसमें उसकी गाड़ी पहले टेस्ट पार्किंग पर पहुंची, उसके बाद ऐट पर पहुंची, तीसरे टेस्ट को पास करने के लिए अभ्यर्थी कार लेकर एच पर पहुंचा एच सफलतापूर्वक बना कर वह अंतिम चौथे टेस्ट पुलिया पर पहुंचता है और नियमानुसार दो सेकण्ड गाडी रोक कर गाड़ी लेकर एग्जिट द्वार से होता हुआ ट्रेक से बाहर आ जाता है। स्टेप बाय स्टेप ट्रैक पर आगे का स्टेप चालू करना पड़ता है ऊपर बैठे कर्मचारियों ने अगले स्टेप को चालू ही नहीं किया और उसको फेल कर दिया पार्किंग के बाद तीनों स्टेप ऊपर ऑटोमेटिक सिस्टम को ओपन करना होता है लेकिन जानबूझकर के फेल करने की नीयत से ट्रैक पर बैठे विभाग के बाबुओं में अगले ट्रैक सिस्टम को चालू ही नहीं किया

**एग्जिट द्वार से बाहर निकलते ही रिजल्ट आता है:** जब उसके पास रिजल्ट नही पहुंचा तो वह वापस ट्रैक पर पहुंचता है और अपना रिजल्ट जानना चाहता है कि उसका रिजल्ट क्या है जहां उसे फेल बताया जाता है इस पर वह हैरान हो जाता है और कहता है मैं तो काफी पुराना अनुभवी चालक हूं मैं फेल कैसे हुआ मुझे बताए इस पर ट्रैक पर मौजूद कर्मचारी उसका रिजल्ट कंप्यूटर पर दिखाता है और वह व्यक्ति उसका स्क्रीनशॉट लेकर वहां मौजूद अनुभवी लोगों से मिलता है तो उसे पता चलता है कि उसकी गाड़ी पुलिया से गायब है।

पुलिया पर उसे जीरो नंबर दिया गया है यानी की गाड़ी पुलिया पर पहुंची ही नही अभ्यर्थी हैरान और परेशान हो जाता है वह सोचता है कि अगर गाड़ी पुलिया पर पहुंची ही नही तो वह एग्जिट द्वार से बाहर कैसे आया क्या उसकी गाड़ी हवा में उड़कर बाहर आई है। इसी बात पर वह स्क्रीन शॉट लेकर विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलता है लेकिन वहा भी उसकी कोई सुनवाई नही होती आखिर में अब उक्त व्यक्ति ने मीडिया से मुलाकात कर सारी जानकारी साझा करते हुए स्क्रीन शॉट मीडिया को दिखाया और मीडिया को स्क्रीनशॉट साझा किया ताकि मीडिया उसे विभागीय जालसाजी का शिकार होने से बचा सके लेकिन ऐसा होगा नही क्योंकि अगर यहा कोई फेल हो जाता है तो उसे सभी प्रक्रिया दोबारा करनी होती है रसीद कटानी होती है जिससे उसके धन व समय का अपव्यय होता है विभागीय लापरवाही का शिकार अभ्यर्थी उस पर दोहरी मार क्यों हो रही है यह विभाग की कमी है विभाग को इसे भुगतना चाहिए आम आदमी को परेशान करना ठीक नहीं है।

# 15 साल बाद गूंजी किलकारी, डॉ.हंसराज शर्मा ने दिया संतान सुख

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** हिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. हंसराज केदारमल शर्मा ने अपने अनुभव और समर्पण से एक असंभव लगने वाले मामले को संभव कर दिखाया। 15 वर्षों से संतान सुख के लिए तरस रहे एक दंपती को उन्होंने संतान का उपहार दिया।



निकटवर्ती गांव दीपालाना निवासी गौरीशंकर और उनकी पत्नी द्वारिका देवी पिछले 15 वर्षों से संतान के लिए संघर्ष कर रहे थे। दुर्भाग्यवश, लगातार 6-7 बार मिसकैरेज होने के कारण हर बार उनकी उम्मीदें टूट जातीं। गर्भ में भ्रूण पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाता था, जिससे बार-बार गर्भपात हो जाता। संतान की आस में उन्होंने जयपुर, बीकानेर, चंडीगढ़ गंगानगर और सिरसा जैसे बड़े शहरों के नामी डॉक्टरों से इलाज करवाया, लेकिन लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी सफलता नहीं मिली। परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट चुका था।

**डॉ. हंसराज शर्मा बने उम्मीद की किरण:** आखिरकार, थक-हारकर गौरीशंकर और द्वारिका देवी नोहर उप जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां डॉ. हंसराज शर्मा ने उनकी स्थिति का गहराई से अध्ययन किया। उन्होंने महिला की संपूर्ण जांच कर आवश्यक उपचार शुरू किया और भरोसा दिलाया कि सही देखभाल से यह संभव हो सकता है। डॉक्टर के मार्गदर्शन और नियमित उपचार का असर यह हुआ कि मंगलवार को द्वारिका देवी ने एक सुंदर और स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। परिवार में खुशी की लहर, डॉक्टर की हो रही सराहना 15 साल के लंबे इंतजार के बाद घर में गूंजती किलकारी से परिवार खुशी से झूम उठा। नवजात के जन्म से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। गौरीशंकर ने कहा, हमने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन डॉ. हंसराज शर्मा ने हमें नया जीवन दिया। उन्होंने न केवल हमें संतान का सुख दिया बल्कि यह इलाज हमें सरकारी अस्पताल में निःशुल्क मिला। डॉ. हंसराज शर्मा ने बताया, यह मामला काफी जटिल था, लेकिन सही इलाज और भरोसे से हम इस चुनौती को पार कर पाए। डॉ हंसराज शर्मा ने बताया कि महिला के बच्चेंदानी में गांठ भी थी जिसका पहला ऑपरेशन भी हुआ था। वर्तमान में उनका पूरा इलाज उनके सानिध्य में चला गर्भधारण से लेकर बच्चों के जन्म तक लगातार उनकी देखभाल की गई।

## आगामी त्योहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी मॉनिटरिंग करें: कुमार

**अलवर।** कार्यवाहक जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। कार्यवाहक जिला कलक्टर ने आगामी त्योहार होलिका दहन, धूलंडी, जमातुलविदा, चेटीचण्ड मेला, ईदुल फितर, रामनवमी, महावीर जयंती, महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती, वैशाखी, डॉ. अम्बेडकर जयंती, गुड फ्राइडे, सैन जयंती एवं परशुराम जयंती पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने, सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखते हुए शांति एवं अमन चैन के साथ समस्त कार्यक्रम/त्योहार मनाए जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया। सदस्यगणों ने जिला प्रशासन को विश्वास दिलाया कि अलवर जिले का साम्प्रदायिक सौहार्द का इतिहास रहा है और इसे कायम रखने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धुलण्डी एवं रमजान महीने की (द्वितीय) जुम्मे की नमाज दोनों त्योहार एक ही दिन मनाए जाने पर पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर सतत निगरानी एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करें। साथ ही समय-समय पर सीएलजी बैठक कर आमजन से नियमित संवाद किया जावे। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, समस्त उपखंड अधिकारी सहित जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।



## बोर्ड परीक्षाएं शुरू, 233 सेंटरों पर हुई परीक्षा

### पहले दिन कहीं पर कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में भी गुरूवार से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई। झुंझुनूं में 10वीं और 12वीं के लिए कुल 248 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। लेकिन गुरूवार को पहले दिन 233 परीक्षा केंद्रों पर सिर्फ 10वीं का पेपर हुआ। 12वीं में गुरूवार को मनोविज्ञान विषय का पेपर था।

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**SRM Ist CALL E-TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed & registered Electrical contractors on Mahatransco Website https://srmetender.mahatransco.in for the following Tender Specification.**

| | |
|---|---|
| Tender No.: E-Tender -14/ 2025-26<br>Name of Tender: SRM I st Call E-tender providing services of 7 Nos. of Skilled Labours [1 No. of Steno Typist,1 No.of Typist, 01 Nos. of UDC (F&A), 4 nos. of LDC(F&A)] & 4 Nos. of Unskilled Labours (Peon) at Bhandup Division for the period 01.04.2025 To 31.03.2026 under EHV (O&M) Dn. Bhandup Under [Zone-I with ESIC].<br>**RFx No.-** 7000035608 | **Online Downloading the RFx : Dt. 07.03.2025,10:00 Hrs. to Dt 22.03.2025,10:00 Hrs**<br>**Online Submission of the RFx :** On or Before Dt. **22.03.2025**, 10:00 Hrs.<br>**Online Opening of the Techno Commercial RFx** : Dt. **22.03.2025**, at 11:00 **Hrs.** (If possible).<br>**Online Opening of the Price bid:** Dt.**22.03.2025, at** 12:00 **Hrs.** (If possible) |

For further details visit our website :-
https://srmetender.mahatransco.in
Contact Person: -The DYEE Engineer (O) &
Mobile No. 9819927988
**Note :** All eligible Supplier/Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.
**Sd/-**
**Executive Engineer, EHV (O&M) Division Bhandup**

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**SRM Ist CALL E-TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed & registered Electrical contractors on Mahatransco Website https://srmetender.mahatransco.in for the following Tender Specification.**

| | |
|---|---|
| Tender No.: E-Tender -15/ 2025-26<br>Name of Tender: SRM Ist Call E-tender providing services of 25 Nos. of Skilled labours (Dy. Chief Tech & Sr.Tech) under Zone-I (with ESIC) at Various sub-stations under EHV(O&M) Dn., Bhandup for the period 01.04.2025 to 31.03.2026.<br>**RFx No.- 7000035558** | **Online Downloading the RFx : Dt. 07.03.2025,10:00 Hrs. to Dt 22.03.2025,10:00 Hrs**<br>**Online Submission of the RFx :** On or Before Dt. **22.03.2025**, 10:00 Hrs.<br>**Online Opening of the Techno Commercial RFx** : Dt. **22.03.2025**, at 11:00 **Hrs.** (If possible).<br>**Online Opening of the Price bid:** Dt.**22.03.2025, at** 12:00 **Hrs.** (If possible) |

For further details visit our website :-
https://srmetender.mahatransco.in
Contact Person: -The DYEE Engineer (O) &
Mobile No. 9819927988
**Note :** All eligible Supplier/Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.
**Sd/-**
**Executive Engineer, EHV (O&M) Division Bhandup**

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 14520242025** **दिनांक : 04.03.2025**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ दो पैकेट प्रणाली के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **02.04.2025** को 13.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं :** 1 | **निविदा नं.:** 283 | **अनुमानित मूल्य (₹) :** ₹ 16,77,10,500.00 |
| **कार्यों का विवरण:** सहायक मंडल अभियंता टूण्डला के अधीन टूण्डला डिपो में मशीन के द्वारा तोड़ी गई 65 एम. एम. गेज की 150000 घनमीटर हार्ड स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति चट्टा लगाकर एव रेलवे वैगनों / हापरों तथा के.सी. वैगनों में लदान करने का कार्य । | | |
| **बयाने की रकम ₹ :** ₹ 9,88,600.00 | **कार्य समापन की अवधि :** 24 माह | |
| **निविदा खुलने की तिथि :** 02.04.2025 | | |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार:** सप्लाई ऑफ मशीन क्रस्ड स्टोन बैलास्ट / मशीन क्रस्ड कोर्स स्टोन एग्रेगैटस | | |

**नोट : 1-** निविदाकारो को अपने निविदा प्रपत्र के साथ निम्नलिखित टेस्ट रिपोर्ट देना होगा जो किसी मान्यताप्राप्त राजकीय प्रतिष्ठान / संस्थान, जिनकी सूची निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, के द्वारा निर्गत होना चाहिये, अन्यथा उनकी निविदा अविचारणीय होगी। (i) साइज ग्रेडेशन टेस्ट (ii) एब्रेशन वैल्यू टेस्ट (iii) इम्पैक्ट वैल्यू टेस्ट (iv) वाटर एबजार्पशन टेस्ट **2-** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निशुल्क निर्गत किये जायेंगे । **3-** निविदा प्रस्ताव दो पैकेट प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किया जाएगा (i) टेक्निकल बिड (ii) फाइनेन्सियल बिड । **4-** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की तिथि दिनांक 02.04.2025 तक उपलब्ध है । **5-** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी । इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I. T. Act-2000 के अन्तर्गत C. C. A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें । **6-** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा । **7-** निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाणपत्र जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके आभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जाएगी । **8-** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **9-** माल एवं/ अथवा सेवाओं के सप्लायर / ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी. एस. टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। **10-** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** तथा **http://www.tenders.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **11-** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।**12-** आन लाइन निविदा दिनांक 02.04.2025 को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है । **13-** निविदादाता को GCC 2022 भाग-1 के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित अवश्यक दस्तावेजो को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संगलन करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जाएगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी । **422/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# मेडिकल विद्यार्थियों ने देखे पुलिस के 13 प्रकार के हथियार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली के पुलिस लाइन में गुरुवार दोपहर को मेडिकल विद्यार्थियों के लिए हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई। महिला अनुसंधान सेल पाली के प्रभारी नरेन्द्रसिंह देवड़ा ने करीब 150 मेडिकल विद्यार्थियों को पाली पुलिस के खास हथियारों और पहनावे की जानकारी दी। बताया कि कौन-कौन से हथियार किस काम में आते हैं। इसके साथ ही उन्हें बताया कि पुलिस किन हालात में कौन से हथियार का उपयोग करती है। हथियार की रेंज और उनकी बुलेट के बारे में भी जानकारी दी गई। करीब एक घंटे मेडिकल विद्यार्थियों को महिला अनुसंधान सेल पाली के प्रभारी देवड़ा 13 से 15 तरह के हथियारों की जानकारी दी। इस विजिट का उद्देश्य यह था कि मेडिकल विद्यार्थि समझ सकें कि किसी खास वैपन से घायल मरीज हॉस्पिटल पहुंचे तो इलाज में आसानी हो।



इस दौरान एएसपी विपिन कुमार शर्मा, आरआई लता बेगड़ सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। महिला अनुसंधान सेल के प्रभारी नरेंद्र सिंह देवड़ा ने फुल बॉडी प्रोटेक्स सूट पहने एक जवान से छात्रों को मिलवाया। बताया- इस सूट का उपयोग वहां किया जाता है जहां उपद्रव, पत्थरबाजी हो रही हो। इस सूट में जवान के पैर, हाथ और सिर, चेहरा सारा कवर रहता है और पत्थर आदि लगने पर वह घायल नहीं होता।

## 16 किलोग्राम का बुलेट फ्रूट जैकेट

इस दौरान उन्होंने एक जवान के बुलेट फ्रूट जैकेट के बारे में बताया। कहा- यह जैकेट जवान को आगे और पीछे दोनों तरफ से कवर करता है। इसका वजन 16 किलोग्राम होता है। इससे पहनने वाले जवान पर अगर फायर भी कर दिया जाए तो गोली इस जैकेट को काटकर बॉडी तक नहीं पहुंच सकती। जवान ने हेलमेट भी पहन रखा था वह भी बुलेट फ्रूट था। इसका उपयोग ऐसी जगह पहनकर किया जाता है। जहां सामने से फायर हो रहा हो।

## पढ़ाई के दौरान फोरेंसिक चैप्टर भी है

बांगड़ हॉस्पिटल के डा. महेंद्र चौधरी ने बताया- वर्ष 2022 के 150 मेडिकल स्टूडेंट को गुरुवार को पुलिस लाइन लेकर आए। जहां उन्हें पुलिस के वैपन और उनकी रेंज, बुलेट आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों ने बताया। ताकि भविष्य में इन मेडिकल स्टूडेंट के यह जानकारी काम आ सके। क्योंकि एमबीबीएस की पढ़ाई के दौरान फोरेंसिक भी एक चैप्टर है। जिसमें डाक्टर को देखना होता है कि बॉडी या घायल को कोई बुलेट लगी है तो वह किस तरह की और किस वैपन की है।

## इन हथियार के बारे में दी जानकारी

राइफल 7.62 एमएम, एके-47, इनसास 5.56 एमएम, काबाईन 9 एमएम, पिस्टल ऑटो, ग्लोक, LMG 7.62 एमएम, राइफल ऑटोफॉल 7.62 एमएम, 12 बोर पम्प एक्शन गन, रिवाल्वर 38 बोर, पीपीटीएच 16 एमएम, एमबीएल, गैस गन, आंसू गैस के गोले, मिर्ची पाउडर आदि के उपयोग और उनकी विशेषताओं के बारे में बताया गया।

# नाडोल के आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में 108 फीट का राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**सुमेरपुर।** नाडोल के मानसरोवर कॉलोनी के सामने रानी रोड़ पर मौका बेन धन्ना घांची एज्युकेशन एंड हेल्थकेयर सोसायटी द्वारा संचालित निर्माणाधीन आशापुरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में गुरूवार सवेरे 108 फीट राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण समारोह मुख्य अतिथि एएसपी चैनसिंह महेचा के सानिध्य में आयोजित किया गया। कॉलेज डायरेक्टर डा. मुकेश भाटी ने बताया कि एएसपी महेचा द्वारा देसूरी तहसील का पहला कॉलेज जहां 108 फीट राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ। इससे पुरे समारोह में देश भक्ति का माहौल बन गया। इसके बाद आशापुरा माता, सरस्वती माता व भारत माता की तस्वीर के समक्ष अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित किए गए। सोसायटी के कालूराम भाटी ने बताया कि समारोह में कॉलेज में हाइ मास्ट लाइट व स्कूल वैन का एएसपी महेचा द्वारा उद्धघाटन किया गया। गैरियों ने गैर नृत्य कर कार्यक्रम में समा बांधा। इस दौरान नाडोल क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने पर घांची समाज नाडोल एवं गुडा अखेराज के समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा



डायरेक्टर डा. मुकेश भाटी का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए एएसपी महेचा ने कहा कि यह उभरता हुआ व युवाओं का देश हैं। एजुकेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि मोबाईल में अच्छे व बुरे सभी प्रकार के कंटेट मिलते हैं, इसमें बच्चों को एजुकेशन कंटेंट पर फोक्स करके अपने समय का सदुपयोग करते हुए उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होना है ना कि अन्य कंटेट पर समय खराब कर दिशा भ्रमित होना हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा पर भी जोर देते हुए उन्हें भी उच्च शिक्षा ग्रहण करवाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। मंच संचालन ओम आचार्य ने किया। समारोह में अतिथि के रूप में केसूली बांध कमांड क्षेत्र अध्यक्ष किशनसिंह व रानी थानाधिकारी पन्नाराम, खांगड़ी महासभा अध्यक्ष आनंद सोलंकी, रमेश कुमार पाली, श्री घांची समाज प्रगति क्लब संस्थान शिवगंज-सुमेरपुर संयोजक जयंतीलाल परमार, बाबूलाल राठौड़ सहित अन्य अतिथिगण व कालूराम भाटी, हेमराज भाटी सहित सोसायटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मंदिर व दरगाह तक सड़क का निर्माण कई महीनों से बंद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** सार्वजनिक निर्माण विभाग की अनदेखी व ठेकेदार की लापरवाही के कारण पिछले कई महीनों से कीरों की ढाणी काणा पीर दरगाह व महादेव के मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य बंद पड़ा है। ऐसे में कीरों की ढाणी आबादी के ग्रामीण व जायरीनों भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, ठेकेदार की लापरवाही पर विभाग की अनदेखी पर ग्रामीणों व जायरीनों में रोष है। दरगाह कमेटी के नायब सदर अल्लारक खां पठान ने बताया कि कीरों की ढाणी काणा पीर तालाब दरगाह व मंदिर जाने हेतु पिछले पच्चीस वर्षों से एक किलोमीटर सड़क का डामरीकरण सड़क अधूरी थी।

**▶▶ सार्वजनिक निर्माण विभाग की अनदेखी से बंद पड़ा सड़क निर्माण**

ग्रामीणों व जायरीनों ने इस समस्या के निस्तारण को लेकर अधूरी पक्की सड़क की मांग बार-बार की थी, इसके तहत बाली विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत व सार्वजनिक विभाग ने जायरीनों व भक्तों की मांग को गंभीरता से लेते हुए दरगाह शरीफ व मंदिर तक एक किलोमीटर डामरीकरण सड़क की गत सरकार में मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत स्वीकृति जारी करवाईं। विभाग की ओर से टेंडर जारी कर ठेकेदार ने सड़क निर्माण कार्य शुरू किया, लेकिन पिछले कई महीनों से सड़क का निर्माण कार्य बंद पड़ा है। दरगाह पर हर वर्ष मनाया जाने वाला उर्स की तारीख नजदीक आ रही है। विभाग से कमेटी से मांग है उर्स के पहले सड़क का कार्य पूर्ण किया जाए।

# नंदी शाला की दूसरी वर्षगांठ पौधारोपण कर मनाई गई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र 36 कोम नंदी शाला जाखानगर के द्वितीय वर्षगांठ गुरूवार को नंदी शाला परिसर में पीपल का पौधारोपण कर मनाई गई। नंदी शाला समिति के सचिव राजेश जोशी ने बताया कि कामधेनु 36 कोम नंदी शाला जाखा नगर के दो वर्ष पुरे होने पर समिति अध्यक्ष किशोर भाटी के सान्निध्य मे नंदी शाला परिसर में पीपल का आठ फिट का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं नंदी शाला उपाध्यक्ष रूपाराम देवड़ा प्रयागराज दर्शन कर लौटने पर उनका भी समिति कि ओर से दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। नंदी शाला समिति अध्यक्ष किशोर भाटी ने बताया कि पाली जिले कि दूसरी पंचायत स्तर कि पहली नंदी



शाला सुमेरपुर के जाखा नगर में स्थित है। यहां नगर पालिका के सहयोग से करीब 230 बड़े व 150 छोटे नंदी हैं। वर्तमान में राज्य सरकार सें अनुदान कि सुविधा उपलब्ध नहीं है, जबकि चारे पानी कि संपूर्ण व्यवस्था भामाशाह के सहयोग से संचालित हो रही हैं।इस मौके पर नंदी शाला उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल, रूपाराम देवड़ा, कोषाध्यक्ष बाबूलाल बोराणा, शांतिलाल देवड़ा, प्रकाश अग्रवाल, नेनमल सोनी, ओमप्रकाश कुमावत, पन्नालाल कुमावत, तुलसीराम चौधरी एवं नंदी शाला कार्मिक मौजूद रहे।

# बाली की 19 ढाणियों को मिला राजस्व गांव का दर्जा

**बाली।** विधानसभा क्षेत्र में स्थित बाली तहसील के मूल राजस्व ग्राम से लगी 19 ढाणियों को राजस्व ग्राम का दर्जा मिल गया है। इस फैसले से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। इन ढाणियों में भीमाना के पास उबरी पाणी कोयलवाव के निकट भागला खुणा, कुरका और पाटरिया की ढाणी शामिल हैं। पिपला के पास डींगा पिपला, गोरिया के निकट निचला गोरिया और भाटूद के पास नया सेना और पातेला को भी राजस्व ग्राम घोषित किया गया है। इसके अलावा, उपला भीमाणा के पास खेड़ा ढाणी, बेडा के निकट रेला, ठंडी बेरी के पास शिशवाड़ा ढाणी को भी यह दर्जा मिला है। उपला भीमाणा के निकट कालिबोर कुंडाल और दाता ढाणी, भंदर के पास उपला भारला और निचला भारला, बेडा के निकट पनेत्रा भी अब राजस्व ग्राम बन गए हैं। बीजापुर के पास टाकरिया ढाणी, सेवाड़ी के निकट शक्ति नगर और बीसलपुर के पास मीणों की ढाणी को भी राजस्व ग्राम का दर्जा दिया गया है।

यह निर्णय ग्रामीणों द्वारा बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत को दिए गए कई ज्ञापनों के बाद लिया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत और पाली जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री का विशेष आभार व्यक्त किया है। राजस्व ग्राम बनने से इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# गर्मियों की छुट्टियों में विशेष ट्रेन चलाने की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** दक्षिण पश्चिम रेलवे बेंगलूरु मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य अश्विन सेमलानी के नेतृत्व में राजस्थानी प्रवासियों ने गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक बेंगलूरु अमितेश कुमार सिंहा से शिष्टाचार भेंट की। सेमलानी ने उन्हें राजस्थानी प्रवासियों की मांगों का एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि बेंगलुरु से अजमेर के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 16209/16210 का ठहराव पाली जिले के जवाईबांध स्टेशन पर सुनिश्चित कराने से हजारों यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। जवाईबांध व इस स्टेशन के आसपास के गांवों के हजारों लोग बेंगलुरु-मैसूर में अपना व्यवसाय एवं नौकरी करते हैं। ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित होने से कर्नाटक में रहने वाले प्रवासियों को अपने घर जाने के लिए परेशानी का सामना नहीं



करना पड़ेगा। उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि कर्नाटक के बेंगलुरु, मैसूर और हुबली से राजस्थान के प्रमुख जयपुर, जोधपुर, अजमेर, जालोर, बाड़मेर, उदयपुर तथा कोटा शहर के लिए दैनिक ट्रेन नहीं होने के कारण राजस्थानी प्रवासियों को अपने शहर, गांव जाने में ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बेंगलुरु, मैसूर और हुबली-धारवाड़ शहरों में हजारों की संख्या में राजस्थानी प्रवास करते हैं। बेंगलुरु से जोधपुर वाया भीलड़ी-जालोर अभी तक रेल की सीधी सुविधा नहीं है। बेंगलुरु से भीलड़ी-जालोर मार्ग पर वाया हुबली, पुणे मात्र एक ही ट्रेन संख्या 14805/06 चलती है। इसमें क्षमता से अधिक यात्री भार होने के कारण लोगों को आरक्षण मिलना बहुत मुश्किल होता है। इस ट्रेन को साप्ताहिक से त्रि-साप्ताहिक करने के साथ इस मार्ग पर बेंगलुरु से जोधपुर वाया भीलड़ी-जालोर एक अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाने की मांग की। इस अवसर पर दिलीप जैन और मूलसिंह राजपुरोहित भी उपस्थित थे।

## एक भी ट्रेन दैनिक नहीं, 20 लाख से अधिक राजस्थानी कर्नाटक में निवासरत

उन्होंने बताया कि रेलवे ने राजस्थान के विभिन्न शहरों के लिए मैसूर व बेंगलुरु से दस जोड़ा ट्रेन चला रखी है। ताज्जुब की बात ये है कि इनमें से एक भी ट्रेन दैनिक नहीं है। बेंगलुरु-मैसूर व यशवंतपुर से राजस्थान की ओर जाने वाली नौ ट्रेनों में से पांच साप्ताहिक व चार द्विसाप्ताहिक ट्रेन है। हाल ये है कि कर्नाटक की राजधानी से राजस्थान की राजधानी को जोडने के लिए मात्र दो ट्रेन हैं। इनमें एक यशवंतपुर जयपुर साप्ताहिक सुपर एक्सप्रेस वाया बल्लारी, सोलापुर व एक द्विसाप्ताहिक ट्रेन मैसूर-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन वाया काचीगुड़ा, नागपुर है। जानकारों की माने तो 20 लाख से अधिक राजस्थानी प्रवासी व्यवसाय, उद्योग धंधे व नौकरी के सिलसिले में समूचे कर्नाटक में रहते हैं। त्योहार, गर्मियों की छुट्टियों व वैवाहिक सीजन में प्रवासी बंधु अपने-अपने गांव सपरिवार जाते हैं। लेकिन ट्रेनों की संख्या कम होने के कारण प्रवासियों को या तो वेटिंग टिकट में सपरिवार यात्रा करने को मजबूर होना पड़ता है या फिर राजस्थान की ओर जाने वाली बसों में जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ती है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

(सीवरेज ऑपरेशन विभाग)

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा आईडी | 2025-एमसीजीएम-1157362 |
| संस्था का नाम | बृहन्मुंबई महानगर पालिका |
| विषय | पुराने घाटकोपर पंपिंग स्टेशन के परिसर में ई.ई. मैक. (एम.एस.) सेक्शन के वर्कशॉप में प्लांट एवं मशीनरी हेतु बाह्य संरचनात्मक सुरक्षा मानकों की डिजाइन एवं स्थापना। |
| निविदा जांच शुल्क | रु. 3300/- + (18% जीएसटी) = 3894/- |
| ई-निविदा की लागत | (मद दर निविदा) |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 17,700/- |
| निविदा जारी करने एवं विक्रय की दिनांक | 07.03.2025 को 11.00 बजे से |
| लिफाफा ए, बी एवं सी एवं बोली प्रतिभूति जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 12.03.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए एवं बी खुलना | 13.03.2025 को 16.10 बजे |
| लिफाफा सी खुलना | लिफाफा ए एवं बी के मूल्यांकन पश्चात |
| संपर्क हेतु पता | डीवाय. ई. (एस.ओ.) पी एंड एमएस सब्स., वर्सोवा पंपिंग परिसर, जे.पी. रोड एवं रीलिफ रोड का जंक्शन, अंधेरी (प), मुंबई 400053 |
| बोली खुलने का स्थान | ई.ई. मैक. (एम.एस.) ई.एस., पुराना घाटकोपर पंपिंग स्टेशन, शॉपर्स स्टॉप के पास, घाटकोपर-माहूल रोड, घाटकोपर (पूर्व), मुंबई 400089 |
| महाटेंडर पोर्टल | http://mahatenders.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।
बीएमसी के पास किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उक्त विषय में प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता./-
श्री आर.डी. राजपूत,
ई.ई. मैक. (एम.एस.) ई.एस.

PRO/2718/ADV/2024-25

आइएं साथ में मुंबई को मलेरिया मुक्त बनाएं।


# सोजत में पूर्णेश्वर धाम का 15वां वार्षिक उत्सव

**सोजत।** सोजत में घांची समाज के प्रमुख आराध्य स्थल पूर्णेश्वर धाम का 15वां वार्षिक उत्सव गुरुवार को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत पूरणदास महाराज की मूर्ति की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। धाम के सामने लगाए गए विशाल शामियाने में भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। घांची समाज के विभिन्न मोहल्लों से आई गेरियों ने चंग और ढोल की थाप पर नृत्य किया।

गेरियों ने छतरियां और लकड़ी के डंडे लेकर, पैरों में घुंघरू बांधकर विभिन्न स्वांग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में आयोजित रक्तदान शिविर में 65 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमें महिलाएं भी शामिल थी। कार्यक्रम में महाप्रसादी का भी आवेदन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने महाप्रसादी का लाभ उठाया।

पूर्णेश्वर धाम के अध्यक्ष नेनाराम निकुंम, उपाध्यक्ष मदन पंवार, बाबूलाल पंवार, पार्षद गणपत बोराणा व पदाधिकारियों ने भामाशाहों, गेरियों और मोहल्ला चौधरियों का माला-साफा और पारितोषिक देकर सम्मान किया। ललित लहरिया और उनकी टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी। दुर्गावाहिनी की बालिकाओं ने शौर्य का प्रदर्शन किया।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री ने की लेपर्ड सफारी

**बाली।** बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने राजस्थान के जवाई क्षेत्र में लेपर्ड सफारी की। वे अपने पति हिमालय दासानी और बेटे अभिमन्यु दासानी के साथ पहुंची थी। लेपर्ड सफारी के दौरान उन्हें लेपर्ड नजर आया। अभिनेत्री ने कहा-राजस्थान से उनका विशेष लगाव है। यहां की ऐतिहासिक धरोहर और समृद्ध संस्कृति उन्हें आकर्षित करती है। यहां बार-बार आने का मन करेगा। अभिनेत्री ने राजस्थान के रीति-रिवाजों और कला की सराहना की। उन्होंने कहा कि जवाई बांध इलाका प्रकृति और संस्कृति का अनूठा संगम है। उन्होंने वन्यजीवों को करीब से देखा और कुछ तस्वीरें भी खिंचवाई। आरामगढ़ होटल जनरल मैनेजर सुजीत मिश्रा ने बताया-बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने अपने परिवार के साथ क्षेत्र के रिसोर्ट में स्टे किया और राजस्थानी संस्कृति का आनंद लिया।


## पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल-कटिहार और बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर के बीच त्योहार विशेष ट्रेनों का संचालन

| ट्रेन नंबर | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियाँ | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09189 | मुंबई सेंट्रल – कटिहार (साप्ताहिक) | 08-03-2025 से 29-03-2025 | 11.00 बजे (शनिवार) | 07.30 बजे (सोमवार) |
| 09190 | कटिहार – मुंबई सेंट्रल (साप्ताहिक) | 11-03-2025 से 01-04-2025 | 00.15 बजे (मंगलवार) | 18.40 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव:** बोरीवली, वापी, उदना, भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेंट्रल, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बारौनी, बेगूसराय, खगड़िया और नौगछिया स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहराव।

**वर्गीकरण:** AC 2-टियर, AC 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04714 | बांद्रा टर्मिनस – बीकानेर (साप्ताहिक) | 07-03-2025 और 28-03-2025 | 16.00 बजे (शुक्रवार) | 14.30 बजे (अगले दिन) |
| 04713 | बीकानेर – बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक) | 06-03-2025 और 27-03-2025 | 15.00 बजे (गुरुवार) | 13.40 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव:** बोरीवली, वापी, उदना, वडोदरा, आनंद, नडियाद, साबरमती, महेसाणा, भीलडी, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोडरा, जलोर, मोकालसर, सामदड़ी, लूनी, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर और नोखा स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहराव।

**वर्गीकरण:** AC 2-टियर, AC 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच।

विराम एवं वर्गीकरण संबंधित समय के विस्तृत विवरण हेतु यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

ट्रेन संख्या 04714 की बुकिंग खुली है और ट्रेन संख्या 09189 की बुकिंग 07.03.2025 से सभी PRS काउंटर्स और IRCTC वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटधारक अपने साथ मूल आईडी पहचान पत्र रखें।


# फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसान हो रहे लाभान्वित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी पंचायत समिति की बागोल ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नायब तहसीलदार गिरिराजसिंह राजपुरोहित, शिविर प्रभारी मगनसिंह राजपुरोहित, सरपंच अमकी देवी, ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक असलम खान समेत कार्मिकों की मौजूदगी में बागोल ग्राम पंचायत में सेकड़ों किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। राज्य सरकार की इस योजना का किसान वर्ग लाभ उठा रहा है। किसानों को मिलने वाली प्रधानमंत्री किसान निधि की राशि फार्मर रजिस्ट्रेशन करने पर ही मिलेगी। फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसानों को रजिस्ट्रेशन कराने पर खरीफ व रबी की फसलों के होने वाले खराबे व नुकसान की भरपाई भी की जा सकेगी। देसूरी पंचायत समिति की चौबीस ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसानों में उत्साह देखा जा रहा है।




## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज आईडी नं. | बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1157814-1 |
| संस्था का नाम | बृहन्मुंबई महानगर पालिका |
| विषय | महापालिका पॉवर लाँड्री में समस्त महापालिका स्वास्थ्य संस्थाओं को सुलभ सेवाएं प्रदान करने हेतु निजी फर्मस द्वारा विविध लाँड्री सेवा कार्य। |
| निविदा शुल्क | रु. 3300 + (18% जीएसटी) |
| ई-निविदा की लागत | मद दर निविदा |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 19,975/- |
| निविदा जारी एवं विक्रय की दिनांक | 06.03.2025 को 16.00 बजे से |
| निविदा विक्रय एवं बोली प्रतिभूति जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 12.03.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी तथा सी (ऑनलाइन) जमा करना | 12.03.2025 को 16.00 बजे तक |
| प्री-बिड मीटींग | लागू नहीं |
| लिफाफा ए खुलना | 13.03.2025 को 16.00 बजे |
| लिफाफा बी खुलना | 13.03.2025 को 16.00 बजे |
| लिफाफा सी खुलना | 17.03.2025 को 16.00 बजे |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय ई.ई. मैक. (दक्षिण) बीएमसी महापालिका वर्कशॉप, 103, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखळा, मुंबई 400008 |
| बोली खुलने का स्थान | कार्यालय ए.ई. (महापालिका पॉवर लाँड्री) में ऑनलाइन |
| संपर्क व्यक्ति 1) नाम | श्री एन.टी. जाधव |
| 2) मोबाइल नं. | 9769005647 |
| एमसीजीएम वेबसाइट | www.portal.mcgm.gov.in www.mahatenders.gov.in |
| ई-मेल पता | aempl.me@mcgm.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है। एमसीजीएम के पास किसी भी आवेदन का स्वीकार करने या उक्त विषय में किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

PRO/2723/ADV/2024-25

हस्ता./-
कार्य. अभि. मैक. (दक्षिण)

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद फिर खिताबी मैच में होंगे आमने-सामने

**दुबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। 25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी।



## आठ दिन के भीतर दूसरी बार होगा सामना

भारत और न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में शामिल थी। भारत ने ग्रुप चरण के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को हराया था और अब आठ दिन के अंतर दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें दो बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ी हैं। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला गया था। बारिश के कारण छह दिनों तक चले इस खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम भारत पर भारी पड़ी थी और कीवियों ने भारतीय टीम को आठ विकेट से हराया था।

## 25 साल पहले कीवियों ने तोड़ा था भारत का सपना

आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी में खेली थीं। न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था। उस मैच में सौरव गांगुली की अगुआई वाली भारतीय टीम ने गांगुली के 117 रन और सचिन तेंदुलकर के 69 रनों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट पर 264 रन बनाए थे। जवाब में फ्लेमिंग की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया था। कीवी टीम के लिए कार्न्स ने 113 गेंदों पर नाबाद 102 रन बनाए थे और भारत के मुंह से जीत छीन ली थी।

## न्यूजीलैंड को लंबे समय से आईसीसी खिताब का इंतजार

इसके बाद से न्यूजीलैंड ने कभी आईसीसी के सफेद गेंद प्रारूप का टूर्नामेंट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड की टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची, लेकिन दोनों ही बार उसे हार का सामना करना पड़ा। अब उसका सामना एक और फाइनल में रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से होगा जो टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए खिताबी मुकाबले में पहुंची है। गत दो मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर मुकाबला हुआ था जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 250 रनों का लक्ष्य रखा था।

# गोल्डन बैट के लिए रचिन रविंद्र और विराट कोहली में टक्कर



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के तहत भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाना है। सबकी नजरें टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज पर होगी जिसे गोल्डन बैट मिलेगा। अवॉर्ड के लिए रचिन रवींद्र और विराट कोहली के बीच टक्कर है। इसी तरह गोल्डन बॉल के लिए मैट हैनरी और शमी आमने-सामने हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के टॉप स्कोरर

- 227 रन : बेन डकेट, इंग्लैंड
- 226 रन : रचिन रवींद्र, न्यूजीलैंड
- 225 रन : जो रूट, इंग्लैंड
- 217 रन : विराट कोहली, भारत
- 216 रन : इब्रहिम जादरान, अफगानिस्तान
- इस लिस्ट में 195 रन बनाकर श्रेयस अय्यर छठे स्थान पर बने हुए हैं। अगर वह ग्रुप स्टेज की तरह फाइनल में भी अच्छी पारी खेलने में सफल रहे तो वह भी गोल्डन बैट के दावेदार हो सकते हैं। लेकिन सबकी नजरें विराट कोहली पर होंगी।

### बेस्ट स्ट्राइक रेट में फिलिप्स आगे

टूर्नामेंट में ग्लेन फिलिप्स ने फील्डिंग के अलावा बल्ले से भी अपना जलवा दिखाया है। उन्होंने चार मैचों में 143 रन बनाए है लेकिन उनकी स्ट्राइक रेट (140.20) इस वक्त सबसे ज्यादा है। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर (139.08) का नाम आता है। ऑस्ट्रेलिया के जोश इंग्लिस (133.67) भी इस लिस्ट में हैं। फिलहाल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में उमरजजई पहले नंबर पर चल रहे हैं जिन्होंने तीन मैचों में आठ छक्के लगाए हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के टॉप विकेट टेकर

- 10 विकेट : मैट हैनरी, न्यूजीलैंड
- 8 विकेट : मोहम्मद शमी, भारत
- 7 विकेट : वरुण चक्रवर्ती, भारत
- 7 विकेट : मिचेल सेंटनर, न्यूजीलैंड
- 7 विकेट : बेन द्वारशुइस, ऑस्ट्रेलिया

### हेड-टू-हेड रिकॉर्ड (वनडे)

- कुल खेले गए मैचः 120
- भारत जीताः 62
- न्यूजीलैंड की जीतः 50
- टाई : 1
- कोई परिणाम नहींः 7

# आईपीएल 2025 के शेड्यूल में होगा बदलाव !



## शिफ्ट हो सकता कोलकाता बनाम लखनऊ मैच

**नई दिल्ली।** आईपीएल का 18वां संस्करण 22 मार्च से शुरू होगा। टूर्नामेंट का पहला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच ईडन गार्डन स्टेडियम पर होगा। ये कोलकाता का होम ग्राउंड है। बीसीसीआई पूरे शेड्यूल, हर मैच की डिटेल जारी कर चुका है। लेकिन अब खबर आ रही है कि ईडन गार्डन पर छह अप्रैल होने वाले कोलकाता बनाम लखनऊ मैच को शिफ्ट किया जा सकता है। इसके पीछे की बड़ी वजह भी सामने आ रही है। कोलकाता नाइट राइडर्स टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन बनकर उतरेगा। उसने श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पिछले साल आईपीएल खिताब जीता था। हालांकि अय्यर इस बार टीम में नहीं हैं। केकेआर ने अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान बनाया है। सभी टीमों का शेड्यूल आ चुका है।

### सुरक्षा चिंताओं को देख कर मैच हो सकता रिशेड्यूल

छह अप्रैल को राम नवमी मनाई जाएगी, जो हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। इस त्यौहार में कोलकाता में बड़े पैमाने पर जुलूस निकाले जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता पुलिस ने मैच और एक साथ होने वाले धार्मिक आयोजनों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने पर चिंता व्यक्त की है। यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल को इस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ा है। 2024 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ केकेआर के मैच को इसी तरह की चिंताओं के कारण रिशेड्यूल करना पड़ा था।

### बीसीसीआई और सीएबी ढूंढ रहे हैं समाधान

रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (CAB) ने मदद के लिए पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास से संपर्क किया है. उन्होंने आश्वासन दिया है कि संभावित समाधान तलाशने के लिए पुलिस के साथ चर्चा की जाएगी. वेन्यू बदलने या तारीख बदलने पर विचार किया जा सकता है, लेकिन कोई भी विकल्प सीधा नहीं है.

# खेलो इंडिया पैरा खेल की शुरुआत 20 मार्च से



**नई दिल्ली करेगा मेजबानी, 1230 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया पैरा खेलों (केआईपीजी) के दूसरे चरण की शुरुआत 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में होगी। इन खेलों में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित करीब 1230 पैरा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें से कई पैरा एथलीट 2024 पेरिस पैरालंपिक और चीन के हांग्झोउ में 2022 एशियाई पैरा खेलों के पदक विजेता हैं। ये छह स्पर्धाओं पैरा तीरंदाजी, पैरा एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा पावरलिफ्टिंग, पैरा निशानेबाजी और पैरा टेबल टेनिस में प्रतिस्पर्धा करेंगे। पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग की मेजबानी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम करेगा, जबकि आईजी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। केआईपीजी 2025 में प्रतिस्पर्धा करने वाले प्रमुख पैरा खिलाड़ियों में पेरिस पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर सिंह (तीरंदाजी), धरमबीर (क्लब थ्रो) और प्रवीण कुमार (ऊंची कूद) शामिल हैं। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, हमारे पैरा खिलाड़ियों की उन्नति बड़े पैमाने पर खिलाड़ियों के लिए बड़ी प्रेरणा है। 'हम कर सकते हैं' का रवैया वास्तव में प्रेरक है और मुझे यकीन है कि हम आगामी खेलो इंडिया पैरा खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन देखेंगे।

**प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट**

# भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने हासिल की एकल बढ़त



**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सातवें दौर में काले मोहरे से खेलते हुए नीदरलैंड के अनीश गिरी को मात दी और एकल बढ़त हासिल करने में सफल रहे। अरविंद ने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। अरविंद ने गिरी के खिलाफ 24वीं चाल में अपने घोड़े के दम पर बढ़त बनाई और आखिर में 39वीं चाल में जीत हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम लिखवाया। अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से लाइव रेटिंग में शीर्ष 15 में अब कम से कम पांच भारतीय शामिल हो गए हैं। विश्वनाथन आनंद 15वें नंबर पर हैं। अरविंद ने पहली बार शीर्ष 15 में प्रवेश किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट से पहले खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई यी के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात में से अपने अंकों की संख्या पांच कर ली है और अब वह प्रज्ञानंद से आधे अंक की बढ़त पर हैं।

# मनोरंजन

# 'गदर 2' का रिकॉर्ड तोड़ने से कुछ कदम दूर विक्की कौशल की फिल्म 'छावा'

विक्की कौशल की 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कलेक्शन जारी रखा है, जिसके चलते वह अब एक्टर की नंबर वन फिल्म बन गई है। लेकिन अभी 'छावा' नए रिकॉर्ड ब्रेक करने की ओर बढ़ती हुई नजर आ रही है। दरअसल, 'छावा' की जितनी रफ्तार है वह जल्द ही सनी देओल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गदर 2' का रिकॉर्ड तोड़ देगी, जिसका आंकड़ा वर्ल्डवाइड 691.08 करोड़ का है। वहीं छावा की बात करें तो 20 दिनों में फिल्म ने 650 करोड़ की कमाई हासिल दुनियाभर में कर ली है। इसके चलते 'गदर 2' के रिकॉर्ड तोड़ने से फिल्म 42 करोड़ पीछे है, जो कि 'सिकंदर' की रिलीज से पहले वसूलने की उम्मीद है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 'छावा' ने पहले दिन 31 करोड़ की ओपनिंग फिल्म ने की थी। दूसरे दिन 37 करोड़, तीसरे दिन 48.5 करोड़, चौथे दिन 24 करोड़, पांचवे दिन 25.25 करोड़, छठे दिन 32 करोड़ और सातवें दिन 21.5 करोड़ की कमाई फिल्म ने हासिल की, जिसके बाद पहले हफ्ते का कलेक्शन 219.25 करोड़ हुआ। वहीं आठवें दिन फिल्म ने 23.5 और नौंवे दिन 44 करोड़, 10वें दिन 40 करोड़, 11वें दिन 18 करोड़, 12वें दिन 18.5 करोड़, 13वें दिन 23 करोड़, 14वें दिन 13.25 करोड़, 15वें दिन 13 करोड़, 16वें दिन 22 करोड़, 17वें दिन 24.25 करोड़, 18वें दिन 7.75 करोड़, 19वें दिन 5.4 करोड़ और 20वें दिन 5.75 करोड़ की कमाई फिल्म ने हासिल की है।



# एक बार ताजमहल गए हैं शाहरुख खान !

बॉलीवुड इंडस्ट्री में किंग खान का टैग हासिल कर चुके शाहरुख खान आज दुनिया के सबसे अमीर एक्टरों में गिने जाते हैं, न सिर्फ भारत में बल्कि दुबई और कई देशों में उनकी करोड़ों की प्रॉपर्टी हैं। लेकिन एक दौर ऐसा था जब शाहरुख खान को गुजारा करने के लिए टिकट बेचने का काम भी करना पड़ा था और जब उन्हें अपनी पहली तनख्वाह मिली तो इससे शाहरुख खान ने क्या किया? एक वीडियो में उन्होंने बताया कि जब उन्हें 50 सैलरी मिली, तो वह सीधे ताजमहल देखने पहुंचे, लेकिन उसके बाद उनकी जो हालत हुई वह आगरा से दिल्ली तक केवल उल्टी करते हुए आएं। इंस्टाग्राम पर srkw0rld।_ नाम से बने पेज पर एक रियालिटी डांस शो का वीडियो शेयर किया गया हैं। इसमें शाहरुख खान अपनी ताजमहल की स्टोरी बताते नजर आ रहे हैं, उन्होंने कहा कि मैं अपने जीवन में केवल एक ही बार ताजमहल गया हूं। उन्होंने बताया कि मुझे एक म्यूजिकल शो में टार्च लेकर लोगों को उनकी सीट पर बैठाना था, इसके लिए मुझे 50 मिले और मैं इन पैसों को लेकर सीधे ताजमहल देखने पहुंच गया।





# मंच छोड़कर दौड़ गए भाईजान

बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान अपनी शानदार एक्टिंग के साथ डांस के लिए जाने जाते हैं। सलमान खान के डांस स्टेप हमेशा कुछ ऐसे होते हैं जिन्हें देखकर लोग उन्हें ट्राई करने की कोशिश करते हैं। सलमान खान की हर फिल्म में एक ऐसा गाना होता है जो वायरल हो जाता है। सलमान खान का गाना मुन्नी बदनाम खूब वायरल हुआ था। वो कई बार स्टेज शोज में भी अपने इस गाने पर डांस भी कर चुके हैं। एक बार उन्होंने सुनील ग्रोवर के साथ इस गाने पर डांस किया था जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। ये डांस वीडियो किसी स्टेज शो का है जिसमें तमन्ना भाटिया और मनीष पॉल भी मुन्नी बदनाम पर डांस कर रहे हैं। सलमान भी गाने का हुक स्टेप करते हैं। उसके बाद सुनील ग्रोवर गुत्थी बनकर वहां आ जाते हैं। जिन्हें देखकर सलमान की हंसी छूट जाती है। वो स्टेप करते हुए हंसने लगते हैं। सलमान और सुनील का ये वीडियो देखने में बहुत मजेदार है। इस वीडियो पर फैंस ढेर सारे कमेंट भी कर रहे हैं। सलमान के वीडियो पर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- क्यूट मुन्नी सलमान खान। वहीं दूसरे ने लिखा- तमन्ना पूरे होश में डांस कर रही है। एक ने लिखा- सलमान सोच रहे हैं क्या करूं मैं इसका। मार भी नहीं सकता प्यार जो करता हूं। कुछ लोग वीडियो पर हंसने वाली इमोजी पोस्ट कर रहे हैं। बता दें ये सलमान खान की फिल्म दबंग का गाना है। जिसमें मलाइका अरोड़ा के साथ सलमान ठुमके लगाते हुए नजर आए थे। वो चुलबुल पांडे के अंदाज में डांस करते नजर आए थे।

# परिणीति ने की पति राघव चड्ढा की तारीफ

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने अपने पति और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की प्रशंसा की। उन्होंने अपने पति को 'इंस्पायरिंग ह्यूमन' बताया। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर राघव का वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इस प्रेरणादायक इंसान पर क्रश है। इसके बाद उन्होंने एक रेड हार्ट इमोजी भी लगाई। दरअसल, राघव को वीडियो में प्रतिष्ठित हार्वर्ड केनेडी स्कूल (एचकेएस) एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किए जाने पर अपनी खुशी व्यक्त की। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चुने जाने पर गर्व है और इस अवसर के लिए मैं हार्वर्ड के साथ-साथ विश्व आर्थिक मंच का भी बहुत आभारी हूं। यह वैश्विक नेतृत्व में अपनी शिक्षा को बढ़ाने और शासन, सार्वजनिक मामलों और सार्वजनिक नीति में कुछ प्रतिभाशाली लोगों के साथ जुड़ने के दौरान नीति निर्माण में कौशल हासिल करने का एक अनूठा अवसर है। यह वास्तव में मेरे लिए 'बैक टू स्कूल' वाला एक पल है और मैं नए दृष्टिकोण प्राप्त करने के लिए उत्सुक हूं जो भारत के नीति निर्माण परिदृश्य में योगदान देगा। राघव ने भारत के नीतिगत ढांचे में इस सबक को शामिल करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मैं भारत में नीति निर्णयों को बेहतर बनाने के लिए मूल्यवान वैश्विक दृष्टिकोण लाने के लिए उत्सुक हूं। दुनिया आपस में जुड़ी हुई है और शीर्ष नीति निर्माताओं तथा विशेषज्ञों से सीखने से हमें नए और बेहतर समाधान बनाने में मदद मिलेगी- जो न केवल भारत को प्रभावित करते हैं, बल्कि पूरी दुनिया को भी प्रभावित करते हैं। चड्ढा को इससे पहले विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की ओर से यंग ग्लोबल लीडर के रूप में मान्यता दी गई थी।





# कैटरीना कैफ ने किया ससुराल 'गेंदा फूल गाने' पर डांस

एक्ट्रेस कैटरीना कैफ कौशल फैमिली की परफेक्ट बहू हैं। हाल ही में अदाकारा महाकुंभ में अपनी सासूमां वीना कौशल के साथ पहुंची थीं, जिसके वीडियो और तस्वीरें की चर्चा अभी खत्म नहीं हुई थी कि अब कैटरीना कैफ का डांस वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह ससुराल गेंदा फूल गाने पर डांस करते हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, हाल ही में कैटरीना कैफ एक वेडिंग में पहुंचीं थीं। जहां उन्होंने अपनी देसी साइड दिखाते हुए 'दिल्ली 6' के गाने ससुराल गेंदा फूल के गाने पर आदर्श बहू का फर्ज निभाते हुए हुकस्टेप करती हुई नजर आईं। वीडियो में ब्लू कलर के स्लीवलेस लहंगा चोली में न्यूड मेकअप के साथ शादी में ससुराल गेंदा फूल गाने के हुकस्टेप पर डांस करती हुई नजर आ रही हैं। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि यह गाना छत्तीसगढ़ का फेमस फोक सॉन्ग है, जो अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर की 'दिल्ली 6' में एआर रहमान द्वारा अडेप्ट करने के बाद फेमस हो गया।

कैटरीना कैफ के इस वायरल डांस वीडियो को देखने के बाद लोगों ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत। दूसरे यूजर ने लिखा, इस उम्र में भी क्यूटी हैं। तीसरे यूजर ने लिखा, वह सुपर क्यूट लग रही हैं। चौथे यूजर ने लिखा, वह क्यूट डॉल की तरह लग रही हैं। पांचवे यूजर ने लिखा, उनके मूवी में आने का इंतजार बेसब्री से है।

आबूरोड

# ट्रोलर-कार की टक्कर छह की मौत, एक घायल

## अहमदाबाद से जालोर जा रहे थे कार में सवार लोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** फोरलेन पर गुरुवार तड़के विनायक पेट्रोल पंप के पास कार ट्रोलर से टकरा गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार एक महिला व दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अहमदाबाद से जालोर जा रही कार सुबह करीब साढ़े तीन बजे ट्रोलर से टकरा गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी की कार के पर परखच्चे उड़ गए। तेज धमाके के साथ हुई दुर्घटना के चलते आसपास के रहवासी मौके पर पहुंचे। लोगों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन, सफल नहीं हुए। सदर पुलिस व 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। जिस पर 108 एंबुलेंस पायलट राजेश कुमार व सदर पुलिस मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद लोगों के सहयोग से कार में फंसे मृतकों के के शव को बाहर निकाल गया। मृतकों के शव को मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं घायल महिला दरियादेवी पत्नी पुखराज प्रजापत को गंभीरवस्था में आकराभट्टा स्थित उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। लेकिन, उसकी हालत चिंताजनक होने पर उसे उपचार के लिए सिरोही रेफर कर दिया गया। सिरोही पीएमओ डा वीरेंद्र महात्मा के अनुसार दरियादेवी की स्थिति गंभीर होने पर उसे सिरोही से भी उदयपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रोलर चालक की तलाश शुरु कर दी।





### दुर्घटना में इनकी हुई मौत

हादसे में जालोर के कुम्हारों का वास निवासी नारायणलाल पुत्र नरसाराम प्रजापत, पोशीदेवी पत्नी नारायण प्रजापत, दुष्यंत पुत्र नारायण प्रजापत, कार चालक कालूराम पुत्र प्रकाशकुमार, यश पुत्र कालूराम, जयदीप पुत्र पुखराज प्रजापत की मौत हो गई।

### कलेक्टर-एसपी पहुंचे मोर्चरी

हादसे की सूचना पर जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, एसपी अनिलकुमार मोर्चरी पहुंचे। हताहतों के परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं आबूरोड उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा, देलदर तहसीलदार डूंगर पुरोहित, सदर थाने के उप निरीक्षक गोकुलराम भी मोर्चरी पहुंचे। डॉ.भरत बामनिया व डॉ. रौनक माथुर ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई को अंजाम दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किए गए।

# राजीव गांधी पर टिप्पणी से मचा बवाल

## गहलोत ने अय्यर को बताया 'सिरफिरा'

**जयपुर।** गहलोत ने अय्यर के बयान को हताशा की पराकाष्ठा बताया और कहा कि राजीव गांधी ने भारत की प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर बढ़ाया। भाजपा ने इस बयान को सोशल मीडिया पर वायरल कर कांग्रेस को घेरा। अय्यर की टिप्पणी से कांग्रेस के अंदर विवाद गहराने की संभावना जताई जा रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने गुरुवार को अपनी ही पार्टी के नेता मणि शंकर अय्यर पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें "सिरफिरा" (पागल व्यक्ति) करार दिया। अय्यर ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा था कि वह अकादमिक रूप से संघर्ष कर रहे थे और एक एयरलाइन पायलट होने के बावजूद प्रधानमंत्री कैसे बन सकते थे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अय्यर के बयान को हताशा भरा बताया।



### अमित मालवीय ने शेयर किया था वीडियो

- अय्यर का यह विवादित बयान भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया गया था, जिसमें अय्यर को यह कहते सुना गया कि "राजीव गांधी इंग्लैंड में दो बार फेल हुए, फिर भी प्रधानमंत्री कैसे बन गए?" इस बयान पर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए तंज कसा। गहलोत ने अय्यर की टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए इसे निंदनीय बताया। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता द्वारा अपनी ही पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री पर सवाल उठाने से पार्टी के अंदर विवाद गहराने की संभावना जताई जा रही है।

# भजनलाल सरकार का महिलाओं को तोहफा

## महिला दिवस पर बसों में नहीं लगेगा टिकट



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को भजनलाल सरकार सूबे की महिलाओं और बालिकाओं को राजस्थान रोडवेज में फ्री बस यात्रा का तोहफा देगी। इसके तहत महिलाएं और बालिकाएं 8 मार्च को राजस्थान प्रदेश सीमा के भीतर राजस्थान रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। इस संबंध में रोडवेज अध्यक्ष शुभ्रा सिंह के निर्देश पर फ्री यात्रा के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं महिलाएं इस दिन पर्यटक स्थलों पर भी फ्री सैर कर सकेंगी। रोडवेज के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाएं और बालिकाएं राजस्थान रोडवेज की सभी साधारण और एक्सप्रेस बसों (एसी और वोल्वो बसों को छोड़कर) में राज्य की सीमा के भीतर यात्रा कर सकेंगी। यह छूट सभी महिलाओं और बालिकाओं को 8 मार्च को रात 12:00 बजे से रात 11:59 बजे तक के लिए मिलेगी। शर्मा ने बताया कि राज्य की सीमा का मतलब है कि अगर कोई महिला जयपुर से दिल्ली राजस्थान रोडवेज में यात्रा कर रही है तो जयपुर से राजस्थान प्रदेश के अंतिम बस स्टॉप तक वह यात्रा मुफ्त होगी। राजस्थान की सीमा से बाहर निकलते ही दिल्ली तक का टिकट लेना पड़ेगा। यह छूट केवल और केवल प्रदेश के भीतर ही मिलेगी।

# सहकारी समितियों का ढांचा मजबूत करेगी सरकार

**जयपुर।** भजनलाल सरकार ने राजस्थान में बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना के मापदंडों में बड़ा बदलाव कर दिया है। इससे अब नए जीएसएस के गठन में काफी आसानी होगी। अब न्यूनतम सदस्य संख्या 300 के स्थान पर 150 और न्यूनतम हिस्सा राशि 3 लाख रुपये के स्थान पर 1.50 लाख रुपये होगी। नए नियमों से अब छोटे-छोटे गांवों में भी सहकारी समितियों का मजबूत ढांचा खड़ा हो सकेगा। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि प्रदेश में बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना के मापदंडों को सरल कर दिया गया है। मापदंडों में रियायत बरते जाने से राज्य में नए जीएसएस के गठन में आसानी होगी। दक ने बताया कि अब ग्राम सेवा सहकारी समिति की स्थापना के लिए नये मापदण्डों के अनुसार अब सामान्य क्षेत्रों में सदस्यों से न्यूनतम अमानत राशि 1 लाख रुपये के स्थान पर 75 हजार रुपये और अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में अमानत राशि 75 हजार रुपये के स्थान पर 50 हजार रुपये होगी। समिति गठन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी। किसानों को संबल प्रदान करने में ग्राम सेवा सहकारी समितियों की भूमिका काफी अहम होती है। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2025-26 में आगामी 2 वर्षों में शेष रहे 2500 से अधिक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन की घोषणा की थी।

हरियाणा में कई परिवारों का फर्जीवाड़ा

# तलाकशुदा बता, ले रहें सरकारी सुविधाएं




## छह हजार जोड़ों ने लगाएं फर्जी कागजात

## तीन आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा में फर्जीवाड़े का एक नया मामला सामने आया है। यह फर्जीवाड़ा गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं को लेने के लिए किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से लागू परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में छेड़छाड़ कर बीपीएल श्रेणी के लिए तय सालाना आय 1.80 लाख रुपए से कम दिखाई जा रही है। इस फर्जीवाड़े का खुलासा पिछले साल नवंबर में हुआ था। झज्जर पुलिस ने 30 नवंबर 2024 के इस मामले में फर्जीवाड़े को अंजाम देने वालों के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की कोर्ट में चालान पेश किया है।

### शिकायतकर्ता ने ही किया फर्जीवाड़ा

- पुलिस के अनुसार, करीब छह हजार जोड़ों ने तलाक के फर्जी कागजात लगाकर परिवार पहचान पत्र में परिवार विभाजित करा लिया। मामले की जांच की गई तो इसमें पता चला कि शिकायतकर्ता योगेश ने ही अपने दोस्तों विकास और अमित के साथ मिलकर पीपीपी में बदलाव किए थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में दो अन्य आरोपियों गीता और सिकंदर के नाम सामने आने पर उन्हें भी गिरफ्तार किया गया।

### 12 हजार परिवार पत्रों में बदलाव

- जांच में पता चला कि हरियाणा के करीब 12 हजार परिवार पत्रों में बदलाव किए गए हैं। मामले सामने आने के बाद जांच तेज हो गई है। अब पीपीपी छेड़छाड़ केस में कई अन्य लोग भी रडार पर हैं। इनमें एसएससी संचालक के अलावा क्रीड पंचायत लेवल ऑपरेटर, लोकल कमेटी लेवल ऑपरेटर भी शामिल हैं।

# करदाताओं के पास 29 हजार करोड़ की विदेशी संपत्ति

**नई दिल्ली।** भारत ने हाल ही में अपने टैक्सपेयर्स को विदेशी संपत्ति और अपने इनकम की घोषणा करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया था। इसके तहत, 30,161 टैक्सपेयर्स ने 29,208 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी संपत्ति और 1,089.88 करोड़ रुपए की अतिरिक्त विदेशी इनकम की घोषणा की है। यह अभियान केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा चलाया गया था, जिसका उद्देश्य टैक्सपेयर्स को विदेशी संपत्ति और इनकम की सही घोषणा करने के लिए प्रेरित करना था। भारत ने कॉमन रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड के तहत विदेशी खातों और इनकम की जानकारी प्राप्त करना शुरू कर दिया था। इसके तहत, 125 से अधिक देशों ने अपने यहां के अकाउंट होल्डर्स की वित्तीय जानकारी भारत के साथ साझा की है।

**1,089 .88 करोड़ की अतिरिक्त विदेशी इनकम की घोषणा**

# निर्धारित हो हज यात्रा का हवाई किराया : सुप्रीम कोर्ट



- याचिकाकर्ता किराए की जानकारी सरकार को दें
- कालीकट से जेद्दा का किराया एक लाख रुपए

**नई दिल्ली।** हज यात्रा के लिए हवाई किराया तय किए जाने को लेकर सवाल उठाने वाली याचिका में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता सरकार के समक्ष रिप्रेजेंटेशन दे। एक हफ्ते के भीतर सक्षम प्राधिकार उस पर फैसला लेकर इसकी जानकारी सार्वजनिक करें। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि शिकायत में यह बताया गया है कि जहां हवाई किराया 86,000-85,000 रुपए लिया जाता है, वहीं कालीकट से जेद्दा तक यात्रा करने वालों से एक लाख रुपए लिया जाता है। जो कि बिल्कुल ही मनमाने तौर पर लिया जा रहा है। यह अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की ओर से तय किया गया है। इस अदालत के लिए किसी नीतिगत निर्णय पर कोई राय व्यक्त करना विवेकपूर्ण नहीं है। लेकिन, इसे अस्वीकार कर दिया गया तो इस अदालत का कोई भी दृष्टिकोण हज यात्रा के लिए प्रतिकूल होगा और इससे उन्हें कठिनाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एएसजी नटराज का कहना है कि दिए गए रिप्रेजेंटेशन की जांच की जाएगी और फैसले के कारणों को साइट पर अपलोड किया जाएगा। ताकि, यह दिखाया जा सके कि कालीकट-जेद्दा यात्रा केरल के अन्य यात्रा बिंदुओं की तुलना में अधिक महंगी क्यों है। एक सप्ताह के भीतर इस पर फैसला लिया जाए।

रायपुर में भीषण सड़क हादसा

# ट्रक-कार की टक्कर में पांच की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के तहत नेशनल हाइवे 53 पर ट्रक और कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। इस हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। घटना उमरिया के मयूर कॉलेज के पास हुआ। यह घटना मंदिर हसौद थाने क्षेत्र की है। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की सहायता से शवों को बाहर निकाला गया। इस भीषण सड़क हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। शव के क्षत-विक्षत होने से अभी तक मृतकों की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि कार के टायर फटने से यह घटना घटी।

### हादसे के बाद हाइवे पर लगा जाम

- हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया। जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाला। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टायर फटने पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर तोडकर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। मौके पर रायपुर एएसपी ग्रामीण समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में लगी है। मृतकों की शिनाख्त की कार्रवाई जारी है।

मुरादाबाद में युवती से गैंगरेप

# तेजाब से ॐ के टैटू को मिटाया, जबरन खिलाया बीफ



**लखनऊ।** यूपी के मुरादाबाद में बर्बरता की हदें पार कर दी गईं। यहां भगतपुर थाना क्षेत्र में दो माह पहले बाजार गई नाबालिग लड़की को कर सवार 4 युवकों ने अगवा कर लिया। आरोपियों ने एक घर में बंधक बनाकर पीड़िता के साथ गैंगरेप किया। उसे खाने में बीफ दिया और हाथ पर बना ॐ का टैटू तेजाब डाल कर मिटा दिया। मामले में पीड़िता की चाची की तहरीर पर पुलिस ने 4 नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सलमान नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना भगतपुर के एक गांव निवासी महिला के अनुसार, दो जनवरी को उसकी 14 वर्षीय नाबालिग भतीजी कपड़े सिलवाने के लिए बाजार वाले रास्ते से टेलर की दुकान पर जा रही थी। आरोप है कि बाजार के पास उन्हीं के गांव के चार युवक कार लिए रास्ते मे खड़े थे। चारों आरोपी खींच करके उसकी भतीजी को अपनी कार मे डाल कर अगवा कर लिए। आरोप है कि आरोपी उसे एक कमरे पर ले गये व नशीला पदार्थ देकर गैंगरेप किया। आरोपियों ने लड़की को काफी प्रताड़ित किया। इतना ही नहीं भूख लगने पर उसे जबरन बीफ भी खिलाया। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसकी भतीजी के हाथ पर बना ॐ का चिह्न भी तेजाब डाल कर मिटा दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि भतीजी के गायब होने के बाद से ही वे उसकी तलाश कर रहे थे। करीब दो माह बाद 2 मार्च को किशोरी बदहवास हालात में अपने घर पहुंची और परिजनों से आपबीती सुनाई। जिसके बाद परिजनों ने आरोपीयों के विरुद्ध भगतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# विनेश फोगाट के घर गूंजेगी किलकारी



- शादी के 7 साल बाद बनेंगी मां

**नई दिल्ली।** दिग्गज रेसलर और हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बनने वाली हैं। विनेश ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह खुशखबरी अपने फैंस से साझा की है। विनेश ने साल 2018 में सोमवीर राठी से शादी रचाई थी। सोमवीर भी पेशे से पहलवान हैं। पेरिस ओलंपिक्स 2024 की निराशा के बाद विनेश फोगाट ने कुश्ती से संन्यास ले लिया था। शादी के सात साल बाद वह मां बनने वाली हैं। विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पर अपनी और पति सोमवीर राठी की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा-हमारी प्रेम कहानी जारी है, जिसमें अब एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है।

### कुश्ती से संन्यास ले राजनीति में उतरी

पेरिस ओलंपिक्स 2024 से विनेश फोगाट को डिसक्वालीफाई कर दिया गया था क्योंकि फाइनल मैच से ठीक पहले उनका वजन तय लिमिट से 100 ग्राम कम पाया गया था। भारत लौटने के बाद उन्होंने कुश्ती छोड़ने का फैसला कर सबको चौंका दिया था। इसके बाद विनेश राजनीति में उतरी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी जॉइन की और 2024 हरियाणा विधानसभा चुनाव में जुलाना सीट से जीत हासिल की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कैप्टन योगेश बैरागी को कड़े मुकाबले में 6005 वोटों से मात दी थी।

# महाराष्ट्र सरकार की मीडिया पर नजर

## मॉनिटरिंग सेल के लिए 10 करोड़ का बजट



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने बीते बुधवार को एक सरकारी प्रस्ताव (रेजोल्यूशन) सार्वजनिक किया। इसके मुताबिक, सरकार ने एक मीडिया मॉनिटरिंग केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। जिसकी अनुमानित लागत 10 करोड़ रूपये रखी गई है। यह सेंटर राज्य सरकार से संबंधित समाचारों की कवरेज की निगरानी करेगा। इस केंद्र को स्थापित करने का उद्देश्य राज्य सरकार से संबंधित नकारात्मक या भ्रामक समाचार के प्रसार पर ध्यान देना और कार्रवाई करना है। इसके अलावा सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जनता की प्रतिक्रिया को समझने और उसकी जानकारी देने की भी बात इस केंद्र के जरिए कही जा रही है। इस केंद्र को स्थापित और संचालित करने के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से पेशेवर और निजी परामर्श एजेंसी का चयन किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत सभी प्रिंट और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित सकारात्मक और नकारात्मक समाचारों की एक छत के नीचे निगरानी होगी। इसके लिए एआई की भी सहायता ली जाएगी। साथ ही जिले वार तरीके से मीडिया कवरेज की महीने और हफ्तेभर की रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

# महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 20% घटा

## 92 चीनी मिलों में बंद हुई गन्ना पेराई



**मुंबई।** देश के प्रमुख चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में गन्ना पेराई सत्र अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। चालू सीजन में अभी तक राज्य में 76 लाख टन चीनी का उत्पादन हो चुका है जो पिछले सीजन से करीब 20 फीसदी कम है। गन्ना कम होने के कारण राज्य की 92 मिलों ने अपना परिचालन बंद कर दिया है। जबकि पिछले सीजन में इस समय तक महज 36 चीनी मिलों का परिचालन बंद हुआ था। गन्ने की कमजोर फसल, चीनी रिकवरी दर में गिरावट और एथेनॉल की तरफ झुकाव से राज्य के चीनी उत्पादन में भारी गिरावट होते दिख रही है। महाराष्ट्र चीनी आयुक्तालय के अनुसार तीन मार्च तक महाराष्ट्र में चालू 2024-25 सीजन के लिए चीनी उत्पादन 761.19 लाख क्विंटल हुआ जबकि पिछले सीजन की इसी अवधि के दौरान उत्पादित 951.79 लाख क्विंटल से 20.03 फीसदी कम है। 3 मार्च तक, राज्य भर की मिलों ने 812.17 लाख टन गन्ने की पेराई की है, जबकि पिछले सीजन की इसी अवधि के दौरान 947.78 लाख टन गन्ना की पेराई हुई थी।

### केवल 108 मिलों में गन्ना पेराई

वर्तमान में, 108 मिलें गन्ना पेराई कार्यों में लगी हुई हैं, जबकि राज्य में 92 चीनी मिलों ने अपना परिचालन बंद कर दिया है। इसमें सोलापुर में 40 मिलें, कोल्हापुर में 16 मिलें, पुणे में 10 मिलें, नांदेड़ में 10 मिलें, छत्रपति संभाजीनगर में 10 मिलें और अहिल्यानगर क्षेत्र में 6 मिलें शामिल हैं। पिछले सत्र की समान अवधि के दौरान राज्य में केवल 36 मिलें बंद हुई थीं। राज्य की कुल चीनी रिकवरी दर 9 ।37 फीसदी है, जबकि पिछले सीजन में रिकवरी दर 10 ।04 फीसदी से थी। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, कम पैदावार और बढ़ी हुई पेराई क्षमता के कारण मिलों ने इस सीजन में परिचालन जल्दी बंद कर दिया है। पेराई सत्र शुरू होने में देरी, गन्ने को दूसरी जगह ले जाने और पैदावार में कमी के कारण राज्य में चीनी का उत्पादन पिछले सीजन की तुलना में कम है। देशभर में चीनी उत्पादन 15% घटने का अनुमान है।

### देश के कुल चीनी उत्पादन पर भी पड़ा असर

महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन कम होने का असर देश के कुल उत्पादन पर पड़ने वाला है। इस्मा के मुताबिक 2024-25 सीजन में चीनी उत्पादन 15 फीसदी कम होने की आशंका है। 2024-25 के लिए चीनी उत्पादन अनुमान 272 लाख टन है, जो 2023-24 में उत्पादित 320 लाख टन से लगभग 15 प्रतिशत कम है। भारत में सालाना करीब 280 लाख टन चीनी की खपत होती है।

# आदर्श गौशाल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**भोपाल।** अधिकारियों ने बताया कि मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में गुरुवार दोपहर एक गौशाला में भीषण आग लग गई। अधिकारियों के अनुसार, धान के पुआल से बने एक शेड में लगभग 3 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग तेजी से फैली और जल्द ही बेकाबू हो गई। लाटिपारा इलाके में स्थित यह गौशाला शहर की सबसे बड़ी गौशालाओं में से एक मानी जाती है। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए चार दमकल गाड़ियां तैनात की गईं। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ग्वालियर नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी और उपायुक्त अतिबल सिंह यादव ने कहा, "जैसे ही हमें आग लगने की सूचना मिली, तुरंत दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। बाद में, दो और भेजी गईं, और लगभग एक घंटे के प्रयासों के बाद, आग पर काबू पा लिया गया।" उन्होंने कहा कि धान के पुआल से बना एक शेड पूरी तरह जल गया और पास के एक टिन शेड को गर्मी से नुकसान पहुंचा। यादव ने कहा, "प्रारंभिक जांच के अनुसार, आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। गनीमत रही कि किसी के हताहत होने या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। चूंकि प्रभावित क्षेत्र मवेशियों की आवाजाही के लिए प्रतिबंधित था, इसलिए किसी भी जानवर को नुकसान नहीं पहुंचा।"

# महाकुंभ में 30 करोड़ कमाने वाला नाविक हिस्ट्रीशीटर!

## अखिलेश यादव बोले- सच्चाई पता करे सरकार



**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ ने ऑटो चालकों, खान पान की दुकान लगाने वालों से लेकर नाव चलाने वाले लाखों लोगों की जिंदगी बदल दी। ऐसे ही एक नाविक परिवार की सफलता की कहानी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में विधानसभा में सुनाई। जिसे लेकर अब बहस छिड़ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नाविक हिस्ट्रीशीटर/माफिया है। इसे लेकर अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर तंज कसते हुए पूछा कि अगर खबर सही है तो सरकार इसका पता करे और जीएसटी कितना मिला ये भी तो बताएं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर शेयर किया। जिस पर लिखा था, 'महाकुंभ में नाव चलाकर 30 करोड़ कमाने वाला माफिया/हिस्ट्रीशीटर निकला! सीएम योगी ने विधानसभा में तारीफ की थी।' साथ ही इसे लेकर अखिलेश ने योगी सरकार से सवाल भी किया। उन्होंने लिखा, "इस समाचार की सच्चाई की पड़ताल हो। अगर सच में एक परिवार ने महाकुंभ में अकेले 30 करोड़ कमाए हैं, तो जीएसटी कितना मिला ये भी तो बताएं। 'पातालखोजी' पहले पता कर लिया करें फिर महिमामंडन किया करें। पहले ठग से एमओयू कर लिया, अब नामज़द के नाम की सदन में बंद आंखों से तारीफ़ कर दी। अब तो आंखे खोलें। इन्हीं सब वजहों से ही भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।"

### महाकुंभ में नाविकों पर बरसीं लक्ष्मी

नाविकों के एक परिवार के पूरे आयोजन के 30 करोड़ की कमाई की बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। लेकिन जिनके पास एक या दो नाव भी थीं, उन्हें भी इस महाकुंभ के महाआयोजन में खूब कमाने का मौका मिला। लक्ष्मी की ऐसी कृपा हुई कि किसी श्रद्धालु ने एक लाख 60 हजार रुपये दे दिया तो किसी ने स्वर्ण प्रतिमा। इस बात को खुद संगम वीआईपी घाट पर तैनात नाविक भी स्वीकार रहे हैं।